फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 337, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक 16

करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज 15

हादसा टला : बिना ड्राइवर के 78 किमी. तक दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर, एजेंसी

- कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान चल पड़ी मालगाड़ी
- पंजाब में ऊंची बस्सी के पास बोरियां लगाकर रोकी गई

पंजाब में जम्मू-जालंधर रेल खंड पर ऊंची बस्सी (मुकेरिया) के पास बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही एक मालगाड़ी के रुक जाने से रविवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही क्रशर से भरी मालगाड़ी को आज ऊंची बस्सी के पास रोक दिया गया।

मानवरहित ट्रेन ने बिना पायलट के 78 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान मालगाड़ी ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। पंजाब के ऊंची बस्सी के पास रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोका गया। घटना की गहन जांच अभी चल रही है और जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति, हमने बदल दी देश की तस्वीर

द्वारका (गुजरात), एजेंसी

- देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- स्कूबा डाइविंग कर समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन व पूजा-अर्चना भी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने जनसभा में कहा कि मैंने गहरे समंदर के भीतर जाकर प्राचीन द्वारका जी के दर्शन किए जो मेरे लिए एक दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकार में जमकर घोटाले हुए। कहा कि आपने 2014 में मुझे दिल्ली की गद्दी पर बैठाया, जिसके बाद से देश विकास के पथ पर चल पड़ा। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी, आज चारों दिशाओं में निर्माण कार्य चल रहा है।

मोदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारका धाम को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने वो दिन भी देखे हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। जब मैं कहता था कि जिन नदियों में साल भर पानी रहता है, उनका पानी सौराष्ट्र और कच्छ में लाया जाएगा, तो कांग्रेस मेरा मजाक उड़ाती थी, लेकिन आज सौनी योजना ने सौराष्ट्र का भाग्य बदल दिया है। 1300 किमी से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी चौड़ी है कि उसमें से एक कार गुजर सकती है, सैकड़ों गांवों में अब पानी पहुंच गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- स्कूबा डाइविंग के दौरान हुआ दिव्य अनुभव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्कूबा डाइविंग कर द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी इसमें मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिए वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा कि साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था। स्कूबा डाइविंग बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका के मौजूद अवशेषों को देख सकते हैं। मोदी ने बाद में यहां एक सभा को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

ओखा-बेट द्वारका को जोड़ता है सुदर्शन सेतु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले 978.93 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का रविवार को लोकार्पण किया। मोदी ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' के संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले इस सुदर्शन सेतु को आम लोगों के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर उन्होंने विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे।

एक नजर

सीएम करेंगे एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण

कानपुर। साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह द्वारा स्थापित किए गए एम्युनेशन कांप्लेक्स का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय उद्घाटन करेंगे। वे 3.45 बजे साढ़ स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से 4.50 बजे रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री और सेनाध्यक्ष यहां बनने वाले उत्पादों की जानकारी लेंगे। यह एशिया का सबसे बड़ा एन्युमेशन कॉम्प्लेक्स होगा। डिफेंस कॉरिडोर में शुरू होने वाली अडाणी समूह की यूनिट सेना में इस्तेमाल किए जाने वाले लघु शस्त्र से लेकर तोप-गोला तक बनाएगी।

हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को किया तलब

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि निरंजन एवं दर्शन हीरानंदानी को केंद्रीय एजेंसी के मुंबई स्थित कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है, लेकिन वे एक अधिकृत प्रतिनिधि के जरिए अपनी प्राथमिक प्रतिक्रिया देने का विकल्प चुन सकते हैं।

वन्यजीव तस्करों पर होगी समन्वित कार्रवाई

नई दिल्ली। भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया ने आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करके और वित्तीय संसाधनों के प्रवाह को रोक कर अपने-अपने क्षेत्रों में वन्यजीव तस्करी के सरगनाओं के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की योजना बनाई है। हाल ही में यहां सीबीआई और इंटरपोल द्वारा विदेशी प्रजातियों की तस्करी पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय जांच और विश्लेषणात्मक मामले की बैठक में विशेषज्ञों ने विदेशी प्रजातियों को एक से दूसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले चार महत्वपूर्ण मार्गों पर विचार-विमर्श किया।

युवाओं के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप, दोषी घर के रहेंगे न घाट के

पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी बोले, ऐसी कठोर नजीर पेश करेंगे कि लोग याद रखेंगे
- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 18 सौ चयनितों को दिया नियुक्ति पत्र

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।

रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 18 सौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने यहां कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं, इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते हैं। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

इन अभ्यर्थियों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद् में अवर अभियंता पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ. रेनू यादव को। दंत चिकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉपोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इन विभागों में इतने पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी

उप्र. लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1782 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इसमें पावर कॉरपोरेशन के विभिन्न पदों पर 852, दंत चिकित्सक के लिए 141, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए 391, समीक्षा अधिकारी हिंदी/उर्दू (सचिवालय) के लिए 14, सहायक अभियोजन अधिकारी के 42, अवर अभियंता (आवास विभाग) के लिए 123, अवर अभियंता (सिंचाई) के लिए 210, निरीक्षक (राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज) के लिए 9 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, आठ लोगों की गई जान

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी

विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमनकर्मी।

- जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का मामला
- धमाके से कई मकानों में भी आईं दरारें, 12 मजदूर घायल

> पटाखा फैक्ट्री में भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है और लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।
>
> -भानु भास्कर, एडीजी जोन, प्रयागराज

अमृत विचार : कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके चलते फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजदूर झुलस गए। विस्फोट तेज होने के चलते आसपड़ोस के कई मकानों में भी दरारें आई हैं। सूचना मिलने पर एडीजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली ने अपने घर के पास पटाखा फैक्ट्री लगाई है। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायर वर्क्स के नाम से है। फैक्ट्री में सुबह करीब 11:30 बजे जब 18-20 मजदूर पटाखा बनाने में व्यस्त थे। इसी बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुककर धमाका होता रहा। धमाके की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर और एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत अली और उसके एक बेटे सहित आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल समेत एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में चल रहा है। मृतकों की पहचान शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ, कौशल अली और शराफत अली, शिव नारायण पटेल, शाहिद अली पुत्र शराफत अली, शिवकांत (25) पुत्र राम भवन निवासी अंबहा के रूप में की गई।

सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले 391 आरोपियों को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के साथ ही हरियाणा, दिल्ली और बिहार के रहने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया
- भारी मात्रा में नकदी, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व कूट रचित दस्तावेज बरामद

अमृत विचार : राज्य सरकार ने उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस और एसटीएफ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बड़ी संख्या में संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामला सामने आने पर अभ्यर्थियों के हित में फैसला लेते हुए परीक्षा को रद कर दिया था। साथ ही पुलिस और एसटीएफ को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और एसटीएफ सक्रिय हो गई और विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और एसटीएफ ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में कूट रचित दस्तावेज (आधार कार्ड, प्रवेश पत्र), अंगुल छाप पेपर, पासबुक, चेकबुक, स्टाम्प, स्याही पैड, सिलिकॉन पट्टी समेत नकदी बरामद की है। इसके साथ ही मोबाइल फोन, फर्जी आंसर की, नकल पर्ची, मूल अंकपत्र, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, वॉकी-टॉकी आदि बरामद किया है। पुलिस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश के साथ हरियाणा, बिहार और दिल्ली के आरोपी दबोचे गए हैं। वहीं पुलिस और एसटीएफ के राडार पर कई और गिरोह हैं, जिन पर निगरानी की जा रही है।

सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली मारे गए

कांकेर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में रविवार सुबह तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के तहत भोमरा-हुरतराई गांवों के बीच एक पहाड़ी पर सुबह करीब आठ बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को भोमरा, हुरतराई और मिच्छेबेड़ा गांवों में माओवादियों की कंपनी नंबर 5 के कैडर की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

हम साथ-साथ हैं : आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों दलों में समझौता हुआ, जिसके बाद पहली बार अखिलेश यादव न्याययात्रा में शामिल होने आगरा पहुंचे।

फ्लीट हादसे में दो लोगों की हुई मौत, घायलों से मिले मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की मदद
- अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के पास हुआ पुलिस वाहन से हुआ था हादसा

अमृत विचार : अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के समीप शनिवार देर शाम हुए हादसे में सीएम फ्लीट की एंटी डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुए हादसे में 15 लोग घायल हुए थे। देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा में प्रिया (14) और नीलम (35) ने दम तोड़ दिया। अन्य 13 घायलों का इलाज चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे, मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना प्रकट की और घायलों के परिजनों का ढांढस बंधाया। योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों ने 50 लाख मुआवजा, नौकरी और आवास की मांग की है।

पुलिस के अनुसार मुख्यमंत्री की फ्लीट के बीच आए कुत्ते को बचाने के चलते एंटी डेमो गाड़ी पलट गई थी। हादसे में छह पुलिस कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए थे। इसमें से प्रिया और नीलम की देर रात मौत हो गई। अर्जुनगंज के गयानंद पुरा निवासी संतोष की बेटी प्रिया निजी स्कूल में कक्षा-7 की छात्रा थी जबकि नीलम अर्जुनगंज की रहने वाली थी। दोनों सब्जी लेने घर से निकलीं थीं।

रितेश भाजपा में, बसपा के कई सांसद विकल्प की तलाश में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे : मायावती

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल से बड़ा झटका मिल सकता है। पार्टी के कई सांसद नए विकल्प तलाश रहे हैं। अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे ने पार्टी से इस्तीफा देने के ठीक दो घंटे बाद ही रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं, बसपा के जौनपुर सांसद श्याम सिंह यादव के भी शीघ्र कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। इस बीच पार्टी प्रमुख मायावती ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी कि, बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे हैं।

श्याम सिंह यादव रविवार को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए, बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी से मिले थे। दो सांसद पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को बसपा से निकाल दिया था। वहीं, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी सपा में चले गए हैं। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर के रालोद में शामिल होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। लालगंज से सांसद संगीता आजाद के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

सिंघू और टीकरी सीमा से हटाए अवरोध

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

- सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी के निर्देश
- हरियाणा में विगत दो सप्ताह से निलंबित मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल की गई

किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। दूसरी ओर किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया।

शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं। अवरोधक के कारण लोगों को हर दिन एक किलोमीटर से अधिक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। एक संकरा रास्ता है, जहां से केवल एक ही व्यक्ति जा सकता है। लेकिन अब पुलिस लोगों के लिए बैरियर हटा रही है। दिल्ली पुलिस ने शहर के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभ्यास भी किया।

दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं किसान

दूसरी ओर दिल्ली चलो मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा 13 फरवरी को रोके जाने के बाद से प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक दोनों सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले रहेंगे। दिल्ली चलो मार्च को खनौरी में हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत हो जाने और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने रोक दिया था।

एक नजर

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अभय को दूसरा स्थान

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के युवा धावक अभय चौधरी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करके नेशनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव गौरव ने बताया कि 24 से 25 फरवरी तक सरोजिनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर 20 पुरुष व महिला वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें मुरादाबाद के अभय चौधरी ने 400 मीटर रेस में 49 .94 सेकेंड का समय निकालते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 8 मार्च से 9 मार्च तक सरोजनी नगर स्पोर्ट्स स्टेडियम लखनऊ में होने वाली अंडर 20 नेशनल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। अब वह नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। अभय के इस उपलब्धि पर उनके पिता कुलदीप सिंह समेत मुनेन्द्र सिंह, मनोज शर्मा और सभी खिलाड़ियों ने बधाई दी।

श्रीराम कृष्ण वेद विद्यालय के बच्चों के साथ रोटरी क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

श्रीराम कृष्ण वेद विद्यालय के बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रोटरी क्लब के सदस्यों ने अंतराष्ट्रीय शिक्षा मिशन के अन्तर्गत माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रविवार को कटघर स्थित श्रीराम कृष्ण वेद विद्यालय के बच्चों के लिए अल्पाहार व उनकी शिक्षा के लिए पाठ्य सामग्री का वितरण कर सेवा कार्य किया।

इस अवसर पर वेद विद्यालय के बच्चों ने मंत्रोच्चार कर सभी का अभिवादन किया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन शरमिताभ सिन्हा ने सभी बच्चों को भारत की संस्कृति का गौरव बढ़ाने को प्रेरित किया। कहा कि विद्यालय की सारी शिक्षा वैदिक पद्धति के अनुरूप होती है। यह अनुकरणीय है। इस दौरान आकाश मिश्रा, आरएन. कत्याल, कोषाध्यक्ष राजेश खन्ना, सचिव राजीव सक्सेना, जीत सिंह, सुधीर गुप्ता, अभिनव गुप्ता, अतुल माथुर, कपिल गुप्ता, अजय सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, आशुतोष, सुमन वार्ष्णेय, आदेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

साढ़े 10 घंटे देर से पहुंची कुंभ एक्सप्रेस

मुरादाबाद, अमृत विचार: मौसम बदलने के बाद भी रेल प्रबंधन ट्रेनों की देरी के लिए कोहरे को जिम्मेदार ठहरा रहा है। जबकि इस समय मौसम साफ है और कहीं भी कोहरे की दिक्कत नहीं है। रविवार को कुंभ एक्सप्रेस शाम को 10 घंटा 27 मिनट की देरी से यहां पहुंची जबकि, अवध-असम एक्सप्रेस के यात्रियों को देर शाम तक गाड़ी की प्रतीक्षा करनी पड़ी।

यह ट्रेन 8 घंटा 21 मिनट विलंब से पहुंची। हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस 2 घंटा 54 मिनट, न्यूजलपाईगुड़ी एक्सप्रेस 8 घंटा 20 मिनट, किसान एक्सप्रेस एक घंटा, सियालदह एक्सप्रेस 1 घंटा 54 मिनट, सुपरफास्ट सप्त क्रांति एक्सप्रेस 3 घंटा 5 मिनट प्रभावित रही। राजधानी, जननायक, सियालदह और बीकानेर से अयोध्या तक जाने वाली आस्था स्पेशल भी देरी की शिकार रही। रेल प्रबंधन का कहना है कि कोहरा की वजह से ट्रेनें प्रभावित हो रहीं हैं।

रियल टाइम उपस्थित दर्ज करने की कवायद तेज, विभागीय कार्यों में भी आएगी तेजी

शिक्षामित्र और अनुदेशकों को भी मिलेंगे टैबलेट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में रियल टाइम उपस्थिति जल्द शुरू होगी। इसके लिए स्कूलों की मैपिंग का काम तेजी से चल रहा है। इसके बाद स्कूलों के रजिस्टर डिजिटल हो जाएंगे। ऐसे में अब शिक्षामित्र और अनुदेशकों को भी टैबलेट दिए जाएंगे। जिससे विभाग की ओर से हर विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक की मैपिंग हो सकेगी।

शिक्षा विभाग की ओर से हर विद्यालय को दो टैबलेट दिए गए थे। लेकिन, कुछ विद्यालयों में एकल शिक्षक प्रधानाध्यापक होने के कारण टैबलेट वितरण में दिक्कतें आईं। अब उनका प्रयोग नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण मैपिंग भी नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में महानिदेशक शिक्षा ने बीएसए को आदेश दिए हैं कि एकल विद्यालय में प्रधानाध्यापक के साथ तैनात शिक्षामित्र और अनुदेशकों को भी टैबलेट दिए जाएं। जिससे टैबलेट के माध्यम से छात्रों की उपस्थिति, एमडीएम आदि सभी 12 रजिस्टरों को डिजिटल करने की प्रक्रिया तेजी से की जा सके। इसके अलावा महानिदेशक ने आदेश में कहा है कि शत प्रतिशत टैबलेट वितरण व मैपिंग कर इसकी सूचना पोर्टल पर अपलोड की जाए। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि विद्यालयों में केवल प्रधानाध्यापक अथवा एकल सहायक अध्यापक कार्यरत होने के चलते शिक्षामित्रों को टैबलेट दिए जाने हैं। इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आज निकलेगी लॉटरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश लेने के लिए 26 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। इसके लिए प्रथम चरण में 7100 आवेदन आए हैं। महानगर क्षेत्र से 4900 आवेदन व देहात क्षेत्र से 2200 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आरटीई के तहत 20 जनवरी से प्रथम चरण के लिए आवेदन शुरू हो गए थे। 18 फरवरी तक आवेदन लिए गए थे। इसमें बिलारी से 215, भगतपुर टांडा से 53, ठाकुरद्वारा से 52, मुरादाबाद ग्रामीण से 437, डिलारी से 65, कुंदरकी से 28, मूंढापांडे से 31, बनियाखेड़ा से 2, छजलैट से 46, मुरादाबाद नगर से 4948, नगर पालिका ठाकुरद्वारा से 315, नगर पालिका परिषद बिलारी 485, नगर पंचायत उमरी कलां से एक, नगर पंचायत कुंदरकी से 43, नगर पंचायत कांठ से 20, नगर पंचायत ढकिया से 40, नगर पंचायत पाकबड़ा से 299 व नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर से 20 आवेदन आए। 19 फरवरी से 25 फरवरी से आवेदन पत्रों का बीएसए अजीत कुमार ने सत्यापन किया। 26 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी में नाम निकले बच्चों का 6 मार्च तक प्रवेश कराया जाएगा।

आश्रम पद्धति के छात्रों का होगा यूनिट टेस्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को उसी के अनुरूप पढ़ाया जाएगा। साथ ही, कान्वेंट स्कूल की तर्ज पर उनका यूनिट टेस्ट लिया जाएगा। यूनिट टेस्ट में कमजोर प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए पाठ्यक्रम तैयार करवाया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पाठ्यक्रम के अनुसार ही अब उनको पढ़ाया जाएगा। छात्र और मेधावी बन सकें और बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम दे सकें। नए शैक्षणिक सत्र से पाठ्यक्रम लागू कर दिया जाएगा।

524 बूथों पर 8300 लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

महानगर एवं देहात विधानसभा क्षेत्र में मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी (महानगर) की ओर से 524 बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना गया। इसमें 8300 लोगों ने सहभागिता की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 110वां संस्करण रविवार को था। महानगर में नगर व देहात विधानसभा के 524 बूथों पर 8300 लोगों ने कार्यक्रम सुना। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने देहात विधानसभा के रामगंगा विहार नगर मंडल में केसरी कुंज शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 237 पर बूथ अध्यक्ष विजय वर्मा व अन्य भाजपाइयों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने नगर विधानसभा के बूथ संख्या 102 पर, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने नगर विधानसभा की बूथ संख्या 508, एमएलसी डॉ.जयपाल सिंह व्यस्त ने बूथ संख्या 464 पर, एमएलसी गोपाल अंजान ने 474 पर, महापौर विनोद अग्रवाल ने 158, साध्वी गीता प्रधान ने 468,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते नगर विधायक रितेश गुप्ता व अन्य भाजपाई। ● अमृत विचार

▸▸ रामगंगा विहार नगर मंडल में केसरी कुंज शक्ति केंद्र पर हुआ आयोजन

ब्लॉक प्रमुख मनीष सिंह ने 500 व ब्लाक प्रमुख ठाकुर संतोष सिंह ने बूथ संख्या 78 पर, देहात विधानसभा संयोजक अमित शर्मा ने बूथ संख्या 239, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल ने देहात विधानसभा के बूथ 237, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता ने बूथ संख्या 176 पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

इसके अलावा महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, राजीव गुप्ता, विजय वर्मा, हर्षवर्धन शर्मा, नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव, पार्षद दल के उपनेता सुरेंद्र विश्नोई, प्रिया अग्रवाल, अल्पना रितेश गुप्ता, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, अजय वर्मा, नवदीप टंडन, गिरीश भंडूला, हेमराज सैनी, दिनेश सिसोदिया, राहुल शर्मा, विशाल त्यागी, चंद्र प्रजापति, अजय वर्मा, शमी भटनागर, सुनीता शर्मा, सर्वेश पटेल, नितिन सोनी आदि ने भी मन की बात कार्यक्रम सुना।

मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान को करें प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ देहात विधानसभा क्षेत्र की संचालन समिति की बैठक

अमृत विचार: लोकसभा क्षेत्र के देहात विधानसभा की भाजपा के संचालन समिति की बैठक रविवार को रामगंगा विहार स्थित कार्यालय पर हुई। इसमें मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता रहे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्वगुरु बनाने में लगे हैं। इस साल लोकसभा का चुनाव आने वाले एक हजार वर्षों के लिए मजबूत नींव रखने वाला साबित होगा। हमें तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की जिम्मेदारी सौंपनी है। मुरादाबाद लोकसभा सीट को सर्वाधिक मतों से जीत वाली लोकसभा सीट बनाना हैं। बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों को क्रियाशील बनाए रखना है। 11 सदस्यीय बूथ समिति के ऊपर पूरे बूथ की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी हैं। पन्ना प्रमुख पर 60 मतदाताओं के मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी है। इन्हें मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखना हैं। इसके अलावा लाभार्थियों से संपर्क, वरिष्ठ मतदाताओं से संपर्क, नव मतदाताओं से संपर्क, प्रबुद्ध वर्ग से संपर्क भी रखना है। देहात विधानसभा संयोजक अमित शर्मा ने कहा कि कमजोर बूथों पर विशेष ध्यान देना है। अपना बूथ सबसे मजबूत की रणनीति पर कार्य करना हैं।

बैठक का संचालन मंडल महामंत्री योगेश गुप्ता ने किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, संजय यादव, आलोक सैनी, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, योगेश गुप्ता, विशाल शुक्ला, बंटी सैनी, पिंकू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

रेलवे कपूर कंपनी पुल का तीन हिस्सों में कराएगा निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और इरेक्शन बनेगा कार्य का आधार

अमृत विचार: रेल प्रबंधन कपूर कंपनी पुल निर्माण को लेकर अब कोई सुस्ती बरतने के पक्ष में नहीं है, इसीलिए काम को तीन हिस्सों में बांट दिया गया है। अगस्त-सितंबर तक पुल तैयार करने के उद्देश्य से प्रबंधन कार्य करेगा। लाइनपार क्षेत्र की आबादी को बेहतर सुविधा देने के लिए पैदलगामी पुल बनेगा। इसे हर तरह की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा।

आरंभ में कई बार टेंडर जारी करने के बाद भी में पुल बनाने की एजेंसी तय नहीं हो पाई थी। उधर, रेलवे मुख्यालय से पूछे जाने के बाद 16 फरवरी को निर्माण एजेंसी का टेंडर जारी किया गया, जिसमें चार फर्मों ने काम की दावेदारी की थी। ठेका होने के बाद बिजनौर की एजेंसी ने पुल के खंभे और अन्य कार्य के लिए तैयारी तेज कर दी है। जबकि रेलवे का सिविल इंजीनियरिंग विभाग प्रस्तावित स्थान खाली करने में जुट गया है। यह पुल सात से आठ करोड़ रुपये में बनना है। पिलर और खंभे का आधार बनाने के लिए रेल प्रबंधन ने 1.80 करोड़ रुपये खर्च की सीमा निर्धारित की है।

गर्डर और बाकी हिस्से के निर्माण पर साढ़े पांच करोड़ रुपये खर्च होने हैं। लखनऊ स्थित रेलवे के कारखाने में सीमेंट और लोहे से गर्डर तैयार हो रहा है। समय से पुल बनाने के लिए रेल प्रबंधन ने काम तीन हिस्से में बांट दिया है। डिजाइन बनाने वाली एजेंसी अपना काम कर रही है। मंडल रेल प्रबंधन राज कुमार सिंह का कहना है कि कपूर कंपनी क्षेत्र का पुल हमारी महत्वपूर्ण परियोजना में है। इसे समय से तैयार करना है। इसीलिए कार्य को तीन हिस्से में बांट दिया गया है। कहा, डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और इरेक्शन हमारे कार्य का आधार तय हुआ है। यानी की पुल के नक्शा और स्वरूप का कार्य करने वाली एजेंसी प्रस्ताव को लेकर अपनी भूमिका निभा रही है। गर्डर लखनऊ स्थित विभाग के कारखाना में तैयार हो रहा है, वहां से गर्डर आता जाएगा और उसका मौके पर परीक्षण होता रहेगा। उसके बाद अंतिम चरण में पुल को सीधा किया जाएगा।

मंडलायुक्त ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने रविवार को अपने कार्यालय सभागार में विभिन्न विभागों में नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के चेहरे खिल गए।

मंडलायुक्त ने 24 नव चयनित चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसके अलावा उन्होंने 4 दंत चिकित्सक, विद्युत विभाग में टेक्निकल ग्रेड-2 (टीजी-2) के 17 नव चयनित अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलने पर बधाई देकर अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा

नियुक्ति पत्र के साथ चयनित अभ्यर्थी, मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी।

▸▸ मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

व ईमानदारी से निभाने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. आरके शर्मा ने किया। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ. केके मिश्रा प्रवक्ता (लखनऊ) के अलावा अपर आयुक्त प्रशासन ब्रजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, बिजली विभाग के मुख्य अभियंता, रामपुर और बिजनौर के क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी आदि भी उपस्थित रहे।

पानी की पाइप लाइन फटने से लोग परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला क्षेत्र में प्रगति विहार कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन फट गई। इससे लाइनपार समेत कई कॉलोनियों में लोगों को परेशानी हुई। लोगों ने इंडिया मार्का हैंडपंप का सहारा लिया।

सूचना मिलने पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची, मगर अंधेरा होने के कारण पाइप लाइन का फाल्ट ठीक नहीं किया जा सका। इससे हजारों लीटर पानी सड़कों पर बर्बाद हो गया। पाइप लाइन फटने का कारण जर्जर पानी की लाइन का होना है। प्रेशर ज्यादा होने पर आए दिन पाइप लाइन फटती रहती है। लाइनपार निवासी लोगों ने बताया कि कालोनी में लो प्रेशर की समस्या से काफी समय से जूझ रहे हैं। शनिवार से घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद हो गई। इससे परेशानियों का सामना करना पड़ा। आसपास लगे हैंडपंप के जरिए पीने के लिए पानी जुटाया।

केंद्र ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा व सम्मान दिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से रविवार को नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर एनजीओ सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त और विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत वक्ताओं ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन कर किया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा, सम्मान प्रदान किया। गैस कनेक्शन के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन जैसी

भाजपा महानगर की ओर से बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत सम्मेलन में उपस्थित महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

योजनाओं से महिलाओं के जीवन को सरल बनाया। उनमें सम्मान के साथ आत्मविश्वास की भावना दी। विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान ने कहां कि महिला शक्ति सहायता समूह और एनजीओ बनाकर व एनजीओ के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार एससीए को 90% तक ऋण उपलब्ध करा रही है। महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सम्मान में कई योजनाएं चला रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा और संचालन महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने किया।

इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, अनिल चौधरी, उदयभान सिंह, महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पंडित, सुनीता सैनी, शीतल राजपूत, सुनीता शर्मा, शशि किरण, मदालसा शर्मा, हेमा खत्री, रेनू चौधरी, पूनम चौहान, पूनम सैनी, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, एनजीओ परिवर्तन दि चेंज, उड़ान प्रयास, सीता रसोई, आवाज मेरी प्रेरणा तुम्हारी, उज्जवल नारी बंधन, यश वंडर वूमेन, डायनेमिक समृद्धि चैरिटेबल ट्रस्ट, छू ले आसमान, जियो और जीने दो आदि के अध्यक्ष शामिल रहे।

राजनीति | राहुल व प्रियंका गांधी के आने से लोकसभा चुनाव से पहले बढ़ गया कांग्रेसियों में उत्साह

न्याय यात्रा के राजनीतिक प्रभाव के आंकलन में जुटे दल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले मंडल के जिलों में राजनीतिक दिग्गजों के कार्यक्रम से सियासी तापमान बढ़ गया है। इनके कार्यक्रमों में उमड़ी भीड़ का गुणा गणित लगाया जा रहा है। शनिवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने मुरादाबाद पहुंचे राहुल गांधी के रोड शो में उमड़ी भीड़ ने राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया है। इस भीड़ के राजनीतिक प्रभाव का आंकलन हर दल में हो रहा है।

19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल में कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में आए थे। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। दोनों की उपस्थिति में सभा में जुटी भारी भीड़ ने दूर तक राजनीतिक संदेश दिया। हालांकि कार्यक्रम धार्मिक था। इसके बाद मुरादाबाद में 21 फरवरी को आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की उपस्थिति ने मंडल मुख्यालय पर सरगर्मी बढ़ा दी। शनिवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के जामा मस्जिद से लेकर कोहिनूर तिराहे तक चले रोड शो में उमड़ी हजारों की भीड़ में हर वर्ग की उपस्थिति ने विरोधियों की भी नींद उड़ा दी है। वहीं कांग्रेस ने खुद को मुरादाबाद में अब हल्के में न लेकर इस सीट पर गठबंधन के बाद भी अपनी मजबूत दावेदारी कहीं न कहीं पेश कर दी है। इससे सपा व कांग्रेस के चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वालों में उत्साह और असमंजस दोनों बढ़ गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जहां राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर निशाना साधा तो वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने ससुराल में अपने रिश्तों की दुहाई देकर लोगों से दिली जुड़ाव दिखाया। किसी से हाथ मिलाकर तो किसी को गले लगाकर उन्होंने जो आत्मीयता दिखाई उसका असर दूर तक दिखेगा। यह तय माना जा रहा है। वहीं समाजवादी पार्टी के सीटिंग सांसद का नाम भी सपा की अब तक घोषित सूची में न होने से कांग्रेस के दावेदारों की इच्छा भी हिलोरे मार रही हैं। अब वह इस सीट को अपने खाते में लाने में और दमदारी से जुट कर पार्टी नेतृत्व को अपने पक्ष में लाने में जुट गए हैं।

2009 में मिली थी कांग्रेस को जीत

बात करें लोकसभा चुनाव की तो कांग्रेस को इस सीट पर आखिरी बार 2009 में जीत मिली थी। जब भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन राजनीति के पिच पर चौके-छक्के जड़कर मुरादाबाद की जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीत कर लोकसभा में पहुंचे थे। हालांकि इसके बाद 2014 में यह सीट भाजपा और 2019 में समाजवादी पार्टी के पास चली गई। वर्तमान में मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी के डॉ. एसटी हसन लोकसभा के सांसद हैं।

▸▸ बड़े पदाधिकारियों के अलावा स्थानीय नेता भी जुटे, सपा के साथ आने से बढ़ा जोश

युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

मुरादाबाद, अमृत विचार: आईएफटीएम में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में एंटरप्रेन्योरशिप स्किल, एटीट्यूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट विषय पर कार्यशाला हुई।

विवि के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल विकसित करने से व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस दौरान मुख्य वक्ता एचएससी मैनेजर व ग्लोबल ट्रेनर एवं ऑडिटर विकास कुमार, आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने विकास कुमार का स्वागत किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक केके बंसल, आईआईसी के संयोजक डॉ. अतानु नाग, डॉ. अर्कजा सिंह, आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

आलोक बने भाविप के प्रांतीय अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भारत विकास परिषद रुहेलखंड पश्चिमी प्रांत की कार्यकारिणी का चुनाव, मनोनयन समारोह का आयोजन रविवार को रामलीला ग्राउंड लाजपत नगर में हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वित्त सचिव प्रवीण गर्ग रहे। इसमें आलोक कुमार अग्रवाल को प्रांतीय अध्यक्ष बनाया गया।

प्रांतीय अध्यक्ष पीके अग्रवाल ने सभा में उपस्थित सभी अतिथियों व प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत किया। सभी शाखाओं के अध्यक्ष/सचिव ने रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत की। इसमें प्रांतीय महासचिव डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने प्रांत द्वारा किए गए कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी व रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत की। प्रांतीय वित्त सचिव अजय कट्टा ने प्रांत की

लाजपत नगर में सम्मान समारोह को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

वित्त संबंधी जानकारी सदन के समक्ष प्रस्तुत की। प्रांतीय महिला संयोजिका कविता खुराना ने पूरे वर्ष किए महिला एवं बाल विकास के कार्यक्रम की जानकारी सदन को दी। क्षेत्रीय वित्त सचिव व चुनाव अधिकारी प्रवीण गर्ग ने कार्यकारिणी चुनाव, मनोनयन के बारे में पूरी जानकारी सदन के समक्ष प्रस्तुत की। इसके बाद वर्ष 2024-25 के लिए आलोक कुमार अग्रवाल को प्रांतीय अध्यक्ष, गौरव अग्रवाल को प्रांतीय महासचिव और माधव गुप्ता को प्रांतीय वित्त सचिव के पद पर सर्वसम्मति से मनोनयन की घोषणा की गई। इस दौरान जगन्नाथ चावला, सुधीर कुमार शर्मा, सोम प्रकाश, आलोक गर्ग, महेश कठेरिया, मुकुल बंसल, शरद अग्रवाल, नीरज मित्तल, हरि गोपाल शर्मा, डॉ. एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

शहर में आज

- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में दोपहर 12 :00 बजे।
- साहित्य के सामाजिक सरोकार विषयक गोष्ठी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन कंपनी बाग में दोपहर बाद 3 :30 बजे।

एक नजर

पत्नी को बहला फुसलाकर ले जाने का लगाया आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने साले पर अपनी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के चक्कर की मिलक में रहने वाले मुकेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी लगभग 17 साल पहले थाना मुगलपुरा के लाल बाग में रहने वाली जशोदा से हुई थी। जिससे उसके तीन बच्चे हैं। मुकेश का आरोप है कि उसका साला अमरपाल निवासी अकबरपुर थाना बिलारी उसकी पत्नी जशोदा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अमरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पत्नी को लेने आए युवक को ससुराल वालों ने पीटा

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पत्नी को ससुराल लेने गए युवक के साथ मारपीट की गई। थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार माता मंदिर वाली गली प्रेमनगर निवासी प्रिंस की शादी कटघर क्षेत्र निवासी अर्चना के साथ हुई है। पुलिस को तहरीर देकर प्रिंस ने बताया कि आपसी मनमुटाव के कारण बीते दिनों उसकी पत्नी अर्चना चौहान नाराज होकर मायके चली गई थी। जिसके चलते बीती 22 फरवरी को रात लगभग आठ बजे प्रिंस उसे बुलाने के लिए प्रेमनगर कटघर स्थित ससुराल गया था। प्रिंस के अनुसार वहां पहुंचते ही ससुर संजय कुमार, पत्नी अर्चना, चचिया ससुर रजनीत और राजीव ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। कटघर थाना प्रभारी निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

गाली-गलौज का विरोध करने पर गैराज स्वामी के साथ की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कार्रवाई

- तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ दर्ज की एनसीआर
- पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

अमृत विचार: करूला रहमत नगर निवासी ई रिक्शा गैराज स्वामी नूर आलम की उसी के मोहल्ले में रहने वाले कुछ नशेड़ियों ने शनिवार की देर रात पिटाई कर दी। जिससे नूर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल नूर को उसकी पत्नी बेहोशी की हालत थाना कटघर लेकर पहुंची। जहां पुलिस ने पीड़ित को उपचार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शनिवार की रात 11 बजे नूर आलम पुत्र अतीक अपनी पत्नी यासमीन जहां और अपने बच्चे के साथ घर में लेटा था। उसके घर के दरवाजे पर मोहल्ले का सलीम और अन्य व्यक्ति नशे की हालत में गालियां दे रहे थे। जिस पर नूर आलम ने घर से बाहर आकर सलीम और उसके साथियों से गाली गलौज करने के लिए मना किया तो उन्होंने उसे भी गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर इन लोगों ने नूर आलम को बुरी तरह पीट दिया। नूर आलम के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया। जिससे नूर आलम खून से लथपथ होकर वहीं जमीन पर गिर गया। उसको बेहोश देखकर आरोपी वहां से भाग निकले। घायल हालत में पड़े नूर आलम को उसकी पत्नी थाना कटघर ले गई। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। कटघर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सलीम और उसके चार अज्ञात साथियों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर ली गई है।

जिले में नए मरीजों की खोज व स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग चला रहा अभियान

देश से क्षय रोग उन्मूलन को और दिखानी होगी गंभीरता

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रधानमंत्री के लक्ष्य 2025 तक देश से पूरी तरह क्षय रोग के उन्मूलन के प्रयास को और गंभीरता की जरूरत है। पिछले दो साल के आंकड़े देखें तो मरीजों की संख्या बढ़ी है। वहीं सरकार नये क्षय रोगियों की खोज का अभियान चला रही है जिससे उनकी स्क्रीनिंग और इलाज कर मरीजों को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सके। जिले में इस साल अब तक 1636 क्षयरोगी चिह्नित हुए हैं।

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक देश को क्षयरोग से पूर्ण रूप से मुक्त करने का आह्वान किया है। इसकी सफलता के लिए सक्रिय टीबी रोगी खोजने का अभियान चल रहा है। स्क्रीनिंग में संभावित लक्षणों को देखकर जांच में कन्फर्म होने पर ऐसे मरीजों का सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज किया जाता है। सामुदायिक कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक कर टीबी रोग को छिपाने की बजाय उसका इलाज कराने को प्रेरित किया जा रहा है। जिससे क्षयरोग कहीं छिपा न रह जाए।

जिले में भी क्षयरोगी खोजी अभियान समय-समय पर चलता है। इस साल अब तक 1636 मरीज चिह्नित हुए हैं। वहीं पूर्व के मरीजों का इलाज भी जारी है। ऐसे मरीजों की जांच व इलाज जिला कुष्ठ अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क होता है।

मरीजों को पोषणयुक्त आहार के लिए मिलता है भत्ता : क्षयरोगियों को बेहतर पौष्टिक आहार के लिए सरकार की ओर से हर महीने 500 रुपये पोषण आहार भत्ता निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत मिलता है। यह धनराशि ऐसे मरीजों को पौष्टिक आहार का सेवन कर खुद को स्वस्थ रखने के लिए दी जाती है।

2210 ने बढ़ाए हैं अब तक मदद को हाथ : क्षयरोगियों को गोद लेने के लिए जिले में बड़े दिलवालों की कमी नहीं है। उन्हें गोद लेने वालों में स्वैच्छिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, सरकारी अधिकारी, चिकित्सक शामिल हैं। इनकी मदद से क्षयरोगियों को पौष्टिक आहार की पोषण पोटली, निजी अस्पतालों में जांच के लिए लगने वाले खर्च आदि में सहायता मिलती है। जिससे इलाज में आसानी होती है।

यह हैं क्षय रोग के लक्षण

- खांसी के साथ बलगम
- बलगम के साथ खून आना
- सोते समय पसीना आना
- भूख कम लगना
- शरीर के किसी हिस्से में गांठ
- नाखून व बाल को छोड़कर शरीर के किसी हिस्से में इससे संबंधित लक्षण दिख सकते हैं

यह बरतें सावधानी

- इधर उधर न थूकें
- टीबी के लक्षण वाले खांसते-छींकते समय अपने मुंह व नाक पर रुमाल रखें
- बलगम के साथ खून आने पर तत्काल किसी सरकारी अस्पताल या संबंधित चिकित्सक से परामर्श लें

अभियान

- राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में बढ़ानी होगी सहभागिता
- जिले में इस साल अब तक 1636 क्षय रोगी हुए चिह्नित

वर्ष वार क्षय रोगियों की संख्या

वर्ष	रोगियों की संख्या
2024 अब तक	1636
2023	14,855
2022	10,384

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 2025 तक देश को क्षयरोग से मुक्त करने के अभियान की सफलता में समाज के लोगों का सहयोग जरूरी है। नये रोगियों की खोज कर उनका इलाज कर क्षयरोग से मुक्त करने की दिशा में प्रयास चल रहा है। ऐसे मरीजों को गोद लेने के लिए समाज के समर्थ लोगों को आगे आना चाहिए। अब तक 2210 लोगों ने हाथ बढ़ाया है। समाज का कोई भी व्यक्ति क्षयरोगियों को गोद लेकर उनके इलाज व पोषणयुक्त आहार आदि के लिए मदद कर सकता है। इस वर्ष अब तक 1636 क्षयरोगी चिह्नित हुए हैं।

-डॉ. मुहम्मद जावेद, जिला कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम मुरादाबाद

दोपहर बाद छाए बादल, हवा ने बढ़ाई ठंड

पश्चिमी विक्षोभ के चलते बिगड़ा मौसम, बढ़ रहा दिन का तापमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मौसम में असंतुलन से लोग पड़ रहे बीमार, रात में ठंड बरकरार
- पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश से भी बढ़ी ठिठुरन

रविवार की दोपहर बादल छाने के बाद ठंड बढ़ने पर कुछ इस तरह से निकला बाइक सवार।

अमृत विचार: दिन का तापमान बढ़ने के बाद भी पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश से मैदानी क्षेत्रों में भी ठंड बढ़ी है। रविवार को दोपहर के बाद बादल छाने व हवा चलने से गलन बढ़ गई। छिटपुट बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक असंतुलन की वजह पश्चिमी विक्षोभ को बता रहे हैं।

रविवार को सुबह धूप निकली लेकिन, दोपहर में अचानक बादल छाने से ठंड बढ़ गई। दस किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा ने लोगों को ठिठुरन का अहसास करा दिया। लोगों ने स्वेटर, जैकेट पहन लिया। अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहा। जिससे शाम ढलते ही ठंड बढ़ गई। मौसम में असंतुलन से लोग बीमार पड़ रहे हैं। बच्चे व बड़े सर्दी, बुखार, पेट दर्द, सीने में दर्द की शिकायत लेकर चिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं। चिकित्सक उन्हें मौसम से संतुलन बिठाकर चलने व अभी सावधानी बरतने की बात कर रहे हैं। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रामकिशोर का कहना है कि अभी ठंड समाप्त न मानें।

रात का तापमान कम रह रहा है, इसलिए शाम को स्वेटर आदि पहनें। घर से बाहर निकलने पर सावधानी बरतें। बच्चों को भी ऊनी कपड़े में रखें। शीतल पेय, आइसक्रीम व बाहर सड़क किनारे खुले में बिक रहे खाद्य सामग्री से परहेज करें। पौष्टिक व ताजा भोजन करें। सावधानी के बाद भी यदि तबीयत बिगड़ती है तो तत्काल किसी चिकित्सक की सलाह से इलाज कराएं। वहीं गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में उतार चढ़ाव चल रहा है। अभी ठंड का मौसम खत्म नहीं हुआ है। इसलिए सावधानी रखें। पश्चिमी विक्षोभ के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह हल्की बारिश होने से मैदानी क्षेत्रों में बादल छाए हैं।

मुकदमे में बयान दर्ज कराने आए युवक के साथ मारपीट की

मुरादाबाद, अमृत विचार: कोर्ट में चल रहे मुकदमे में बयान दर्ज कराने आए युवक के साथ विपक्षी अधिवक्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अधिवक्ता समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के चक्कर की मिलक के पास टीवी टावर निवासी रईस अहमद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि दो फरवरी को वह अपने मुकदमे में बयान दर्ज कराने के लिए कचहरी गया था। जहां सीजीएम कोर्ट के बाहर विपक्षी अधिवक्ता असीम रजा ने अपने साथी हसन व अन्य वकीलों के साथ मिलकर रोक लिया और गाली देने लगे। रईस ने गाली देने का विरोध किया तो सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित किसी तरह वहां से अपनी जान बचाकर भागा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी असीम रजा और हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामगंगा नदी में मिला ताजपुर माफी के अफजाल का शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुगलपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जामा मस्जिद पुल के नीचे रामगंगा नदी में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। पुलिस ने आसपास के लोगों ने मृतक की पहचान कराई तो लोगों ने मृतक को पहचानने से इनकार कर दिया। बाद में शिनाख्त ताजपुर माफी निवासी अफजाल के रूप में हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

रविवार सुबह लगभग 9:00 बजे कुछ लोग नदी किनारे बैठे थे। इसी बीच लोगों ने देखा कि नदी में किसी का शव पड़ा है। लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर थाना मुगलपुरा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में सोशल मीडिया पर फोटो डाल कर शिनाख्त का प्रयास किया गया। दोपहर के समय कटघर के ताजपुर माफी घोसीपुरा गांव से पहुंचे कुछ लोगों ने मरने वाले युवक की पहचान अफजाल (28) पुत्र मोहम्मद मोबीन के रूप में की। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान परिवार वालों ने बताया कि अफजाल नशे का आदी था और उसे दौरे भी पड़ते थे। शनिवार रात वह घर से बिना बताए निकला था। संभव है कि रात में शौच के लिए नदी किनारे गया और दौरा पड़ने के कारण वह नदी में डूब गया। उन्होंने बताया कि शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

अनदेखी : यह तस्वीर मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित हरथला की है। जहां बेतरतीब तरीके से डिवाइडर को लगा दिया गया है। जिसके कारण यहां हरिद्वार को जाने वाले मार्ग की तरफ वाली लाइन में लंबा जाम लग रहा है। रविवार को हरथला का साप्ताहिक बाजार लगने के कारण स्थिति और भी खराब रही। लेकिन, जिम्मेदार बेफिक्र रहे। ● अमृत विचार

रेल मंडल के छह और रेलवे स्टेशनों का होगा पुनर्विकास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

परियोजनाओं की जानकारी देते मण्डल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: अमृत भारत योजना के तहत मंडल के गढ़मुक्तेश्वर, आंवला, कोटद्वार, स्योहारा, बालामऊ और बुलंदशहर रेलवे स्टेशन का नियोजित विकास होगा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 554 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। योजना में इस बार मंडल के छह स्टेशन चुने गए हैं। रेल प्रबंधन का दावा है कि यह विश्व में सबसे बड़ी योजना का शिलान्यास है।

यह जानकारी रविवार को पत्रकार वार्ता में मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह, प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह, प्रवर मंडल रेल प्रबंधक राकेश सिंह और मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) यशवंत सिंह ने संयुक्त रूप से दी। विभाग के मनन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया कि छह स्टेशनों के पुनर्विकास, आरओबी संख्या 233/ बी (निकट मलिहाबाद रेलवे स्टेशन) और अंडरपास संख्या 257 (निकट बालामऊ रेलवे स्टेशन) का शिलान्यास होना है। जिसके लिए गढ़मुक्तेश्वर, आंवला, कोटद्वार, स्योहारा, बालामऊ, बुलंदशहर, मलिहाबाद स्टेशनों पर सुबह के 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित हैं। विभाग की ओर से कार्यक्रम स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधा वाला बनाया जाएगा। पहले चरण में चयनित बिजनौर और धामपुर स्टेशन छह माह में प्रस्तावित स्वरूप में दिखेंगे। चूंकि, यात्री सेवा, रेल संचालन के साथ निर्माण कार्य पूरा करना है, इसलिए थोड़ी रुकावट स्वाभाविक है। अगस्त माह में देश के 500 से अधिक और मंडल के 12 स्टेशनों के चयन के बाद शिलान्यास हुआ था। बताया, यात्रियों से बातचीत और जनप्रतिनिधियों के सुझाव के आधार पर कार्य के प्रस्ताव हुए हैं। छोटे स्टेशनों पर टॉयलेट और दिव्यांगजन की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है। छोटे स्टेशनों पर 15 से 30 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

डीआरएम ने बताया कि मंडल मुख्यालय के साथ बरेली, हरिद्वार और देहरादून स्टेशन को मॉडल रूप दिया जाना है। यहां, विश्वस्तरीय सेवाओं का प्रबंध होगा। योजना के तहत ऐसे स्टेशनों के विकास और यात्री सुविधा के लिए 250 से 500 करोड़ रुपये तक खर्च होंगे। विकास कार्य और यात्री सुविधा की बहाली के लिए समय की पाबंदी नहीं है इसके तहत आरओबी, आरयूबी और सब-वे भी बनाने होंगे। मंडल के प्रमुख चार स्टेशनों का भौतिक स्वरूप बदलना शुरू हो गया है। परियोजनाओं के पूरा होने के बाद यात्रियों को सुविधा सहित सेवा और प्रभावित करेगी।

शिलान्यास आज

- प्रधानमंत्री देश के 554 स्टेशनों का करेंगे वर्चुअल शिलान्यास
- गढ़मुक्तेश्वर, कोटद्वार, स्योहारा बुलंदशहर, आंवला भी शामिल

बिजली विभाग | मानव संसाधन की कमी बेहतर आपूर्ति व्यवस्था में बन रही बाधक, गर्मी में निकलेगा प्रबंधन का पसीना

उपभोक्ता तो बढ़े, पर कम हो गए अधिकारी-कर्मचारी

धर्मेंद्र सिंह, मुरादाबाद

महानगर में आरडीएसएस परियोजना के अन्तर्गत बेहतर विद्युत आपूर्ति देने का प्रयास है। काम में अड़चन से देरी हुई है। लेकिन अब कार्य को गति दी जाएगी। मानव संसाधन की कमी से भी दिक्कत होती है। उच्च क्षमता के नये ट्रांसफार्मर भी लगाए गए हैं। अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी जरूर खल रही है।

-आरके बंसल, मुख्य अभियंता विद्युत

अमृत विचार: समय के साथ बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने में संसाधनों खासकर मानव संसाधन का रोड़ा है। आबादी के अनुपात में उपभोक्ताओं की संख्या तो निरंतर बढ़ रही है, लेकिन अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या कम होने से प्रबंधन के सामने मुश्किल खड़ी है। गर्मी में सुचारू विद्युत आपूर्ति का दावा करने वाले उच्चाधिकारियों का पसीना निकलना तय है।

ठंड में लचर बिजली व्यवस्था की मार उपभोक्ताओं पर पड़ी। अब आगे चुनौती गर्मी से निपटने की है। गर्मी में जब बिजली की खपत बढ़ेगी तो संसाधनों के अनुरक्षण और फाल्ट पर अंकुश लगाने और उसे दूर करने में मानव संसाधन अहम होगा। कर्मयारियों की कमी से गर्मी में 24 घंटे बेहतर और सुचारु विद्युत आपूर्ति के दावे पर खरा उतरने के लिए एड़ी चोटी एक करना होगा। मंडल में वर्तमान में 13,42,125 बिजली उपभोक्ता हैं और उनके सापेक्ष अधिशासी अभियंता से लेकर श्रमिक हेल्पर तक की संख्या एक हजार के आंकड़े को भी नहीं छू पा रही है। मंडल के जिलों में मात्र 899 अधिकारी-कर्मचारी बिजली विभाग में तैनात हैं। मंडल भर में मात्र अधिशासी अभियंता 20,उपखंड अधिकारी 67,अवर अभियंता 133,टी.जी टू (विद्युत)358,टी.जी टू (लाइन)79, श्रमिक हैल्पर 242 मिलाकर सिर्फ 899 कर्मचारी और जहां लाखों की संख्या में उपभोक्ता 1342125 और ट्रांसफार्मर 119779 हैं।

समय से परियोजनाओं का काम भी अटका : बिजली विभाग की ओर से स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत आरडीएसएस परियोजना का कार्य मानव संसाधन की कमी से अधर में लटका है। कार्यदायी संस्था को भी मानव संसाधन बढ़ाने की चेतावनी स्मार्ट सिटी के तत्कालीन सीईओ व प्रशासनिक अधिकारी भी बैठकों में दे चुके हैं। मगर कच्छप गति से चले कार्य से अभी भी कार्य पूरा नहीं हो पाया। काम के चलते महानगर के किसी न किसी हिस्से में हर दिन 6-7 घंटे शटडाउन लेकर घोषित बिजली कटौती की जा रही है।

संभल में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों की संख्या

अधिशासी अभियंता	05
सहायक अभियंता	18
अवर अभियंता	35
टी.जी टू (विद्युत)	77
टी.जी टू (लाइन)	23
श्रमिक हेल्पर	65
उपभोक्ता	3,35,782
ट्रांसफार्मर	4266

मुरादाबाद में अधिकारियों कर्मचारियों व संसाधनों की स्थिति

अधिशासी अभियंता	10
सहायक अभियंता	31
अवर अभियंता	62
टी.जी टू (विद्युत)	171
टी.जी टू (लाइन)	38
श्रमिक हेल्पर	97
उपभोक्ता	6,22, 361
ट्रांसफार्मर	39575

रामपुर जनपद की स्थिति

अधिशासी अभियंता	05
उपखंड अधिकारी	18
अवर अभियंता	36
टी.जी टू (विद्युत)	110
टी.जी टू (लाइन)	18
श्रमिक हेल्पर	80
उपभोक्ता	3,83,982
ट्रांसफार्मर	37538

दिल्ली रोड पर लावारिस मिली नवजात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

जिला अस्पताल में भर्ती नवजात बच्ची को देखने पहुंची बाल कल्याण समिति की टीम।

अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक पेट्रोल पंप के पास नवजात बच्ची लावारिस हालत में पड़ी मिली। वहां से गुजर रही एक महिला की नजर बच्ची पर पड़ी तो उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाल कल्याण समिति को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना मझोला क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास एक नवजात बच्ची के रोने की आवाज आ रही थी। इस बीच वहां से गुजर रही महिला मीनाक्षी ने देखा की पेट्रोल पंप के पास बच्ची एक पाइप में फंसी हुई है। मीनाक्षी ने पाइप से बच्ची को निकाला और इसकी सूचना पुलिस को दी। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर वहां लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना मिलते ही मझोला पुलिस मौके पर पहुंच गई और बच्चे को थाने ले आई। जिसके बाद पुलिस ने बाल कल्याण समिति की सुपुर्दगी में बच्ची को दे दिया। बाल कल्याण विभाग की टीम ने मासूम को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सा की देखरेख में बच्ची का उपचार चल रहा है। रविवार दोपहर बाल कल्याण सदस्य हरिमोहन गुप्ता और सदस्य बबिता विश्नोई महिला चिकित्सालय पहुंची और बच्ची का हालचाल जाना। हरिमोहन गुप्ता ने बताया कि बच्ची बिल्कुल ठीक है, लेकिन अभी तक इसके माता-पिता का कुछ पता नहीं चला है। उन्होंने बताया कि अगर दो माह तक इसके माता-पिता का पता चल जाता है तो कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को उनकी सुपुर्दगी में दिया जाएगा। अन्यथा दो माह तक बच्ची को बाल कल्याण विभाग के शिशु गृह में देखरेख की जाएगी।

एक नजर

सेमिनार में व्याख्यान देंगे आयुर्वेद चिकित्सक

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. एसपी गुप्ता चार मार्च से दिल्ली में आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय सेमिनार में व्याख्यान देंगे। डॉ. एसपी गुप्ता ने बताया कि इस दौरान वह एक गंभीर मरीज के सफल इलाज की केस स्टडी भी प्रस्तुत करेंगे। गैंगरीन से पीड़ित मरीज के पैर की अंगुलियों को सर्जन ने काटने के लिए कह दिया था। मरीज के उनके पास पहुंचने पर उन्होंने उसका आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार शुरू किया। सफल इलाज के चलते उसके पैरों की अंगुलियां कटने से बच गईं।

आज से ट्रेनों के बहाल होने का क्रम शुरू

मुरादाबाद, अमृत विचार : कोहरे में निरस्त ट्रेनों के बहाल होने का क्रम शुरू हो चुका है। मार्च के पहले सप्ताह तक सभी ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। रेल प्रबंधन इसकी तैयारी में जुट गया है। रेलवे जनसंपर्क विभाग के अभिषेक दीक्षित ने बताया कि 14605 योगनगरी- ऋषिकेश जम्मूतवी सोमवार से चलेगी जबकि, गाड़ी संख्या 12210 यानी काठगोदाम- कानपुर सेंट्रल भी 26 फरवरी से चलेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 12209 कानपुर सेंट्रल- काठगोदाम 27 फरवरी से चलेगी। ट्रेन संख्या 14674 अमृतसर- जयनगर और 14525 अंबाला- बरौनी जंक्शन मंगलवार से चलेगी।

16 मार्च से शुरू होंगी वार्षिक परीक्षाएं

मुरादाबाद, अमृत विचार : कक्षा एक से आठ तक के परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होंगी। इसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग की आरे से निर्देश जारी किए गए हैं। ये परीक्षाएं 21 मार्च तक चलेंगी। कक्षा एक व दो की परीक्षाएं मौखिक आधार पर ही होगी। जबकि कक्षा तीन से आठ तक के पेपर बनेंगे। परिषदीय स्कूलों में 16 मार्च से परीक्षाएं होनी हैं। इसको लेकर तैयारियां की जा रहीं हैं। अब मॉडल प्रश्न पत्र के आधार पर पेपर तैयार किए जाएंगे। गलतियों की गुंजाइश न हो, इसको लेकर मॉडल पेपर का प्रारूप भी भेजा गया है। इन मॉडल प्रश्न पत्रों को जिले में ही छपवाया जाएगा।

अटल विद्यालय में प्रवेश को 5 मार्च तक आवेदन

मुरादाबाद, अमृत विचार : अटल श्रमिक आवासीय विद्यालय में प्रवेश के इच्छुक बच्चे पांच मार्च तक अपना आवेदन कर सकते हैं। मुरादाबाद में अटल विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार महतो ने बताया कि कक्षा छह और नौ में प्रवेश मिलेगा। आवेदन श्रम विभाग के कार्यालय में जमा कराना होगा।

15 फरवरी तक एक्सपायर डीएल, 29 तक रहेगा वैध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अगर 31 जनवरी से 15 फरवरी के बीच आपका ड्राइविंग लाइसेंस एक्सपायर हुआ है तो आपको इसके लिए घबराने की जरूरत नहीं है। इस बीच अगर आप अपना परमानेंट व लर्निंग लाइसेंस एक्सपायर होने पर रिन्यू कराने की कोशिश कर रहे और हो नहीं पा रहा है तो चिंता की जरूरत नहीं। क्योंकि संभागीय परिवहन विभाग के पोर्टल पर तकनीकी दिक्कत चल रही है। इसके लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आदेश जारी किया है कि 31 जनवरी से 15 फरवरी तक एक्सपायर होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस 29 फरवरी तक मान्य है।

संभागीय परिवहन विभाग में सभी काम परिवहन और सारथी पोर्टल के माध्यम से किए जा रहे हैं। लेकिन, 31 जनवरी से 15 फरवरी तक यह दोनों पोर्टल तकनीकी खराबी के कारण काम नहीं कर रहे थे। जिसके चलते लर्निंग व परमानेंट लाइसेंस को ऑनलाइन रिन्यू नहीं किया जा सका। इसलिए जिन लोगों के लाइसेंस 31 जनवरी से 15 फरवरी के बीच एक्सपायर हुए हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आदेश के अनुसार ऐसे लाइसेंस 29 फरवरी तक वैध माने जाएंगे। इसलिए ट्रैफिक पुलिस या आरटीओ कर्मी इन लाइसेंस वाले लोगों का चालान नहीं कर पाएंगे। इसलिए ट्रैफिक पुलिस या आरटीओ कर्मी इन लाइसेंस वाले लोगों का चालान नहीं कर पाएंगे।

> यदि 31 जनवरी से 15 फरवरी तक किसी का परमानेंट व लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस एक्सपायर हुआ है तो वह 29 फरवरी तक वैध रहेगा। ऐसे लोग 29 फरवरी तक अपना लाइसेंस रिन्यूवल करा लें।
> –**हरिओम**, आरआई

बुद्धि विहार में सीवर लाइन चोक, परेशानी

मुरादाबाद, अमृत विचार: पॉश कॉलोनी बुद्धि विहार में सीवर लाइन चोक होने से गंदा पानी गलियों में बह रहा है। क्षेत्रीय लोग समस्या के निस्तारण के लिए शिकायत करते-करते थक गए। क्षेत्रीय पार्षद भी समस्या का समाधान करवाने में असफल रहीं।

लोगों में निगम अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि हाउस व वाटर टैक्स देने के बाद भी निगम के अधिकारी समस्या के प्रति अनजान बने हुए हैं। सेक्टर तीन बी निवासी साहिल, राजकुमार, सुरेश गुप्ता ने बताया कि काफी समय से सीवर लाइन चोक है। वर्तमान में लाइन चोक होने से गंदा पानी गलियों में बह रहा है। कंट्रोल रूम से लेकर निगम अधिकारियों से शिकायतें करते-करते थक गए, लेकिन आश्वासन मिला, मगर समस्या का समाधान नहीं किया जा सका। क्षेत्रीय पार्षद कविता गुप्ता से भी शिकायत की। वह भी समस्या का निदान नहीं करा सकीं।

30 गांवों में ग्राम समाज की जमीन का सत्यापन न करने वाले सचिवों पर होगी कार्रवाई

जमीनों पर कब्जा मिला तो चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुख्यमंत्री के सपने को जमीनी स्तर पर पलीता लगाया जा रहा है। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक ने ग्राम पंचायतों में कब्जाई गई ग्राम समाज की भूमि का खंड विकास स्तर पर सत्यापन करने के निर्देश दिए थे। ग्राम पंचायत सचिवों की लापरवाही के चलते 30 अमृत सरोवर का कार्य अभी शुरू भी नहीं हो पाया है। निर्देश के बाद ग्राम पंचायत सचिवों को दिए गए समय के बाद भी उन्होंने अपने कार्य को पूरा नहीं किया। जिसके लिए परियोजना निदेशक ने भूमि पर कब्जा करने वाले और लापरवाही के आरोप फंसे ग्राम पंचायत सचिवों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

शिकंजा

- पूरा होगा मुख्यमंत्री का हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का सपना
- ग्राम पंचायत सचिवों की लापरवाही से रुका है कार्य

प्रदेश सरकार ने जिलों में सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम समाज की जमीन पर अमृत सरोवर बनाने के लिए निर्देश दिए।

जिसमें जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा ने जनपद की सभी ग्राम पंचायतों से खंड विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में ग्राम समाज की जमीन तलाश कर उसका ब्यौरा मांगा था। जिसमें 65 ग्राम पंचायतों में ग्राम समाज की भूमि का पता लगा।

उस समय सचिवों ने 30 ग्राम पंचायतों में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे की बात बताई थी। जिस पर परियोजना निदेशक ने अमृत सरोवर का कार्य शुरू करने के लिए जमीन का निरीक्षण किया था। जिसमें 30 ग्राम पंचायतों में ग्राम समाज की जमीन पर गांव के कुछ दबंग और भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है।

जिसमें कब्जा की गई जमीन का क्षेत्रफल निकालने और उसका सत्यापन करने लिए दो महीने पहले ग्राम पंचायत के सचिवों को निर्देश दिए गए थे। लेकिन अभी तक सचिवों द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है। परियोजना निदेशक ने कार्य की रिपोर्ट जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह को दी है। जिसमें अब विभाग ने भूमाफिया और लापरवाही करने वाले सचिवों पर कार्रवाई का शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सचिवों पर मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबन भी किया जा सकता है। वहीं जमीन पर अवैध कब्जा कर लोगों द्वारा किए गए निर्माण पर बुलडोजर चलवा कर जमीन को मुक्त कराया जाएगा।

इसके अलावा सभी पर कार्रवाई भी की जाएगी। जल्द ही सरकार के हर ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के सपने को साकार किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले जनपद स्तर पर 72 गांवों में अमृत सरोवर बनाने की कल्पना को धरातल पर लाने की कवायद शुरू की थी। जिसमें मुरादाबाद के प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के इस सपने को साकार करने के लिए कार्रवाई को अमली जामा पहनाना भी शुरू कर दिया था।

पूरी रात जागकर मस्जिदों में की इबादत

शब-ए-बरात पर अपनों की कब्रों पर जाकर पढ़ी फातिहा, मांगी मगफिरत की दुआ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रविवार को शब-ए-बरात पर मुसलमानों ने पूरी रात जागकर इबादत की और कब्रिस्तान जाकर अपनों की कब्र पर फातिहा पढ़ी। पूरी रात मस्जिदों में मुसलमानों ने अल्लाह की बारगाह में अपने गुनाहों की माफी मांगी।

मुस्लिम समाज में शब-ए-बरात की रात बड़ी अहम और इबादत की रात मानी जाती हैं। इस रात मुसलमान पूरी रात मस्जिदों में इबादत कर अपने गुनाहों की अल्लाह से माफी मांगते हैं। वहीं कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उनके लिए दुआएं मगफिरत करते हैं। जिसके चलते रविवार की सुबह से ही महानगर से लेकर देहात इलाकों में शब-ए-बरात की तैयारी की गई। शाम होते ही मुसलमानों ने मस्जिदों का रुख किया। सभी ने ईशा की नमाज अदा की। जिसके बाद कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों की कब्र पर फातिहा पढ़ी। कब्रिस्तान में हाजिरी के बाद सभी मुसलमान पूरी रात जागे और मस्जिदों में इबादत की। इस दौरान मुसलमानों ने अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगी और मगफिरत की दुआ की। देर रात में महानगर की जामा मस्जिद व कचहरी वाली मस्जिद समेत महानगर की अन्य मस्जिदों में सामूहिक दुआ हुई। जिसमें लोगों ने रो-रोकर दुआ की। नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने बताया कि शब-ए-बरात की पूरी अल्लाह की रहमत बरसती है। अगले दिन रोजा रखने पर बड़ा शवाब मिलता है। वहीं मैनाठेर क्षेत्र के गांव में और नगर पंचायत महमूदपुर माफी में शब-ए-बारात पर पूरी रात मस्जिदों में इबादत का सिलसिला क़ायम रहा।

चक्कर की मिलक स्थित कब्रिस्तान में अपनों की कब्र पर फातिहा पढ़ते बच्चे। ● अमृत विचार

जगह-जगह हुआ जलसों का आयोजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : रविवार सुबह से ही शहर व देहात इलाकों में इबादत वाली रात शब-ए-बरात के लिए जलसों के आयोजन की तैयारियां शुरू कर ली गई थी। रात में महानगर के मुगलपुरा, प्रिंस रोड, ईदगाह का मैदान और अन्य स्थानों पर दीनी जलसों का आयोजन हुआ। जिसमें उलमाओं ने मुसलमानों से नबी के बताए रास्ते पर चलने की अपील की।

इबादत कर रखा नफली रोजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : शब-ए-बरात पर पूरी रात इबादत करने के बाद नफली रोजा रखा जाता है। जिसके तहत रविवार को पूरी रात जागने के बाद मुसलमानों ने इबादत कर पांच बजकर 20 मिनट पर सहरी खाकर रोजा रखा। जिसके बाद फर्ज की नमाज अदा की। सोमवार शाम को मगरिब की अजान पर रोजा खोला जाएगा।

जेठानी से विवाद पर महिला ने की आत्महत्या

मुरादाबाद, अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में जेठानी से विवाद होने के बाद महिला फंदे पर झूल गई। चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर महिला को फंदे से उतारा और जिला अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

देहरी गांव निवासी विजय ड्राइवर है। पांच साल पहले विजय की शादी सुधा से हुई थी। मौजूदा समय में विजय के एक बेटा आयुष और एक बेटी कल्पना है। जबकि एक बच्चे की मौत हो चुकी है। विजय ने बताया कि उसकी पत्नी सुधा का उसके भाई नरेश की पत्नी विनिता से आए दिन विवाद होता रहता था। दोनों देवरानी-जेठानी आए दिन झगड़ा करती थी। रविवार दोपहर लगभग तीन बजे सुधा और विनिता के बीच फिर से विवाद हो गया। इस बीच विजय और उसका भाई काम पर गए हुए थे। जेठानी से विवाद होने के बाद सुधा अपने कमरे में गई और फंदे पर झूल गई। जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने विजय और नरेश को जानकारी दी। जानकारी पर दोनों भाई घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर सुधा को फंदे से नीचे उतारा। आनन-फानन में परिजन सुधा को जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की बैठक को संबोधित करते वक्ता।

उत्सव और उमंग का प्रतीक है वसंत पंचमी का त्योहार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की बैठक
- सदस्यों की शादी सालगिरह और जन्मदिन मनाया

अमृत विचार: सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक रविवार को महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज में हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डीके गुप्ता ने की और संचालन सचिव कर्मेंद्र सिंह ने किया।

संस्था के महासचिव एसपी सिंह ने वसंत पंचमी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत उत्सव का प्रतीक है। हर साल माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी मनाई जाती है। इस दिन ज्ञान और वाणी की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करने का विधान है। मान्यता है कि इसी दिन मां सरस्वती प्रकट हुई थीं। लहलहाते खेतों को देखकर किसान खुशी से झूम उठता है। सचिव कर्मेंद्र सिंह व सदस्य घनश्याम सिंह चौहान ने दयानंद सरस्वती के राष्ट्र के लिए योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दयानंद सरस्वती की स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका रही। आखिर में इस माह जिन सदस्यों की शादी की सालगिरह व जन्मदिन रहा, उसे मनाया गया और उन्हें बधाई दी गई। बैठक में एसपी शर्मा, हरपाल सिंह, आरके भटनागर सुशील यादव आदि मौजूद रहे।

भोले शंकर की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: श्री बांके बिहारी सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में रविवार को कथा व्यास आचार्य पं. विनीत कुमार शर्मा ने बताया कि दक्ष प्रजापति विशाल यज्ञ का आयोजन करते हैं और अपने दामाद भगवान शिव को नीचा दिखाने के लिए निमंत्रण नहीं भेजते।

यज्ञ में सभी देवता, यक्ष, गंधर्व, ऋषि मुनि पधारते हैं। यह बात भगवान शंकर की पत्नी सती को पता चलती है। तो बिना अपने पति को बताए वह पिता दक्ष प्रजापति के यहां पहुंच जाती है। पिता से वाद-विवाद के बाद वह अग्नि कुंड में कूद जाती हैं। यह बात जब भगवान शंकर को पता चलती है तब वह क्रोध में भरकर एक जटा पृथ्वी पर मरते हैं। तब बलभद्र का जन्म होता है और वह आदेश देते हैं कि दक्ष प्रजापति का यज्ञ विध्वंस कर दो। बलभद्र वहां पहुंचकर यज्ञ भंग कर देते हैं और दक्ष प्रजापति का गला काट देते हैं। उधर, भगवान शंकर क्रोध में भरकर तांडव नृत्य करते हैं। व्यवस्था में सच्चिदानंद भटनागर, खुशबू भटनागर, पं. दिनेश शर्मा, पं. नवनीत शर्मा, पं. सुबोध सैमवाल, कीर्तिका शर्मा, अशोक अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, श्याम कृष्ण रस्तोगी, रीना रस्तोगी आदि का सहयोग रहा।

कथा सुनाते पं. विनीत कुमार शर्मा।

धूमधाम से मनाया शिव जयंती महोत्सव

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित शिव शक्ति भवन गोल्डन केंद्र में रविवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव जयंती महोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि विहिप के प्रांत सहमंत्री नवदीप अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि भावना शर्मा, नीतू रस्तोगी, आशा दीदी, बीके सुमित्रा दीदी ने दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान शिव की आराधना करने से मन शांत रहता है। आशा दीदी ने कहा वातावरण शिवमय हो गया है। परमात्मा निराकार ज्योति स्वरूप है। उन्होंने भारत के राजयोग को प्राचीन बताया। भावना शर्मा ने भगवान शिव को याद कर शिवरात्रि के महत्व को बताया। कुमारी शिवी सक्सेना ने गीत, दामिनी धीमन ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। मीनू बहन और शिवी सक्सेना ने कोरस भजन सुनाया। संचालन अलका रस्तोगी ने किया।

भगवान राम का व्यक्तित्व सभी के लिए अनुकरणीय

मुरादाबाद, अमृत विचार: अध्यात्म ज्ञान एवं चिंतन संस्था की 166वीं मासिक ब्रह्मज्ञान विचार गोष्ठी का आयोजन एमआईटी सभागार में किया गया। श्रीराम के चरित्र के अनुकरणीय गुण विषयक गोष्ठी में एडवोकेट सुधीर गुप्ता ने बताया कि श्रीराम के जीवन के बहुत से प्रसंग ऐसे हैं, जो देश-काल से परे प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय हैं।

रामायण को हम केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही मानकर संतुष्ट नहीं हो सकते हैं बल्कि वह समाजशास्त्र व नीतिशास्त्र होने के साथ-साथ जीवन को सफलतापूर्वक जीने के लिए मार्गदर्शक भी है। इस दौरान रविंद्र नाथ कत्याल, डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता, अश्विनी दीक्षित, वाचस्पति मिश्र, नीलाक्ष शील, एसपी सिंह, कर्नल हर्षवर्धन, मलखान सिंह, डॉ. यूके शाह, रेखा शाह, आनंदवीर वर्मा, अनुराग अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

दयानंद डिग्री कॉलेज में लगी प्रदर्शनी में छात्राओं से जानकारी लेते अतिथि। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर रविवार को समाप्त हो गया। अंतिम दिन प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने कौशल विकास के लिए हाथ से बनाई गई बाल हैंगिंग, डस्टबिन, गुलदस्ते, रबर बैंड, रूमाल, पेन होल्डर, लैंप व खाने-पीने का स्टाल लगाया। द्वितीय सत्र में शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक उमाकांत गुप्त, विशिष्ट अतिथि संतोष गुप्ता व मो जुनैद एजाज रहे। प्राचार्या प्रो. सीमा रानी ने छात्राओं से शिविर के विषयों को आत्मसात करने को प्रोत्साहित किया। संचालन डॉ. छाया रानी व अनीता ने संयुक्त रूप किया। प्रो. जौली गर्ग, प्रो. कंचन सिंह, प्रो. मनी बंसल, विदुषी यादव, डॉ. सुषमा, डॉ. अंजलि उपाध्याय, डॉ. सीमा महेंद्रा, कंचन सिंह आदि मौजूद रहीं।

मदरसे के 50 बच्चों की हुई दस्तार बंदी

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर के कटघर स्थित मदरसा जामिया अरबिया आयतुल उलूम चौक वाली मस्जिद में रविवार को मदरसे के 50 बच्चों की दस्तारबंदी की गई।

दस्तारबंदी के दौरान नातिया महफिल में मदरसे के बच्चों ने ही नात पढ़ी। इस दौरान उलमा ने बच्चों की तालीम पर रोशनी डालते हुए सभी अभिभावकों से बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम देने की अपील की। जिसके बाद बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया गया। आखिर में मुल्क में अमन-शांति की दुआ कराई गई। इस मौके पर मुफ्ती अजमल, मुफ्ती अफिर आलम शेख, मौलाना अबूबकर, मौलाना मारूफ, मौलाना उस्मान और हबीब फुरकान समेत अन्य लोग शामिल रहे।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

डीआईजी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन तैयारी में जुटा है। चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी प्रबंध किए जा रहे हैं।

रविवार को डीआईजी मुनिराज जी ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कांठ रोड स्थित मतदान केंद्र एसएस चिल्ड्रेन अकादमी का निरीक्षण किया। यहीं पर चुनाव के दौरान बाहर से आने वाली फोर्स को ठहराने की भी योजना बनाई गई है। इसीलिए डीआईजी ने शिक्षण संस्थान में पेयजल, शौचालय और विद्युत व्यवस्था को देखा। उन्होंने सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके अलावा डीजाईजी ने काजीपुरा मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

होली आई | जाड्र्स मनोहरपुर की टीम तैयार कर रही है 500 क्विंटल लकड़ी

नोएडा, बरेली की होली में महकेगा मुरादाबाद का गोबर

आशुतोष मिश्र, मुरादाबाद

अमृत विचार: गाय का गोबर। जी हां, गोबर। अबकी जाड्र्स केंद्र मनोहरपुर का गोबर होली में पर्यावरण संरक्षण करेगा। सुगंध से लबरेज गोबर की लकड़ी जलकर अपने सुगंध से लोगों का दिल जीत लेगी। धुआं से किसी को सांस में भी दिक्कत नहीं होगी। ऐसा दावा गोबर से लकड़ी बनाने वाली टीम कर रही है। दावा है कि गुलाब की पंखुड़ी, गेंदा के फूल, कपूर, सिंदूर के पेड़ की पत्तियां और बीज मिलाकर यह लकड़ी तैयार हो रही है। नोएडा, मेरठ, बरेली की होली मुरादाबाद के गोबर से सुगंधित होगी।

उत्सवधर्मी लोग, संगठन और होली को उल्लास के साथ मनाने वालों की टोली ने गोबर की लकड़ी की बुकिंग और खरीद शुरू कर दी है। हाल के सालों से इको फ्रेंडली होलिका दहन का प्रचलन बढ़ा है। महानगर क्षेत्र में लकड़ी की जगह गाय के गोबर की लकड़ी से होलिका जलाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। कुछ पर्यावरण प्रेमी इस त्योहार को व्यवस्थित करने और धुआं के खतरे से लोगों को बचाने की मुहिम तक चला रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता गीतांजली पांडेय, गरिमा सिंह और पर्यावरण मित्र समिति के केके गुप्ता का कहना है कि हम पेड़ बचाने और पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। होलिका दहन के दौरान गोबर की लकड़ी यानी उपला बांटने वालों में परिवर्तन द चेंज के प्रमुख कपिल कुमार टीम के साथ जुटे हैं।

उधर, मनोहरपुर केंद्र से जुड़े सूत्रों का कहना है कि लकड़ी से कम कीमत पर यह काम हो जाएगा। एक होलिका में करीब तीन क्विंटन लकड़ी का प्रयोग होता है। लकड़ी बाजार में 1200 रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है, जबकि उपला और गोबर से बनी लकड़ी इससे सस्ती है। गाय का गोबर गोशालाओं से एक मुश्त मिलने में भी आसानी है। इस कार्य में स्वरोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं।

> नोएडा, बरेली और मेरठ के लोगों ने गोबर की लकड़ी की बुकिंग कराई है। अब तक 150 क्विंटल लकड़ी का आर्डर मिल गया है। 1000 क्विंटल माल तैयार करना है। महानगर के लोग हर साल आते हैं। अभी संभल, अमरोहा और रामपुर के लोगों के फोन आ रहे हैं। केंद्र पर इको फ्रेंडली लकड़ी तैयार की जाती है। इसके लिए कपूर, सिंदूर के पेड़ की पत्ती और बीज भी डालते हैं। टीम ने काम शुरू कर दिया है। गेंदा का फूल और उसका तना भी गोबर में मिलाया जाता है।
> –**डॉ. दीपक मेंदिरत्ता**, निदेशक जाड्र्स केंद्र (मनोहरपुर)

> होली में गीली लकड़ी (कच्ची) जलाना बहुत नुकसान देता है। हरी लकड़ी जलाना एक तरह से जीवन को जलाना है। लकड़ी में पानी होने की वजह से धुआं अधिक निकलता है। ऐसी लकड़ी के धुआं में कार्बनमोनो आक्साइड निकलता है। कार्बनमोनो आक्साइड कार्बन से दो सौ प्रतिशत खतरनाक होता है। ऐसा धुआं आक्सीजन में ओ-टू खत्म कर देता है। होलिका दहन में ऐसी लकड़ी का प्रयोग पर्यावरण के साथ बड़ा खतरा है।
> –**प्रो. (डॉ.) अनामिका त्रिपाठी**, अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग (हिंदू कालेज)

दूसरे समुदाय के युवक ने किशोरी से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत दूसरे समुदाय के युवक ने किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने किशोरी की अश्लील फोटो खींच कर उसे वायरल करने की धमकी दी और एक साल तक शोषण करता रहा। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शोएब खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिविल लाइंस के रेल चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी 12वीं की छात्रा है। आरोप है कि काजीपुरा निवासी शोएब खान नामक युवक ने उसकी नाबालिग बेटी को प्रेमजाल में फंसा लिया था। आरोपी ने एक साल पहले बहला फुसलाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। इतना ही नहीं, आरोपी ने किशोरी की अश्लील फोटो खींच ली। जिसके बाद फोटो को वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण किया। परेशान होकर किशोरी ने मां को आपबीती सुनाई। जिसके बाद पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत की। थाना प्रभारी सिविल लाइंस आरपी शर्मा ने बताया कि आरोपी शोएब खान के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

एक नजर

नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर पालिका ने रविवार को स्वच्छता अभियान के तहत नगर में स्थित मस्जिदों, कब्रिस्तानों व मजारों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर पालिका के कर्मचारियों ने नगर में स्थित मस्जिद, मजार, कब्रिस्तानों की सफाई की। साथ ही रास्तों पर चूना भी डाला।

रजत का अध्यापक पद पर चयन होने पर सम्मान

बिलारी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के सरथल ग्राम में क्षत्रिय महासभा ने रजत राघव का अध्यापक पद पर चयन होने पर स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। क्षत्रिय महासभा के नगर अध्यक्ष विजेंद्र चौहान ने बताया कि रजत राघव का बीपीएससी अध्यापक परीक्षा पास कर सह-अध्यापक के रूप में चयन हुआ है। साथ ही इन्होंने यूपीएसएससी से जूनियर असिस्टेंट की परीक्षा भी पास की है। इस दौरान उनके पिता राजेंद्र सिंह को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष पवन ठाकुर, संजय राणा, दुष्यंत चौहान, मुनेंद्र ठाकुर, आशीष कुमार जादौन, संत पाल सिंह, निर्मल सिंह, प्रमोद कुमार राघव आदि मौजूद रहे।

इलाज के दौरान महिला की मौत, हंगामा

परिजनों ने पति व ससुराल वालों पर लगाया आरोप, छह माह की गर्भवती थी महिला

संवाददाता, कुंदरकी/मैनाठेर

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम गदीपुरा में उस समय हड़कंप मच गया, जब विवाहित पुत्री का शव लेकर परिजन घर पहुंचे। कुंदरकी पुलिस को विवाहिता के परिजनों ने ससुराल वालों द्वारा पीटने और इलाज के दौरान मौत होने की सूचना दी।

इस दौरान मृतका के परिजनों ने आरोपी पति व ससुराल वालों पर कार्रवाई को लेकर हंगामा किया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी राजेश यादव और थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ ग्राम गदीपुरा पहुंचे। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जब्बार हुसैन निवासी ग्राम गदीपुरा थाना कुंदरकी के अनुसार उसने अपनी पुत्री नगमा (26) का विवाह 4 साल पहले बिलाल निवासी ग्राम असदपुर थाना मैनाठेर के साथ किया था। आरोप लगाया गया है कि दिए गए दहेज से पुत्री का पति बिलाल, जेठ वसीम, नसीम नंदोई मुशाहिद निवासी ग्राम ललवारा, नंद गुलनाज, निवासी मिलक गुरेर संतुष्ट नहीं थे। आरोपी दहेज की मांग को लेकर नगमा के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते थे।

22 फरवरी को नगमा का पति बिलाल और उसके ससुराल वालों ने उसकी 6 माह की गर्भवती बेटी को बंधक बनाकर बुरी तरह मारा पीटा जिससे उसे काफी चोटें आई। जिससे 25 फरवरी को इलाज के दौरान उसकी पुत्री की मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जबकि ससुराल पक्ष ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है।

मृतका के घर पर जमा भीड़। ● अमृत विचार

कार्रवाई

▸▸ **कुंदरकी पुलिस व क्षेत्राधिकारी बिलारी ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया**

पांच बहन-भाइयों में सबसे छोटी थी नगमा

मृतका का 5 वर्ष पहले बिलाल नाम के युवक के साथ प्रेम विवाह हुआ था। जिससे उसके दो बेटे हमजा और हैदर हैं। मृतका पांच बहन-भाइयों में सबसे छोटी थी। परिवार में बहन शहनाज, भूरी, नाजिश, भाई आशकार मां नन्हीं आदि का बुरा हाल है।

हादसे में फोटोग्राफर की मौत, साथी घायल

भगतपुर, अमृत विचार : भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव रोशनपुर बहेड़ी के समीप रविवार को शाम को तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे सचिन (21) पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम मासुमपुर थाना डिलारी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरे युवक को गंभीर चोटें आयी।

टक्कर मारकर अज्ञात वाहन मौके से फ़रार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। घायल साथी को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक के परिजनों के अनुसार सचिन भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव बाबूपुरा घोसीपुरा में अपने भाई की ससुराल आया था। मृतक के भाई का साला सचिन और मृतक दोनों फोटोग्राफर का काम करते थे। रविवार को दोनों बाइक से महुआखेड़ा गंज में शादी की बुकिंग पर फोटोग्राफ़ी करने जा रहे थे। जैसे ही दोनों रोशनपुर बहेड़ी के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही भाई का साला सचिन भी घायल हो गया। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

सार संक्षेप

सीएचसी में एक्सरे की सुविधा नहीं, रासद देगा धरना

कांठ, अमृत विचार : राष्ट्रीय समानता दल की बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचसी कांठ में एक्स रे आदि की सुविधा उपलब्ध नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। रविवार को नगर में राष्ट्रीय समानता दल की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष तेज सिंह सैनी ने कहा कि 15 फरवरी को संगठन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे आदि जांच की मांग की गई थी। जिस पर चिकित्सा अधिकारी ने आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। जिससे कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि अगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में 15 दिन में सुविधा नहीं मिलती तो राष्ट्रीय समानता दल प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर असलम चौधरी, संतराम सैनी, महेंद्र सैनी, राजवीर सैनी, ब्रज सिंह सैनी, धर्मवीर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता महबूब इस्लाम सैफी एवं संचालन महेंद्र सिंह सैनी ने किया।

आज ट्रैक्टर खड़े कर प्रदर्शन करेंगे किसान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 26 फरवरी को किसान अलग-अलग स्थानों पर सड़कों के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े कर सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामूवाला गणेश के पास हाईवे के किनारे ट्रैक्टर खड़े किए जाएंगे। किसान नेता प्रीतम सिंह ने किसानों से अपील कि सभी किसान विरोध प्रदर्शन को सफल बनाएं और ट्रैक्टर लाकर मुख्य सड़कों के किनारे खड़े कर दें। क्योंकि अब सरकारें किसानों के मुख्य साधन ट्रैक्टरों को भी क्षति पहुंचाने लगी हैं।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए भाविप को किया सम्मानित

कांठ, अमृत विचार : मुरादाबाद में भारत विकास परिषद का प्रांतीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए भारत विकास परिषद शाखा कांठ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष पीके अग्रवाल एवं सचिन गौरव वाष्णेय द्वारा भारत विकास परिषद शाखा कांठ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यों के लिए भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश विश्नोई एवं देशभक्ति गीत के लिए मा. राजवीर सिंह विश्नोई को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाखा कांठ की तरफ से अध्यक्ष दीपक विश्नोई, सचिव सचिन चौहान एवं शाखा संरक्षक अशोक कुमार मौजूद रहे।

लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण: डॉ. विजय

कांठ, अमृत विचार : प्रकाश हॉस्पिटल नोएडा के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विजय सिंह चौहान का सुदेश बिश्नोई के निवास पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विजय सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोदी ने पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। देश की अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हुई है और आने वाले समय में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए देश हित में निष्पक्ष और निर्भीक खबरें जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से प्रत्येक गरीब परिवार को उपचार की सुविधा मिल रही है। अन्य योजनाओं का भी लाभ गरीबों को मिल रहा है। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तहसील अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान, भाविप के अध्यक्ष एडवोकेट दीपक बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देते शिवसेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कासगंज के मृतकों को शिवसेना ने दी श्रद्धांजलि

बिलारी, अमृत विचार : नगर में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने कासगंज में ट्रैक्टर-ट्राली हादसे में लोगों की मौत पर शोक जताया व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। रविवार को शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर कासगंज में हुए ट्रैक्टर-ट्राली हादसे को लेकर शोक जताया तथा मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, नगर प्रमुख संतोष कुमार, युवा नगर प्रमुख दिनेश आजाद, महेश सिंह, हरी बाबू, अभिषेक शर्मा, सुशील शर्मा, पुखराज गुप्ता, प्रवीण ठाकुर, भूरा भाई, अमित गुप्ता, रवि शंकर शर्मा आदि शामिल रहे।

पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर हर्ष

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोचिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त करने के आदेश पर मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त किया। रविवार को नगर में कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित सक्सेना के नेतृत्व में कोचिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पुलिस परीक्षा निरस्त करने के दिए आदेश पर मिठाई बांटकर हर्ष व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि छह महीने का समय मिलने पर प्रतियोगी अच्छी तरह से परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। कार्यक्रम में केके चौहान, संदीप गोला, अजय सिंह, प्रदीप चौहान, शहीद राजा, अभिषेक भारद्वाज, परविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

सुख, शांति और समृद्धि के लिए किया हवन

कांठ/छजलैट, अमृत विचार : आर्य समाज भवन में साप्ताहिक हवन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आर्य बंधुओं ने हवन में आहुति देकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। प्राचीन कांठ आर्य समाज भवन में प्रात: हवन किया गया। इसके पश्चात सत्यार्थ प्रकाश पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि यदि मनुष्य गलत कार्य करता है तो उसको यही पर भोगने पड़ते हैं। इस अवसर पर आर्य समाज के अध्यक्ष सुशील मणि गुप्ता ने 15 मार्च को जनरल मीटिंग की जानकारी दी। इस मौके पर सतपाल सिंह दीवान, विक्रम सिंह, रितेश कुमार शर्मा, अशोक कुमार, सुरेश चौहान, अशोक आदि उपस्थित रहे। आर्य समाज सदरपुर मतलब पुर में भी साप्ताहिक खबर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष राजवर्धन ने बताया कि प्रति सप्ताह आर्य समाज में हवन का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मुनेश कुमार, हर ज्ञानसिंह, राहुल, सौरभ देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

दो कारों की टक्कर में दो लोग मामूली रूप से घायल

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : दो गाड़ियों की जोरदार टक्कर होने से एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि कोई गम्भीर घायल नहीं हुआ।

कांठ-मुरादाबाद मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग से आगे नहर पर दो गाड़ियां आपस में टकरा गई। स्विफ्ट गाड़ी चालक ग्राम मौढा तेहिया निवासी सुनील कुमार और विपरीत दिशा से आ रही गाड़ी संख्या यूपी 20 सीएफ 5257 जिसको महमूदपुर स्योहारा जनपद बिजनौर निवासी जय त्यागी चल रहे थे, टकरा गई। दोनों वाहनों में बैठी सवारी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिन्होंने दोनों गाड़ियों को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। पता चला कि जय त्यागी के साथ आए रमेश कुमार को मामूली गुम चोट आई हैं। बाकी सब सुरक्षित हैं। सूचना पर मौके पर पहुंचे दोनों वाहन चालकों के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। उन्होंने आपस में ही फैसला कर लिया था।

ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दंपति घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मुरादाबाद के हिमगिरी कॉलोनी निवासी अनूप सिंह पुत्र नन्हें सिंह अपनी पत्नी मोनिका को साथ लेकर मोटरसाइकिल से ठाकुरद्वारा आए थे। वापस लौटते समय ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाईवे के निकट जलालपुर चौकी के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। जिन्हे राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां अनूप सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गन्ने की अधिक पैदावार की जानकारी दी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : त्रिवेणी चीनी मिल के अधिकारियों ने किसानों के खेतों में पहुंचकर गन्ने की पेड़ी की देखभाल कर अधिक उत्पादन लेने व पौधरोपण से संबंधित जानकारी दी। जिससे क्षेत्र के गन्ना किसान अधिक से अधिक गन्ने का उत्पादन ले सकें।

बताते चले कि अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा नेता प्रीतम सिंह ने त्रिवेणी चीनी मिल रानी नांगल से वार्ता कर अनुरोध किया था कि चीनी मिल के अधिकारियों को किसानों के गन्ने के खेतों में भेज कर गन्ने की पेड़ी व नई पौधरोपण से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराए। जिस पर महाप्रबंधक टीएस यादव (गन्ना) ने वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक आतोश कुमार द्विवेदी, सोदासपुर जोनल प्रभारी राजवेदर सिंह संधू व चीनी मिल सुपरवाइजर हिमांशु चौहान की टीम रविवार को रामूवाला गणेश गांव में पहुंची। टीम ने किसानों को गन्ने की पेड़ी की देखरेख तथा गन्ने की बुआई के बारे में जानकारी दी। टीम रामूवाला गणेश के किसान ओमकार सिंह के खेत पर पहुंची। इस दौरान वहां आसपास के किसान मौजूद रहे। जोनल प्रभारी राजविंदर सिंह संधू ने कहा कि ट्राइकोडर्मा चीनी मिल की ओर से 75% की छूट पर किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इसे अंतिम जुताई से पहले गोबर की खाद में मिलाकर डालना न भूले। वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक आतोश कुमार द्विवेदी ने बताया कि गन्ना पेड़ी के प्लाट में 20 दिन के अंतराल से हेक्सा स्टॉप का छिड़काव करते रहे और पेड़ी के खेतों में भी सिंचाई करने से पहले ट्राइकोडर्मा अवश्य डालें। किसान प्रयास करें कि गन्ने के बीज को भी इमिडाक्लोरोपिड तथा हेक्सा स्टॉप के घोल में 30 मिनट भिगोकर बुआई करें और 038 के स्थान पर नई प्रजातियां 15023, 0118 ,14201, 98014, आदि की बुआई करें। गन्ना महाप्रबंधक टीएस यादव ने कहा कि इस वर्ष चीनी मिल को बहुत कम गन्ना प्राप्त हुआ है। किसान अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील प्रजातियां के गन्ने की बुवाई करें। किसान नेता प्रीतम सिंह ने मांग की कि बहुत से किसानों को बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसानों को गन्ने का बीज उपलब्ध कराना चीनी मिल की जिम्मेदारी है। इस दौरान किसान नरेंद्र सिंह, कल्लू सिंह, खुशीराम सिंह, रवि चौहान, विकास कुमार, सरदार भोला सिंह, धर्मपाल सिंह, पुलकित चौहान आदि मौजूद रहे।

गांव रामूवाला गणेश में किसानों को जानकारी देते मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ **मिल के अधिकारियों ने गन्ने की पेड़ी की उचित देखभाल करने की सलाह दी**

अभियान चलाकर तालाब की सफाई की

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : संत निरंकारी स्वयंसेवकों ने ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज स्थित शिव मंदिर के निकट बने तालाब की साफ-सफाई की। स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता, मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता, ग्राम प्रधान छाया चौहान और सेवादल संचालक डॉ. रामकुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया।

ठाकुरद्वारा ब्रांच के संत निरंकारी भवन के मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण तथा इसके बचाव के लिए अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं क्रियान्वित रूप देना है। क्योंकि जल है तो कल है और जल के बिना जीवन संभव नहीं है। हमें नदियों, पोखरों, तालाबों और पानी के अन्य स्रोतों को स्वच्छ और संरक्षित रखना है। खंड विकास अधिकारी ठाकुरद्वारा ने जल को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी के साथ स्वयंसेवको ने तालाब के निकट अभियान चलाकर सफाई की और लोगों को तालाबों व पोखरों के आसपास सफाई रखने को जागरूक किया। इस दौरान संचालक डॉ. रामकुमार सिंह ने कहा कि मिशन द्वारा स्वच्छता एवं पौधरोपण अभियान प्रमुख हैं। अभियान में राकेश कश्यप, ओम प्रकाश सिंह, मुकेश चौहान, कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार, राकेश कुमार, दीपक कुमार, चंद्र कौशिक, ईशम देवी, वंदना चौहान, प्रीति, सविता, निशा आदि ने हिस्सा लिया।

गांव फैजुल्लागंज में तालाब की सफाई करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

▸▸ **फैजुल्लागंज स्थित शिव मंदिर के पास चलाया अभियान**

शब ए बरात को लेकर अमन कमेटी की बैठक

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : शब ए बरात को लेकर कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी ने कहा कि किसी भी तरह की कोई नई परंपरा का प्रयास न करें। अगर कोई भी व्यक्ति इस तरह की हरकत करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली प्रभारी किरनपाल सिंह ने कहा कि सभी एक-दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें। बैठक में लोगों ने कब्रिस्तानों के पास साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था कराये जाने की बात कही। जिसपर कोतवाली प्रभारी ने अधिशासी अधिकारी से वार्ता कर समस्या के समाधान को कहा। इस दौरान मौलाना इमामुद्दीन, संजीव सिंघल, गौरव चौहान, राकेश कुमार शर्मा, सादिक सिद्दीकी, हाजी मुख्तार सैफी, शाहनवाज, अब्दुल रहमान, मौलाना आशिक रजा, कारी हशमत अली, आमिर खान आदि मौजूद रहे।

राजकीय पशु चिकित्सालय साबित हो रहा सफेद हाथी

संवाददाता, कांठ

▸▸ **8 वर्ष से उप चिकित्साधिकारी के पद खाली**

अमृत विचार : करोड़ों की लागत से बने राजकीय पशु चिकित्सालय कांठ में उप चिकित्साधिकारी के पद रिक्त होने से ग्रामीण अपने पशुओं का उपचार कराने के लिए भटक रहे हैं। जिससे पशु चिकित्सालय सफेद हाथी प्रतीत हो रहा है।

राजकीय पशु चिकित्सालय करोड़ों की लागत से बनाया गया है। यहां लगभग आठ वर्षों से उप पशु चिकित्सा अधिकारी के पद रिक्त हैं। नगर पंचायत कांठ की आबादी 30,000 से भी अधिक है। पशु चिकित्सा अधिकारी भीकनपुर ब्लॉक राजकीय पशु चिकित्सालय में तैनात हैं। विभाग द्वारा कांठ का कार्यभार छजलैट चिकित्साधिकारी को सौंपा गया है जो यदा कदा समय मिलने पर कांठ में आते हैं। अधिकांश समय उनका भीकनपुर छजलैट पशु चिकित्सालय में व्यतीत होता है। इतनी बड़ी संख्या में कांठ के किसान पशुओं का उपचार कराने के लिए भटकते रहते हैं। वहीं कांठ पशु चिकित्सालय कंपाउंडरों के सहारे ही चल रहे हैं। कुछ किसानों के आरोप हैं कि दवा के लिए भी उन्हें छजलैट चिकित्साधिकारी से ही संपर्क करना होता है। छजलैट पशु चिकित्सा अधिकारी आदित्य गोयल का कहना है कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को पद रिक्त होने के संबंध में कई बार जानकारी दी गई है।, लेकिन रिक्त पदों पर नियुक्तियां नहीं हुई है। व्यस्तता के कारण वह अन्य अस्पतालों में समय से नहीं पहुंच सकते हैं।

अभियान ग्राम अहमदपुर नींगू नंगला में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों को बताईं पार्टी की नीतियां

डबल इंजन सरकार कर रही सभी वर्गों के लोगों का विकास

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : भाजपा के बूथ प्रमुख एवं सहसंयोजक निकाय प्रकोष्ठ ने गांव चलो अभियान के तहत ग्राम अहमदपुर नींगू नंगला में रात्रि विश्राम कर भाजपा की नीतियों की जानकारी दी।

भाजपा के बूथ प्रमुख एवं सहसंयोजक निकाय प्रकोष्ठ अभय विश्नोई ने पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत ग्राम अहमदपुर नींगू नंगला में पं. तपेंद्र शर्मा के आवास पर रात्रि विश्राम किया। उन्होंने केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि पहले योजनाएं भ्रष्टाचार के लिए बनती थीं, वर्तमान में जो योजनाएं बनी है उनका पूरा लाभ संबंधित व्यक्ति को मिला है। आयुष्मान योजना से गरीब व्यक्ति अपने परिजनों का इलाज निशुल्क कराने में सक्षम हुआ। उन्होंने कहा कि आज देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। देश की रक्षा के लिए हथियार भारत में ही निर्मित किए जा रहे हैं। यही नहीं उनका निर्यात भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में माफिया राज समाप्त हुआ है। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनधन योजना, आवास योजना, उज्ज्वला योजना से भी हर व्यक्ति को लाभ हो रहा है। इस दौरान उन्होंने जनकल्याणकारी योजना एवं भविष्य में जन नीतियों के संबंध में लिखित पत्र ग्रामीणों को दिए। इसके उपरांत जगदीश विश्नोई के आवास पर चौपाल लगाई व ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया। साथ ही लंबित समस्याओं को आलाकमान तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर हर्ष विश्नोई, मुकेश शर्मा, राजीव गुर्जर, तपेंद्र शर्मा, केशव शर्मा, राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों से चर्चा करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

रुस्तम नगर में लाभार्थियों को जानकारी देते कार्यकर्ता।

संपर्क अभियान में दी योजनाओं की जानकारी

बिलारी, अमृत विचार : ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर की बूथ संख्या 219 से लाभार्थियों से संपर्क कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मोदी का पत्रक वितरित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ने के लिए 9638 002024 पर मिस्ड कॉल कराई। रविवार को लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी योजना के अंतर्गत नगर मंडल बिलारी के ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर की बूथ संख्या 219 से लाभार्थियों से संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र के संयोजक अमिताभ सागर, मंडल उपाध्यक्ष संजू शर्मा, निखिल पांडे, उज्जवल गोयल, सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम से मन मोहा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : सेंट मैरी कान्वेन्ट स्कूल मौढ़ी हजरतपुर में फन फेयर कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व एकता में अनेकता नाटिका से किया। प्रबन्धक फादर मुकेश पाल रावत व प्रधानाचार्या सिस्टर हेलन सत्या ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। फन फेयर में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाकर व विभिन्न प्रकार के गेम्स से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राएं ने भी प्रतिभाग किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के कोऑर्डिनेटर विनय कुमार शर्मा, अमित माहेश्वरी, प्रखर रस्तोगी, अर्पित सहगल, विवस्वत सिंह, मयंक चौधरी, मृगांक चौधरी, राजकुमार, रोहित कुमार, प्रदीप कुमार, पल्लवी विश्नोई, रीना चौहान, प्रकृति गौड़, जूली, अपर्णा, उन्नति, रेशमा, जोस रईस आदि का योगदान रहा। वहीं स्टैण्डर्ड कान्वेंट स्कूल जूनियर हाईस्कूल के तत्वावधान में विद्यालय में स्टैंडर्ड क्वीज कंपटीशन 2024 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 8 तक के विभिन्न विद्यालयों के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर देवांशु विश्नोई, निशांत कुमार, जरीन अहमद, शमा परवीन, रेशमा, कलीम अहमद, फरजाना, सुमैया, राख्शनदा, शिफा नाज, विवेक कुमार, सदफ, हुमेरा आदि का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य मधुलिका बिश्नोई ने सभी का आभार जताया।

कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ **सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में हुआ फन फेयर कार्यक्रम**

एक नजर

भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

मुबारिजपुर, अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लाक क्षेत्र के गांव पुरसल में बूथ 258 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। प्रधानमंत्री ने इसकी शुरूआत देशभर में मनाए जाने वाले महिला दिवस से की और नारी शक्ति को बढ़ावा देते हुए संदेश दिया बता दें कि हर साल आठ मार्च को महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने महिला दिवस पर बात करते हुए कहा यह विशेष दिन देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योदगान को नमन करने का अवसर होता है। कहा अब भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाई को छू रही हैं। कुछ वर्ष पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी। लेकिन अब ये संभव हो रहा है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामपाल खड़गवंशी, शिव कुमार, अमरपाल सिंह, तेजपाल आदि रहे।

महिला का आबकारी टीम पर मारपीट का आरोप

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बोना वाली डगरोली में शनिवार को आबकारी विभाग की टीम ने कच्ची शराब को लेकर छापेमारी की थी। गांव निवासी राजेश की पत्नी कुसुम का आरोप है कि पुलिस को देख कुछ बच्चे भाग रहे थे, जिसमें उसका बेटा भी था। उसे पकड़ने के लिए जैसे ही कुसुम भागी तो टीम आबकारी टीम ने उसकी पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गई। घायल कुसुम को उपचार के लिए परिजनों ने निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। घायल के परिजनों का कहना है कि जब वह कोतवाली पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें पुलिस अधीक्षक के यहां जाने की बात कहकर भगा दिया। वहीं आबकारी विभाग मामले की जानकारी न होना बता रहा है। जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र पांडे ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार किया है।

ग्राम समाज की जमीन पर किया अवैध कब्जा

मुबारिजपुर, अमृत विचार : गांव के कुछ लोगों पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। मामला ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव सलारा का है। गांव निवासी राजेश पुत्र प्रकाश ने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में कुछ लोगों ने कब्जा कर रास्ते को बंद कर दिया है। यह गांव के निकलने का एकमात्र रास्ता है जो कि कई घरों की मुख्य सड़क भी है। कब्जा करने के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए सड़क से कब्जा मुक्त करने की मांग की है।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में नारी शक्ति को सराहा

गांव की रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ा रहीं, देश में जल जीवन मिशन के तहत हो रहा बड़ा काम

संवाददाता, अमरोहा/नौगांवा सादात

अमृत विचार : मोहल्ला अलीनगर स्थित भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महासंपर्क विभाग के पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी के कैंप कार्यालय पर रेडियो पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा कि अब गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ा रही हैं। हर कोई इस विषय पर चर्चा कर रहा है। देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं जहां नारी शक्ति अलग रह गई हो। देश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बहुत बड़ा काम हो रहा है और आगे कहा कि देश में टेक्नोलॉजी काफी बढ़ गयी है। प्रधानमंत्री ने तीन मार्च को विश्व वन्य दिवस का जिक्र भी किया। देश में सरकार के माध्यम से बाघों की संख्या बढी है। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष मयंक सैनी, वीरेंद्र सिंह सैनी, नितिन शर्मा, दिनेश प्रजापति, आनंद प्रजापति, कौशल कुमार चौहान, शमीम अहमद, नसीम, उस्मान अली आदि मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने सुनी मन की बात : हसनपुर : भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना।

नगर के शिवाला मंदिर मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। कहा कि अब हमारे देश की नारी शक्ति हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान ड्रोन दीदी से भी वार्ता की।

उन्होंने कहा कि किसी ने सोचा था कि हमारे देश में ग्रामीण क्षेत्र की महिला ड्रोन उड़ा पाएंगी। लेकिन अब यह संभव हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक मर्यादाओं का पालन करते हुए लोकसभा चुनाव के दौरान तीन महीने मां की बात का कार्यक्रम नहीं होगा। वहीं मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री के मन की बात भी सुनी गई।

इस दौरान नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, मयंक अग्रवाल, अतुल गर्ग, गिरधारी लाल सैनी, पवन राज, राहुल सैनी, सुरेश सैनी, कविता सैनी, पंकज भटनागर, मुकुल अग्रवाल, संजय सहदेव, अजय पाल, विक्रम महंत, राहुल सैनी, पप्पू, मोहसिन, अंकुर प्रजापति, अनुपम त्यागी, राजपाल सैनी, ज्योति गर्ग, जय सिंह सैनी, पूरन सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

मन की बात सुनते भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व कार्यकर्ता।

प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते सभासद।

वहीं, हसनपुर विधानसभा के आदमपुर मंडल के बूथ 284 में भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिला महामंत्री ने बताया कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में नारी शक्ति का जिक्र किया। यह सब भाजपा सरकार में ही मुमकिन हो पाया है। इस दौरान राजीव गोयल, शीशराम जाटव, प्रेम गुर्जर आदि रहे।

लोकसभा चुनाव में जुटने को कहा

मंडी धनौरा, अमृत विचार : रविवार को मोहल्ला महादेव स्थित भाजपा शक्ति केंद्र पर सभासद नीतू रानी ने कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 110वां कार्यक्रम सुना। जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि अब देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें देश की नारी शक्ति पीछे रह गई हो। नारी शक्ति ने प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण व स्वच्छता में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को जोश और ऊर्जा से भरी अपनी युवा शक्ति पर गर्व है। हमारे युवा-साथी चुनावी प्रक्रिया में जितनी अधिक भागीदारी करेंगे, इसके नतीजे देश के लिए उतने ही लाभकारी होंगे। वहीं शक्ति केंद्र संयोजक विवेक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने की बात कही। इस अवसर पर मंडल मंत्री विपिन कुमार त्यागी, देवेंद्र सिंह, चौधरी पुष्पराज सिंह, सुरेश शर्मा, महावीर सिंह, राज त्रिवेदी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत

हसनपुर, अमृत विचार : अज्ञात वाहन की टक्कर से राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उपचार के दौरान मेरठ के निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा निवासी 28 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र नानक सिंह राजमिस्त्री था। शनिवार रात वह काम करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के लिंक मार्ग पर चिरंजीलाल कॉलेज के सामने पहुंची तो उसकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी होने पर परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से मेरठ रेफर कर दिया गया। रविवार तड़के सुरेंद्र की मौत हो गई। सुरेंद्र के परिवार में पत्नी सुनीता, दो बेटे व एक बेटी है। कोतवाली पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है। पुलिस का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

अधिगृहीत भूमि का जल्द बैनामा कराने की मांग

हसनपुर, अमृत विचार : औद्योगिक गलियारे के लिए अधिगृहीत की गई भूमि का जल्द बैनामा कराने की मांग करते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम से मुलाकात की। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द भूमि का बैनामा कराया जाएगा।

गंगा एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक गलियारे का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके लिए तहसील क्षेत्र के कुछ गांव की 2200 बीघा भूमि अधिगृहीत की गई है। जिनमें से प्रशासन द्वारा 896 बीघे भूमि का बैनामा करा लिया गया है। रविवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम रुस्तमपुर एवं गागटकोला सहित कई गांव के ग्रामीण एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी से मिले। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की गई कि शासन ने जो उनकी भूमि अधिगृहीत की है उसका बैनामा जल्द से जल्द कराया जाए। एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही भूमि का बैनामा होगा।

ब्लॉक सभागार में जाट महासभा में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

कावेंद्र बने जाट महासभा के अध्यक्ष

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : ब्लाक कार्यालय सभागार में रविवार को जाट महासभा की बैठक हुई। जिसमें पूर्व ब्लाक प्रमुख के पति कावेंद्र सिंह को संगठन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने पर सरकार की सराहना की। बैठक में समाज की तरक्की के लिए भी चर्चा की गई। साथ ही गजरौला में जाट भवन बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक की अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह ने और संचालन सुरेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान डॉ. श्याम सिंह, चौधरी कृपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, देवराज सिंह, ब्लाक प्रमुख के पति चौधरी वीरेंद्र सिंह, विपिन पंघाल, समरपाल सिंह, सचिन चौधरी, तेजपाल सिंह, दीपक चौधरी, गुरुवचन सिंह, डॉ. ललित कुमार, सतेंद्र सिंह, संग्राम सिंह आदि मौजूद रहे।

युवक को घेरकर पीटा दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : घर लौट रहे युवक की बाइक रोककर कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला थाना गजरौला क्षेत्र के गांव नगलिया बहादुरपुर के पास का है। बछरायूं थाना क्षेत्र के ढकिया भूड़ गांव निवासी सचिन कुमार शनिवार को किसी काम से दरियापुर बुजुर्ग गांव गया था। आरोप है कि बाइक से वहां से लौटते वक्त नगलिया बहादुरपुर के निकट बाइक सवार दो युवकों ने सचिन को घेर लिया तथा उसके साथ मारपीट कर दी। शोर होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने नगलिया बहादुरपुर गांव निवासी रमन व उसके अज्ञात साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही।

निरंकारी मंडल ने गंगा तट की सफाई की

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : गजरौला के तिगरी गंगा धाम में संत निरंकारी मंडल के तहत अमृत द्वितीय चरण के तहत सफाई अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सफाई के दौरान सभी ने गंगा तट को साफ रखने की अपील की।

रविवार को अभियान का आरंभ क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा, गजरौला की ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा वीरेंद्र चौधरी ने तिगरी गंगा धाम पर किया। विधायक राजीव तरारा ने संत निरंकारी की ओर से चलाए जा रहे सफाई अभियान की प्रसंशा की। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने भी निरंकारी मंडल के प्रयास को सराहा। इस दौरान उन्होंने गंगा घाट पर सफाई रखने को लेकर वहां मौजूद पुरोहितों व स्थानीय निवासियों से अपील की। कहा कि मां गंगा हमारी पौराणिक धरोहर हैं, इसलिए गंगा घाट के आसपास में सफाई व्यवस्था बनाए रखें। इस अवसर पर निरंकारी मिशन के संयोजक राधेश्याम अरोड़ा, गुलशन कुमार पुरी, बृजपाल सरन, रणवीर सिंह, राजीव कुमार, धर्मेंद्र सिंह, अमरदीप पुरी, शिवानी, मुनेश आर्य, अनिता, प्रेम सिंह, महेश कुमार, धर्म सिंह, शक्ति सिंह, बलविन्दर सिंह, अंकुर चौहन, फतेह सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान नारायण सिंह आदि के साथ साथ नगर पालिका कर्मियों ने सहयोग किया।

सफाई अभियान का आरंभ करते विधायक राजीव तरारा व अन्य।

लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : रविवार को नगर में भाजपा ने लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया। अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों को पत्रक बांटकर उनके अनुभव को साझा किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन समेत सभी योजनाओं के बारे में लोगों को पत्रक बांटकर विस्तार से जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने संपर्क अभियान के दौरान लाभार्थी की वीडियो सरल ऐप पर अपलोड कर केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं व पार्टी की नीतियों और कार्यों को बताते हुए समर्थन की अपील की। इस दौरान प्रशांक त्यागी ने बताया कि भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान चला रही है। जिसके तहत सरकार की सभी योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों से संपर्क कर उनके अनुभव को सरल ऐप पर अपलोड किया जा रहा है। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष प्रिंस चावला, सभासद प्रशांक त्यागी, संजीव चौधरी, राजीव उपाध्याय, आकाश मोदी, नितिन तोमर, विनोद कुमार प्रजापति, सुमित आर्य व केशव कुमार सहित रहे।

लाभार्थी संपर्क अभियान में योजनाओं की जानकारी देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

▸▸ भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को घर से निकाला

संवाददाता, गजरौला

▸▸ महिला से की जा रही थी दस लाख रुपये और कार की मांग

▸▸ पीड़िता की तहरीर पर पति समेत सात पर मामला दर्ज

अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह मामला गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर का है। गांव निवासी बबीता की शादी 29 फरवरी 2020 को लठीरा गांव निवासी प्रमोद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ही ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया तथा दहेज में दस लाख रुपये व बोलेरो की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल के लोग उसे आए दिन पीटने लगे। इस दौरान महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया। जिसे उपचार नहीं मिलने पर उसकी मौत हो गई। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। बीते दो वर्ष से विवाहिता मायके में रह रही है। आरोप है कि 22 जनवरी को ससुराल वाले उसके मायके पहुंचे तथा मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के यहां न्याय की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में प्रमोद, हरकेश, महीपाल, हिरदेश, गोमती, शिब्बा व जाटोवाली गांव निवासी सुनीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हार्ट अटैक से मौत

हसनपुर, अमृत विचार : राजपूत कॉलोनी निवासी रामवीर चौहान के रविवार सुबह पांच बजे सीने में दर्द उठा। जिस पर परिजनों ने निजी चिकित्सक को दिखाया तो उसने रामवीर को मृतक घोषित कर दिया। मृतक के दो बेटे रवि एवं लकी की 12 मार्च को शादी है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

आयोजन | विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्टॉल लगाकर योजनाओं का दिया लाभ

बिना भेदभाव सभी का विकास कर रही सरकार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं से बिना भेदभाव के लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा हसनपुर नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंची। जहां नगर पालिका प्रशासन ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, पूर्ति विभाग, डूडा, प्रधानमंत्री आवासीय योजना एवं प्रधानमंत्री ऋण योजना के स्टाल लगाए गए। जिन पर अधिकारियों ने लाभार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं लोगों ने एलईडी पर प्रधानमंत्री का संबोधन भी सुना। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंच रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष ने तथा संचालन भाजपा नेता सुरभित गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विधायक के पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी, संजय शर्मा, अंकुर अग्रवाल, संजय राणा, ईश्वर चंद गुर्जर, अजय पाल विक्रम महंत, श्याम आर्य, राजपाल सैनी, हम्ज़ा अली, दिनेश कुमार, विनय शर्मा, कौशल कुमार, मनी कुमार आदि पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी व साथ में अन्य।

▸▸ कार्यक्रम में मौजूद लोगों से योजनाओं का लाभ लेने को कहा

▸▸ सभी ने एलईडी पर सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

डबल मर्डर के आरोपी पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

गजरौला, अमृत विचार : पुलिस ने फार्म हाउस पर डबल मर्डर की वारदात के आरोपी के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। आरोपियों ने नौ अक्टूबर की रात वारदात को अंजाम दिया था।

क्षेत्र के गांव गुलालपुर स्थित फार्म हाउस पर नौ अक्तूबर की रात मेरठ के गांव सीना निवासी अनिरुद्ध मावी व नोएडा के गांव बोड़ाकी निवासी रतनपाल भाटी की फरसे से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर अशोक समेत सभी आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि इस मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। उसमें जितेन्द्र भड़ाना के खिलाफ भी गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। अब मुरादपुर गांव निवासी जितेंद्र भड़ाना पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

एक नजर

डग्गामार वाहनों से हो रहा राजस्व का नुकसान

मुबारिजपुर, अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लाक क्षेत्र में कई डग्गामार वाहन बेरोक टोक यात्रियों को कई मार्गों पर ले जा रहे हैं। गवां हसनपुर रहरा मार्ग पर भी टैम्पो बिना परमिट और नियमों को ताख पर यात्रियों को बैठा रहे हैं। डग्गामार वाहनों के बस स्टैंड के सामने ही सवारी भरने के चलते परिवहन निगम को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। शिकायत के बाद भी परिवहन विभाग डग्गामार वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

पात्रों को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

अमृत विचार, अमरोहा : पालिका परिषद अमरोहा द्वारा मोहल्ला अहमद नगर अंतर्गत स्थित बाबा साहब छात्रावास में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने बताता कि सरकार की कई योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जा रहा हैं। वंचितों को योजनाओं का लाभ दिए जाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन देश भर में कराया जा रहा हैं।

मसूद क्लब ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी

फाइनल में अनिल इलेवन को छह विकेट से हराया, मैन ऑफ द सीरीज बने अमीन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : दाऊद सराय रोड स्थित स्टार न्यू फ्रेंड्स क्रिकेट अकादमी के तहत शेरू परवेज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मसूद क्लब ने छह विकेट से जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

रविवार को फाइनल मैच अनिल इलेवन बनाम मसूद क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अनिल इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। अनिल इलेवन की टीम 19.2 गेंदों पर 130 रनों पर आल आउट हो गई। राहुल ने 28, अभिषेक गिल 20, करन यादव 18 रनों का योगदान दिया। मसूद क्लब के गेंदबाजी तय्यब सुलतान ने तीन, शारीफ जैदी, ईशु व अनस ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में मसूद क्लब की टीम ने 17.5 गेंदों पर चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया और फाइनल मैच छह विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच तय्यब सुलतान के नाम रहा तो वहीं टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज अमीन राइनी व बेस्ट बॉलर अनस जैदी रहे। अंपायरिंग मिक्की खान व वजीर अहमद ने की। कमेंट्री खुसरो आलमगीर व तय्यब सलमानी ने की। विजेताओं को बसपा नेता फरहान खान ने ट्रॉफी सौंपी। वहीं फिरोज कमाल अब्बासी ने विजेताओं को नकद 15000 व उपविजेता को 10000 रुपये दिए। इस दौरान इकबाल हैदर, सलमान मंसूरी, वसीम बैग, मोहम्मद इमरान, खुर्शीद अहमद, अलमास मंसूरी, मौहम्मद अहमद जैदी, कसीम अशरफ, फैज सिद्दीकी, खालिद ग्रोटेक, नवाब अली, आरिफ मसूद, सलीम पहलवान, नईम शेख, मौहम्मद अजीम, फहीम पहलवान, असद जानू, शाहरूख पठान, अदनान मसरूर, फैजी खान, साईम खान, शुऐब फारूकी, रामिश बोस, शाह फैजी, हनी, लारेब, अरीब, आसिफ अली, मुजम्मिल आदि रहे।

ट्राफी के साथ मौजूद विजेता टीम व अन्य। ● अमृत विचार

जंक से गल रहे खंभे हादसे की आशंका

गजरौला, अमृत विचार : औद्योगिक नगरी में लोहे के कई बिजली के खंभे जंक से गल रहे हैं। इनसे हादसों का खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय निवासी लगातार इस बारे में शिकायत कर रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

शहर में करीब एक दशक पहले बिजली विभाग ने कई लोहे खंभे लगवाए थे। इनसे होकर बिजली के तार गलियों तक पहुंच रहे हैं। वर्तमान में शहर के मुख्य स्थानों पर लगे कई खंभे नीचे से खोखले होकर जर्जर हो चुके हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आंधी, तूफान या बारिश में ये बिजली के जर्जर खंभे हादसे का सबब बन सकते हैं। शहर में चौपला व कुमराला मार्ग पर कई बिजली के खंभे इसी हालत में हैं। इसकी लगातार शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी लापरवाह बने हैं। जिसको लेकर आम लोगों में नाराजगी है। इसके साथ ही कई स्थानों पर बिजली के तार लटके हैं। अधिशाशी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि जर्जर खंभों को बदला जाएगा।

सार-संक्षेप

सेना पदक (वीरता) से सम्मानित होते अंतरिक्ष त्यागी। ● अमृत विचार

मेजर अंतरिक्ष त्यागी को मिला सेना पदक

मंडी धनौरा, अमृत विचार : पुलवामा में तैनाती के दौरान असाधारण युद्ध कौशल व अदम्य साहस के लिए हिसार स्थित मिलिट्री स्टेशन में कार्यक्रम में शनिवार को ग्राम मलकपुर निवासी मेजर अंतरिक्ष त्यागी को दक्षिण पश्चिम कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन के लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने उन्हें सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया। गांव मलकपुर निवासी स्व. शिवकुमार त्यागी के पौत्र अंतरिक्ष त्यागी सेना में मेजर हैं। 2022 में पुलवामा में तैनाती के दौरान आतंकवादियों की मौजूदगी की भनक मिलते ही अंतरिक्ष त्यागी ने साथी जवानों संग मौके पर पहुंचे और आतंकवादियों पर कार्रवाई कर एक को ढेर कर दिया।

निरीक्षण करते ईओ प्रदीप नारायण व अन्य। ● अमृत विचार

शब-ए-बरात को लेकर ईओ ने परखीं व्यवस्थाएं

हसनपुर, अमृत विचार : नगर पालिका द्वारा शाह विलायत की दरगाह एवं नगर स्थित कब्रिस्तानों में लाइट एवं सफाई कराई गई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित एवं सभासदों ने कब्रिस्तानों और मस्जिदों का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने स्टाफ को कब्रिस्तान, मस्जिदों और दरगाह के आसपास सफाई और बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। रविवार को नगर के संभल बस स्टैंड चौराहे के निकट स्थित शाह विलायत की दरगाह एवं कब्रिस्तानों का अधिशासी अधिकारी एवं सभासदों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाहनवाज अंसारी, हम्ज़ा अली, जावेद जरताब, अलीमुद्दीन, जाहिद बंजारा, नौशाद, मोहसिन, मुस्तकीम, गुड्डू, बाबू दिनेश कुमार, शारिक आदि मौजूद रहे।

सचिन विश्नोई को मनोनयन पत्र सौंपते मनु शर्मा। ● अमृत विचार

आरटीआई एसोसिएशन के धनौरा नगर अध्यक्ष बने सचिन

मंडी धनौरा, अमृत विचार : आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी मनु शर्मा ने सचिन विश्नोई को मंडी धनौरा का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। रविवार को आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी मनु शर्मा ने संगठन को विस्तार देने के लिए मंडी धनौरा के मोहल्ला महादेव निवासी सचिन विश्नोई को धनौरा नगर का अध्यक्ष नियुक्त किया। सचिन विश्नोई को नियुक्ति पत्र सौंपकर एसोसिएशन के जिला प्रभारी मनु शर्मा ने कहा कि विभिन्न स्तर पर सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के साथ उनकी जनता के प्रति जवाबदेही तय करने और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए हमारी एसोसिएशन कार्य करती है। एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने सचिन विश्नोई को मंडी धनौरा का नगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खुसरो नदीम जिला महासचिव चंद्रगुप्त मौर्य, खुसरो नदीम, संजीव जिंदल, दिनेश सिंह, सचिन गुप्ता, कावेंद्र सिंह, विनोद मौर्य, शानू कुरैशी, अभिनव मर्दान आदि लोग उपस्थित रहे।

20 दिन बाद भी घटनाओं का खुलासा नहीं

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक ने विनय कुमार की जगह सनोज प्रताप सिंह को हसनपुर कोतवाली की कमान सौंपी है। नगर में हुई दो लूट एवं एक चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार को सफलता नहीं मिली थी। अब यह चुनौती सनोज प्रताप सिंह को पूरी करनी है।

पुलिस अधीक्षक ने विनय कुमार को अपना पीआरओ नियुक्त किया है। जबकि सनोज प्रताप सिंह ने रविवार को कोतवाली की कमान संभाल ली। यहां हुईं दो लूट की घटनाओं का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि सात फरवरी की देर रात नगर के चामुंडा मंदिर के निकट बदमाशों ने चाकू दिखाकर फोटोग्राफर प्रेमपाल से कैमरा, मोबाइल समेत 97,900 रुपये की लूट की थी और दूसरी घटना आठ फरवरी की देर रात्रि नगर के बाइपास मार्ग स्थित बैंक्वेट हॉल से दुल्हन के चाचा से बैग छीन कर डेढ़ लाख रुपये लूट लिए थे।

12 फरवरी को नगर के रहरा रोड स्थित अंकित आयरन स्टोर से चोरों ने 50 हजार रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया था। दुकान स्वामी अंकित गर्ग ने कोतवाली में तहरीर देकर खुलासे की मांग की गई थी। व्यापारी संगठन कोतवाली पुलिस से घटनाओं के खुलासा की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों की मानें तो तीनों घटनाओं के खुलासे के लिए एसओजी सहित पांच टीमें कार्य कर रही हैं।

लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस खाली हाथ हैं। अब नए प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह से कोतवाली क्षेत्र की जनता को उम्मीद है कि वह पिछले दिनों में हुई लूट एवं चोरी की वारदातों का खुलासा कर जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान भी करेंगे।

अपराधियों पर लगेगी लगाम : थाना प्रभारी

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार : कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने देर रात रहरा थाना प्रभारी को बदल दिया। संदीप कुमार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना अमरोहा देहात का चार्ज सौंपा। जबकि रमेश सहरावत को रहरा थाने का नया थाना प्रभारी बनाया गया। रविवार को रमेश सहरावत ने थाने का चार्ज लिया। पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वह नागरिकों से अच्छा व्यवहार करें और अनुशासन में रहकर अपना काम करें। अपराधियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि अपराध को कम करने के लिए जनता का सहयोग काफी जरूरी है।

- नए प्रभारी निरीक्षक के लिए घटनाओं का खुलासा चुनौती
- घटनाओं का खुलासा नहीं होने से व्यापारी संगठनों में नाराजगी

गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : कंवर

अमरोहा, अमृत विचार : पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तवर ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। पिछले 12 साल से जनता की सेवा की जा रही है। गांव-गांव लोगों के लिए एंबुलेंस व निशुल्क मोबाइल डिस्पेंसरी की सुविधा दी है।

पूर्व सांसद के जनसंपर्क अधिकारी कपिल कुमार ने बताया कि पूर्व सांसद ने हमेशा जनता की सेवा करने का काम किया है। रविवार को जारी बयान में उन्होंने कहा की लोगों की सेवा करना ही उनका उद्देश्य है। पूर्व सांसद हर साल गरीब बेटियों की शादी अपने कैंप कार्यालय जनकपुरी में करते हैं। जिसमें 151 बेटियों का विवाह अपने निजी खर्चे से करते हैं। कोरोना काल में आगे बढ़कर उन्होंने जिला अस्पताल में अपने निजी निधि से 60 लाख रुपये की लागत से ऑक्सीजन प्लांट लगवाया।

फर्जी तरीके से बिजली कनेक्शन चलवाने का आरोप, शिकायत

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

- नेशनल हाईवे के किनारे बस्तोरी माफी में स्थित अलमहताब इंडस्ट्रीज का मामला
- अभियंता और जिलाधिकारी से शिकायत, कनेक्शन बंद करवाने की मांग

अमृत विचार : फर्जी तरीके से बिजली कनेक्शन चलाने का आरोप लगाते हुए विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को शिकायती पत्र भेजा गया है। शिकायतकर्ता ने कनेक्शन को बंद करवाने की मांग की है। मामले में एडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी। अगर मामला सही पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कनेक्शन पर तीन करोड़ 98 लाख रुपये का बकाया है।

चड्ढा स्पिनटैक्स लिमिटेड के जनरल मैनेजर वीरेंद्र कुमार सक्सेना ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को भेजे शिकायती पत्र में अलमहताब इंडस्ट्रीज पर बिजली का फर्जी कनेक्शन चलाने का आरोप लगाया है। पत्र में उन्होंने कहा कि वह भूमि चड्ढा स्पिनटैक्स की है। उसके द्वारा अलमहताब इंडस्ट्रीज को वर्ष 2012 में आगामी छह वर्षों के लिए किराये पर दिया गया था। किरायेनामा की अवधि 2018 में खत्म हो गई है। जिसकी सूचना भी विभाग को दी गई थी। उस पर बिजली विभाग द्वारा दिया गया कनेक्शन अभी तक भी बंद नहीं किया गया है। जबकि उसका भार बढ़ा दिया गया है। कनेक्शन पर तीन करोड़ 98 लाख रुपये का बकाया है। मैनेजर ने कनेक्शन को जल्द ही बंद करवाने की मांग की। एडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। अगर मामला सत्य पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी।

कांवड़ मार्ग का निरीक्षण हाइवे पर वन वे होगा ट्रैफिक

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस ने मार्गों का निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक ने कावंड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। एक मार्च से स्टेट हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन का प्लान तैयार किया।

फाल्गुन माह लगते ही बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे के अलावा नेशनल हाईवे से हापुड़, बुलंदशहर, अनूप शहर, संभल समेत कई स्थानों के कांवड़िए यहां से गुजरते हैं। कांवड़िए मंडी धनौरा मार्ग से होते हुए कुमराला चौकी के निकट से बसेली फाटक होते हुए नेशनल हाईवे पर पहुंचते हैं। कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा के रूट का निरीक्षण करना शुरू कर दिया है। बीते दिनों सीओ श्वेताभ भास्कर ने भी मार्ग का निरीक्षण किया था। रविवार को प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन व इंस्पेक्टर बालेंद्र कुमार ने कांवड़ यात्रा के मार्ग का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बीते वर्ष की व्यवस्थाओं के बारे में भी पता किया जा रहा है। हाईवे पर खुले अवैध कटों को भी बंद कराया जाएगा। एक मार्च से स्टेट हाईवे से गुजरने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा। नेशनल हाईवे पर भी ट्रैफिक वन-वे होगा।

कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह।

भाकियू टिकैत गुट आज करेगा हाईवे जाम

अमरोहा, अमृत विचार : भाकियू टिकैत से जुड़े किसान सोमवार को नेशनल हाईवे जाम करेंगे। मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे जामकर किसानों के मुद्दों को उठाएंगे। एडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों को मनाने का प्रयास किया जा रहा है।

दरअसल संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने जिले भर में दो जगह जाम लगाने का निर्णय लिया है। इसमें एक बगड़ी गांव के सामने किसान मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले हाईवे को जाम करेंगे। इसके अलावा गजरौला धनौरा मार्ग पर भी फतेहपुर गांव के सामने जाम लगाया जाएगा। दोनों ही स्थान पर जाम के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किसानों ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाकियू जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह ने बताया कि दिल्ली में चल रहे आंदोलन को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जाम लगाने का निर्णय लिया गया है।

10 लाख व कार न मिलने पर पति ने दिया तीन तलाक

संवाददाता, डिडौली

- जेठ पर दुष्कर्म का आरोप, पति समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज
- ससुराल से निकालने के बाद मायके में रह रही थी महिला

अमृत विचार : दहेज में 10 लाख रुपये व कार की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पति ने तीन तलाक देकर महिला से रिश्ता खत्म कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पति, जेठ समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़िता ने जेठ पर दुष्कर्म का भी आरोप लगाया है।

मामला डिडौली थाना क्षेत्र के गांव का है। यहां के रहने वाले किसान ने बेटी की शादी संभल जिला के असमौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित करने लगे। ससुराल पक्ष के लोग मायके से 10 लाख रुपये व बोलेरो कार की मांग करने लगे। आरोप है कि जेठ भी बुरी नजर रखने लगा। जिसके बाद उसने दुष्कर्म भी किया। चार फरवरी को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद पति ने महिला को तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर दिया। तभी से पीड़िता अपने मायके में रह रही है। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने पति, जेठ समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली और मामले की जांच में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

घर में घुसकर महिला से छेड़खानी, रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : घर में घुसकर एक युवक ने महिला से छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिलकखानम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि 24 फरवरी को वह घर में अकेली थी। इस दौरान गुलफाम मौका पाकर घर में घुस गया था।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

प्रभारी निरीक्षक का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शहर कोतवाली के नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने रविवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान मुस्लिम कमेटी के लोगों ने भी उनका स्वागत किया और आगामी त्योहारों को लेकर कोतवाल से वार्ता की। प्रभारी निरीक्षक ने संभ्रांत लोगों से कहा कि वह हर समय आम जनता से लेकर व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए तत्पर है। व्यापारी बेझिझक होकर कार्य करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि शहर में रात्रि गश्त बढ़ा दी जाएगी। जिससे अपराध पर अंकुश लग सके। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने थाने के उपनिरीक्षकों, चौकी इंचार्जों से वार्ता की। पुलिसकर्मियों को अपराधियों पर कार्रवाई करने को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान विशाल गोयल, कुंवर विनीत अग्रवाल, अभय आर्य, कपिल शर्मा, शार्दुल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अमित गुप्ता, फहीम शाहनवाज, अजीम रहे।

कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में 35 हजार चौपाल आयोजित करेगा संगठन

नमो युवा चौपाल से युवाओं को जोड़ा जाएगा

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने के लिए पार्टी संगठन के साथ युवा मोर्चा ने भी कमर कस ली है।

रविवार को भाजयुमो के जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी के नेतृत्व में डिडौली मंडल की ग्राम पंचायत सलारपुर माफी से नमो युवा चौपाल की शुरूआत हुई। जिसमें मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी ने बताया कि युवा मोर्चा 25 फरवरी से दो मार्च तक देश भर में दो लाख युवा चौपाल आयोजित कर तीन करोड़ युवाओं से संपर्क किया जाएगा। जिसमें प्रदेश में 35 हजार चौपाल आयोजित कर 20 लाख युवाओं से संपर्क करने का लक्ष्य तय है। बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर नमो युवा चौपाल आयोजित होगी। जिले में 15 मंडलों के 300 स्थानों पर चौपाल लगेगी। जिसमें 50 हजार युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य है। चौपाल में आए युवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे युवा केंद्रित कार्यों की जानकारी दी। साथ ही साथ भाजपा के 2024 संकल्प पत्र यानी मैनिफेस्टो के लिए युवाओं से सुझाव भी लिए। मोदी और योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं बारे में विस्तार से युवाओं को जानकारी दी तथा उसके उपरांत युवाओं की समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सनी सक्सेना, नवजोत सिंह राणा, संदीप पवार, कपिल अवाना, ब्रजपाल भड़ाना आदि रहे।

चौपाल कार्यक्रम में युवाओं के साथ मौजूद भाजयुमो जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी।

एक नजर

ट्रक की टक्कर से घायल वृद्ध की अलीगढ़ में मौत

गुन्नौर, अमृत विचार : नेहरू चौराहे पर शनिवार को सड़क पार करते वक्त ट्रक की टक्कर से घायल हुए वृद्ध ने अलीगढ़ में दम तोड़ दिया। मुहल्ला मजनूशाह निवासी बाबू (75 वर्ष) पुत्र अब्दुल कय्यूम फल बेचता था। शनिवार दोपहर नेहरू चौराहे पर ट्रक ने बाबू को टक्कर मार दी थी। जिससे बाबू गंभीर रूप से घायल हो गया था। बाबू को जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया लेकिन अस्पताल गेट पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया।

बंदर ने बालक को हमला कर किया जख्मी

संभल, अमृत विचार : हयातनगर में पुलिस चौकी के पास निवासी लाला का तीन वर्षीय बेटा मोहम्मद शान रविवार की शाम चार बजे घर के आंगन में खेल रहा था। अचानक से पहुंचे बंदर ने शान पर हमला कर दिया। जिससे शान की चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और लाठी डंडे दिखाकर बंदर को भगाया, लेकिन तब तक बंदर ने काटकर शान को जख्मी कर दिया। परिजनों ने शान का जिला अस्पताल में उपचार कराया।

पुलिस ने बिना अनुमति जलसे की तैयारी रुकवाई

संभल, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव चंदवार में शब ए बारात के मौके पर बिना अनुमति जलसे के आयोजन को लेकर टेंट लगाए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने टेंट लगाने के काम को रुकवा दिया और लोगों को नई परंपरा न करने की हिदायत दी। गांव चंदवार के लोगों ने जलसे के आयोजन को लेकर पुलिस से अनुमति मांगी थी लेकिन प्रभारी निरीक्षक ने अनुमति देने से इंकार कर दिया। फिर भी लोग रविवार को जलसे का कार्यक्रम करने के लिए तैयारी करने लगे। इसके लिए टेंट लगाया जाने लगा।

संभल की खबरें पेज 12 पर भी

दुकानों पर कब्जे का प्रयास, विरोध पर पथराव

कब्जा करने के लिए लगा दिए ताले, मकान पर धावा बोला, बाजार में अफरातफरी, शीशे व लकड़ी का सामान टूटा

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में दुकानों पर कब्जा करने के इरादे से कुछ लोगों ने दुकानों पर ताला लगा दिया। दुकान मालिक ने विरोध किया तो बवाल खड़ा हो गया। दबंगों ने दुकान स्वामी के घर पर धावा बोलकर जमकर पथराव किया। पथराव से मकान में रखा शीशे व लकड़ी का सामान टूट गया जबकि दुकान स्वामी का रिश्तेदार चोटिल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को काबू में किया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला निवासी मोहम्मद शाहिद ने घर के पास स्थित मार्केट में बनी आठ दुकानों को एक साल पहले खरीदा था। आरोप है कि मोहल्ला का ही एक व्यक्ति दुकानों को अपना बताकर काबिज होने है। रविवार की सुबह आठ बजे आधा दर्जन लोग मार्केट में पहुंचे और दुकानदारों को डरा धमकाकर दुकानों के शटर बंद कर अपना ताला लगा दिया। मोहम्मद शाहिद ने विरोध किया तो यह लोग शाहिद के घर पर पहुंच गये और पथराव शुरु कर दिया। मोहम्मद शाहिद व अन्य परिजनों ने घर के अंदर छिपकर अपनी जान बचाई। वहीं पथराव में सरायतरीन निवासी मोहम्मद शाहिद के रिश्तेदार अली वारिस चोटिल हो गए। जबकि मकान के शीशे व लकड़ी का सामान टूट गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर पथराव कर रहे लोग भाग गये। मोहम्मद शाहिद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

पथराव के बाद मौके पर मौजूद कोतवाल पवन कुमार व अन्य पुलिस कर्मी।

पथराव से सहमे लोग

संभल, अमृत विचार : शहर के मोहल्ला नाला में रविवार की सुबह दुकानों पर कब्जे को लेकर विवाद के बाद पथराव शुरु हुआ तो अफरातफरी के हालात बन गये। दुकानदार व अन्य लोग सहम कर दूर चले गये। पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों ने राहत की सांस ली।

रात को काट दिया था सीसीटीवी का तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला में कीमती दुकानों पर कब्जे के लिए फुल प्रूफ प्लान तैयार किया गया था। मोहम्मद शाहिद ने बताया कि शनिवार की देर रात तीन बजे मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की तार काट दी थी। जिससे कमरे में रिकॉर्डिंग बंद हो गई। इसके बाद ही सुबह को दुकानों पर ताला लगाने और विरोध पर पथराव की घटना को अंजाम दिया गया। पथराव के बाद कैमरे चेक करने पर पता चला कि तार कटी हुई है। वहीं कहा जा रहा है कि दुकानों पर कब्जे की साजिश के पीछे कई असरदार लोग भी शामिल हैं। पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है।

ग्राम प्रधान के पति पर जमीन हड़पने का आरोप

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव साकिन शोभापुर निवासी सगे भाई लौकेश, सतीश और अरुण ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कहा कि दो वर्ष पहले ग्राम प्रधान के पति ने पट्टे का लालच देकर सवा बीघा जमीन का बैनामा कराया लिया था। दो वर्ष बीतने के बाद भी सगे भाइयों को ना तो पट्टा मिला है और न ही जमीन की कीमत के चार लाख रुपये ग्राम प्रधान पति ने दिए हैं। लौकेश, सतीश व अरुण का आरोप है कि जब भी ग्राम प्रधान के पति से रुपये मांगते हैं। वह जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज व धमकी देते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है।

बरात घर के दरवाजे की ग्रिल में बंधा मिला युवक का शव

संवाददाता, गुन्नौर

▸▸ संदिग्ध परिस्थिति में मिठाई कारीगर की मौत, एक माह बाद होनी थी शादी

अमृत विचार : नगर के मिठाई कारीगर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घर से कुछ दूर नगर पंचायत के बरात घर में दरवाजे की ग्रिल में फंदे से बंधा उसका शव मिला। होली के बाद कारीगर की शादी होनी थी। कारीगर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

मुहल्ला सराय निवासी विपिन (20 वर्ष) पुत्र इंद्रपाल मुहल्ला बाहरद्वारी में लाल सिंह के मिष्ठान भंडार पर कारीगर था। विपिन दो तीन दिनों से घर नहीं आया था।

रविवार को सुबह विपिन का शव नगर पंचायत के वीरान पड़े बरात घर में ग्रिल से सटा मिला। उसके गले में कसा कपड़ा ग्रिल से बंधा था और दोनों पैर जमीन पर टिके हुए थे। मुंह से खून निकल रहा था। मौके पर पहुंचे लोगों ने विपिन की हत्या का अंदेशा जाहिर किया।

चार भाईयों में विपिन सबसे बड़ा था। मां लक्ष्मी ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही गांव सिकरौरा खादर निवासी होरी लाल की पौत्री के साथ विपिन का रिश्ता तय हुआ था और होली के बाद शादी होनी थी। इंस्पेक्टर संजीव बालियान ने टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लेकर परिवार वालों से पूछताछ की। कोतवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला फंदे से लटककर आत्महत्या करने का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट होगी। हर पहलू को लेकर जांच की जाएगी।

भाजपा की बैठक में बोलते नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा। ● अमृत विचार

लोस चुनाव में जीत के लिए पन्ना प्रमुख बूथ करें मजबूत

संवाददाता, बहजोई

▸▸ मंडल के बूथ संयोजक व बूथ प्रवासियों से बिंदु वार समीक्षा की

अमृत विचार: भाजपा बहजोई नगर मंडल की ग्राम प्रवासी अभियान समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा.अनामिका यादव ने मंडल के प्रत्येक बूथ संयोजक व बूथ प्रवासियों से बिंदु वार समीक्षा की।

बहजोई हेरिटेज पब्लिक स्कूल में आयोजित बैठक में नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने मिशन 2024 में अभी से प्रत्येक कार्यकर्ता को अभी से पन्ना प्रमुखों को अधिक से अधिक सक्रिय रहने को कहा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सभी पन्ना प्रमुख कार्यकर्ता बूथ समिति ग्रुप सक्रिय हो जाएं। अभी से चुनाव को लेकर पूरी ताकत से जुट जाने का काम करें। इस दौरान मंडल प्रभारी इंदू रानी, अनिल कुमार वार्ष्णेय आदि रहे।

भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी मंडल रहटौल की बैठक में शक्ति केंद्र प्रमुखों, शक्ति केंद्र प्रभारी व मंडल के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संभल लोकसभा के सह संयोजक भुवनेश राघव ने कहा कि समस्त शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी एवं मंडल के पदाधिकारी बूथों पर जाकर पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करें।

सिसौटा ग्राम के पंचायत घर में आयोजित बैठक में भुवनेश राघव ने आगे कहा कि पन्ना प्रमुख सक्रिय होकर अपने पन्ने के 60 वोटरों से निरंतर संपर्क करते रहें। पन्ना प्रमुख ही भारतीय जनता पार्टी की जीत का मुख्य आधार बनेंगे। लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत जो भी प्रवासी कार्यकर्ता बूथों पर जाएं वह पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर उन्हें गति देने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापक, सर्वाग्रही पार्टी बन चुकी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी भेदभाव के सभी जाति धर्म के पात्र लोगों को किसान सम्मान निधि व उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन सहित अनेक योजनाओं का लाभ देने का काम किया है। इस अवसर पर राज बहादुर सिंह, हरीश लोधी, प्रेमपाल कश्यप, सुनील कश्यप, अजय सिंह, विनोद प्रजापति, हरकिशोर, कोमल सिंह, सुंदर सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकुश ठाकुर ने की।

संभल के सिसोटा गांव में भाजपा की बैठक में बोलते भुवनेश राघव। ● अमृत विचार

▸▸ बैठक में लोकसभा के सह संयोजक ने पन्ना प्रमुखों से संपर्क के दिये निर्देश

▸▸ लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

सार-संक्षेप

शिविर समापन पर रंगोली बनाकर दिखाई प्रतिभा

संभल, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर का समापन समारोह प्राचार्य डॉ .प्रभा शर्मा की अध्यक्षता और कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार व सचिन कुमार के निर्देशन में हुआ। जिसमें दोनों इकाइयों की 14 टोलियों ने रंगोली बनाई। प्रथम इकाई की टोली नंबर एक और द्वितीय इकाई की टोली नंबर दो को सर्वश्रेष्ठ टोली का पुरस्कार दिया गया। स्वयंसेवकों ने रंगारंग कार्यक्रम में गायन, कविता और भाषण की प्रस्तुति दी। मोहम्मद शुएब, पूजा और दिव्यांशु ने विचार रखे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ .प्रभा शर्मा ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए महिला सुरक्षा पर जोर दिया। कहा कि रासेयो समाज में जागरूकता बढ़ाने और अपने हुनर को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करती है। इस दौरान सुभाष, धीरज का सहयोग रहा।

आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते डॉक्टर नीरज शर्मा। ● अमृत विचार

आरोग्य मेले में 4210 मरीजों का उपचार

संभल, अमृत विचार : जनपद संभल के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 4210 मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ। वहीं 241 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 45 डॉक्टरों और 153 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। मेले में 1574 पुरुषों, 1618 महिलाओं और 1018 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया। 381 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई। जिसमें सभी नेगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 241 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए काउंटर लगे। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। मेले का सीएमओ डॉ .तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ .पंकज कुमार विश्नोई, डॉ .कुलदीप कुमार आदिम, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चंद्र शर्मा ने निरीक्षण किया।

अंडरपास निर्माण के लिए धरने पर डटे किसान

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 34वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। धरने पर बैठे किसानों ने कहा कि धरने को 34 दिन हो गए हैं। प्रशासन का किसानों से अंडरपास बनवाने का वादा झूठा नजर आ रहा है। प्रशासन ने अभी तक अंडरपास के लिए काम शुरू नहीं कराया है। जिस कारण किसान धरना स्थल पर डटे हुए हैं। कहा कि अंडरपास निर्माण कार्य शुरू होने तक धरना रहेगा। इस दौरान दोजी सिंह, सुरेश, जसवंत, चंद्रप्रकाश, राहिद, कृपाली, रामफूल, हरद्वारी, गनपत, राम किशन, ठाकुर सिंह, अनोखे लाल, पातीराम आदि रहे।

कलश धारण कर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

कैलादेवी, अमृत विचार : पंवासा विकासखंड के गांव गोहत में रविवार को गायत्री परिवार की ओर से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ किया गया। गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा के सभी कार्यक्रम गायत्री परिवार की ओर से निशुल्क कराए जाएंगे। गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा के पहले दिन गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गांव की दर्जनों महिलाएं व युवतियां और पुरुष शामिल हुए। जिसमें महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए व पुरुष साहित्य पुराण अपने सिर पर धारण कर चल रहे थे। कलश यात्रा गांव की गलियों व रास्तों से निकलकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई।

विद्या भारती से हो रहा सकारात्मक बदलाव

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार : असमोली के रुकमणी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा शिक्षा को संस्कारवान बनाने के अंतर्गत आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गान से हुआ। छात्र छात्राओं ने पृथ्वीराज चौहान नाटक, देवी गीत, होली रसिया की प्रस्तुति देकर अतिथियों और लोगों को मंत्रमुग्ध किया। गुलाल और फूलों की वर्षा की गई। मुख्य वक्ता प्रदेश निरीक्षक हेमराज सिंह ने कहा कि समाज के सहयोग से विद्या भारती समाज में सकारात्मक बदलाव कर रही है।

सरस्वती शिशु मंदिर पंचमुखी शिक्षा पद्धति द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर है। समाजसेवा के क्षेत्र में विद्या भारती के पूर्व छात्रों का विशेष योगदान है। मुख्य अतिथि विभाग संघचालक अरविंद अरोरा ने कहा कि आज मुझे गर्व है कि मैं विद्या भारती संस्था का पूर्व छात्र रहा हूं और मैं विद्यालय परिवार के साथ मिलकर विद्यालय का विकास करूंगा। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि असमोली की जनता से मेरा रिश्ता पुराना है।

प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र शर्मा ने विद्यालय की उपलब्धि और लक्ष्य की जानकारी देते हुए आभार जताया। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, गौरव त्यागी, राजेश कुमार, भारत पाल, नरेश यादव आदि मौजूद रहे।

असमोली के रुकमणी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ असमोली के रुकमणी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

चोरी के ट्रैक्टर पार्टस से जनरेटर बनाते दो गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर व जनरेटर खरीदकर उनके पुर्जों से नए जनरेटर बनाने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से दो जनरेटर बॉडी, दो जनरेटर, तीन इंजन ट्रैक्टर के आधे खुले हुए व अन्य ट्रैक्टर के पार्टस और ट्रैक्टर खोलने के औजार बरामद किये हैं।

थाना क्षेत्र के मुहल्ला रायसत्ती खेड़ा में पिछले वर्ष अक्टूबर में कार्रवाई कर भारी मात्रा में चोरी के ट्रैक्टर के पार्टस व जनरेटर बरामद कर पुलिस ने दर्जनों लोगों के खिलाफ कार्रवाई की थी। अब गैंग के बचे कुछ सदस्य फिर से सक्रिय हो गए और चोरी के ट्रैक्टर खरीदकर जनरेटर बनाने का धंधा फिर से शुरु कर दिया। रविवार को सूचना मिलने पर पुलिस जोया असमोली मार्ग पर मेट्रो अस्पताल के बराबर से जाने वाले रास्ते पर खाली मैदान के पास के स्थित मकान में पहुंची। चोरी के ट्रैक्टर पार्ट्स से जनरेटर बनाते मुहल्ला रायसत्ती खेड़ा निवासी अकरम व नावेद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

वाहन चेकिंग में पकड़ी चोरी की बाइक, 3 लोग गिरफ्तार

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक कब्जे में लेकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन लोगों का चालान कर दिया है।

गुन्नौर कोतवाली पुलिस की टीम के एसआई मनोज कुमार, रवि कुमार, कांस्टेबल सिद्धार्थ मलिक व वीरेंद्र कुमार शनिवार रात को नूरपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक पर तीन व्यक्ति सवार थे। चेकिंग के लिए रोका और पुलिस ने बाइक के कागज मांगे तो वह दिखा नहीं सके। पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी की है। इसपर पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया।

पकड़े गए बबराला के मुहल्ला यादवान निवासी पुष्पेन्द्र उर्फ लांगुरिया, ओमपाल और इटऊआ निवासी बबलू ने पुलिस को बताया कि यह बाइक 23 फरवरी को बबराला के लोहिया कॉलोनी से चोरी की है। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि शुक्रवार को अपने दोस्त के घर मिलने गया उमेश लौटा तो घर के बाहर खड़ी बाइक गायब थी। शिकायत मिलने पर पुलिस बाइक की तलाश में जुटी थी। तभी अचानक तीनों बाइक चोर हत्थे चढ़ गए। तीनों का चालान कर दिया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

▸▸ चेकिंग के लिए रोका और पुलिस ने बाइक के कागज मांगे तो वह दिखा नहीं सके

बीडीओ को ज्ञापन देते पंचायत सहायक। ● अमृत विचार

पंचायत सहायकों ने क्रॉप सर्वे से छुटकारा दिलाने की मांग की

संवाददाता, असमोली

▸▸ खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया

अमृत विचार : विकास खंड असमोली के पंचायत सहायकों ने खंड विकास अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर कई मांगें उठाई।

पंचायत सहायकों ने कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में मिनी सचिवालय खोला गया है। जिसमें पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई है। उन्हें ग्रामीणों को सुविधा देने का काम सौंपा गया। अब एग्री स्टॉक क्रॉप सर्वे कार्य सौंपा जा रहा। जबकि एग्री स्टॉक क्रॉप सर्वे का काम कृषि विभाग के कर्मचारियों का है। इस कार्य का पंचायत सहायकों को अनुभव भी नहीं है और न ही प्रशिक्षण दिया गया है। पंचायत सहायकों ने क्रॉप सर्वे कार्य से छुटकारा दिलाने की मांग की। इस दौरान हेमलता, कुलदीप सिंह, आकांक्षा शर्मा, वंदना, निशा, कुसुमलता, नसीम जहां, शिवानी, लक्ष्मी, अर्चना कुमारी, नवनीत कुमार, कुमारी गीत, गुरदीप, रोहित आदि रहे।

स्वास्थ्य | वायरल फीवर, खांसी और निमोनिया के मरीजों की संख्या बढ़ी

बदले मौसम में सेहत पर भारी पड़ सकती है लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ सरकारी और निजी अस्पतालों में पहुंच रहे मरीज, डॉक्टर इलाज करने के साथ दे रहे बचाव की सलाह

अमृत विचार : बदलते मौसम में वायरल फीवर, खांसी और निमोनिया का प्रकोप बढ़ा है। सरकारी और निजी अस्पतालों में करीब 70 प्रतिशत लोग इन्हीं बीमारियों की चपेट में आकर इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि डॉक्टर इलाज करने के साथ-साथ सलाह भी दे रहे हैं लेकिन बेहतर स्वास्थ्य के लिए एहतियात बरतना भी जरूरी है। जरा सी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है।

मौसम का मिजाज बदल रहा है तो बीमारियों ने भी पैर पसारने शुरू कर दिए। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही करने पर बीमारियां लोगों को जकड़ रही हैं। इनमें वायरल फीवर, खांसी और निमोनिया का प्रकोप ज्यादा है। आलम यह है कि हर घर में कोई न कोई सदस्य इनमें से किसी एक बीमारी की चपेट में है। सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या अच्छी खासी देखी जा रही है। करीब 70 प्रतिशत मरीज खांसी, वायरल फीवर और निमोनिया के पहुंच रहे हैं।

बच्चों को जकड़ रहा डायरिया

संभल अमृत विचार : मौसम के बदलाव के कारण बच्चों का स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। दो वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चे डायरिया से ग्रस्त हैं। निजी अस्पतालों में रोजाना 15 से 20 बच्चे डायरिया से पीड़ित इलाज के लिए लाए जा रहे हैं। डॉक्टर भी परिजनों को बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहने की सलाह दे रहे हैं।

क्या बोले डॉक्टर

बदले मौसम में लापरवाही न की जाए। ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने के साथ ही गर्म पानी का सेवन करें। ब्लड प्रेशर और शुगर को कंट्रोल करने पर ध्यान दिया जाए। धूल, धुएं और धूम्रपान से बचा जाए।

-डॉ.प्रशांत वार्ष्णेय, फिजिशियन

इस समय बच्चों को डायरिया तेजी से जकड़ रहा है। अस्पताल में रोजाना 15 से 20 बच्चे आ रहे हैं। बचाव के लिए साफ सफाई रखने के साथ खुली में रखे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए।

-डॉ.संजय वार्ष्णेय बाल रोग विशेषज्ञ

बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होने पर बुखार, खांसी, जुखाम और डायरिया आदि जकड़ लेते हैं। बच्चों को जंक फूड व बाहरी चीजें न खिलाई जाएं। पौष्टिक आहार संतुलित मात्रा में मिलना चाहिए।

-डॉ.नितिन गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ

असमोली में किसान गोष्ठी में बोलता वक्ता। ● अमृत विचार

गन्ने को लाल सड़न से बचाने के दिए सुझाव

संभल/असमोली, अमृत विचार : धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड असमोली के तत्वावधान में बसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर हुई किसान गोष्ठी में किसानों को गन्ना को लाल सड़न रोग से बचाने के सुझाव दिए गए। कहा गया कि ट्राइकोडर्मा से भूमि शोध न किया जाए। गोष्ठी में मुख्य अतिथि केवीके शामली के डॉ .विकास मलिक ने कहा कि लाल सड़न रोग को रोकने के लिए ट्राइकोडर्मा से भूमि शोध एवं थायोफिनेट मिथाइल से बीज उपचार करना जरूरी है। भूमि उपचार हेतु खेत की तैयारी के समय अंतिम जुताई से पूर्व ट्राइकोडर्मा को भूमि में अच्छे तरह से मिलाया जाए। चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना इंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि 0238 गन्ना में लाल सड़न रोग ने बहुत अधिक क्षेत्रफल को प्रभावित किया है। गन्ना बुवाई से पूर्व ट्राइकोडर्मा से भूमि उपचार एवं हेक्सा स्टॉप से बीज उपचार किया जाए। इस बुवाई में को 0238 के स्थान पर उन्नतशील गन्ना प्रजाति को 0118, को .15023 आदि का प्रयोग किया जाए। चीनी मिल उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार मंगलम ने कहा कि किसान सभी गन्ना चीनी मिल को ही आपूर्ति करें। चीनी मिल विस्तारित पेराई क्षमता 125000 कुंतल प्रतिदिन पर कार्य कर रही है। जिससे आगामी वर्ष में अधिक गन्ने की जरूरत होगी। इस दौरान चीनी मिल के वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना लोकेंद्र सिंह, उदयभान सिंह, अमित कुमार, राजकुमार, पंकज कुमार, मुस्तजब खान, मदन प्रसाद, शिवम मिश्रा, अंकुश चौधरी, फील्ड सुपरवाइजर, प्रगतिशील किसान रणजीत सिंह, अजयवीर सिंह, राजेंद्र सिंह आदि रहे।

एक नजर

रक्तदान करते अनुज वार्ष्णेय।

गर्भवती महिला का जीवन बचाने को किया रक्तदान

चन्दौसी, अमृत विचार : जीवन रक्तदाता संस्था के संस्थापक अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने चन्दौसी निवासी सात महीने की गर्भवती को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान किया। अनुज वार्ष्णेय ने बताया कि वह 2006 से लगातार नियमित तीन महीने बाद रक्तदान करते रहे हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करते रहे है। संस्था के सभी सदस्य आए दिन प्रत्येक 3 माह पर रक्तदान करते रहते हैं।

सुभाष शाखा का वार्षिकोत्सव मनाया

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के फव्वारा चौक के समीप स्थित गांधी पार्क में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सुभाष शाखा पर शाखा का वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव में सुभाष शाखा पर प्रस्तुत किए जाने वाले दैनिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दर्शकों के समक्ष की गई। जिसमें विभिन्न प्रकार के योग, आसन, सूर्य नमस्कार, दण्ड योग और विभिन्न खेलों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रांत परिवार प्रबोधन प्रमुख भूदेव ने अपने उद्बोधन में संघ की शाखाओं की भूमिका और शाखाओं में होने वाले नित्य कार्यक्रमों की स्वयंसेवकों के निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। समाज के सशक्तिकरण और समरसता के लिए शाखाओं को अनिवार्य बताया। इस अवसर पर नगर सह संघचालक अनिल, नगर सह बौद्धिक प्रमुख डॉ. विवेक, बृजकिशोर, सुशील, मुदित, गोपाल, आशीष, प्रदीप, सुरेश, ओमवीर, सरजू, आदि उपस्थित रहे।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रावत आज बबराला में

बबराला अमृत विचार : उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत सोमवार को नगर के बगीचा वेंकट हाल में लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा बूथ प्रबंधन एवं कोर कमेटी की बैठक में हिस्सा लेंगे।

सड़क पर पलटी कार, सीट बेल्ट और एअर बैग ने बचाई इंजीनियर की जान

कार ने तीन पलटियां खाईं, शीशे तोड़कर बाहर निकाला, मामली रूप से हुआ चोटिल

संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचार : हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में रविवार को हुए हादसे को जिसने देखा दांतो तले उंगली दबा ली। ट्रक ने कार में टक्कर मारी तो डिवाइडर से टकराकर कार ने सड़क पर तीन पलटियां खाईं। कार के अंदर फंसे लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर को लोगों ने शीशे तोड़कर बाहर निकाला। इंजीनियर सीट बेल्ट लगाकर कार चला रहे थे और टक्कर होते ही कार के एअरबैग भी खुल गये थे। इसीलिए इतने बड़े हादसे के बाद भी इंजीनियर मामूली चोटिल हुए।

लोक निर्माण विभाग संभल में तैनात जूनियर इंजीनियर मुरादाबाद निवासी मुनीश कुमार रविवार दोपहर तीन बजे अपनी कार में सवार होकर संभल आ रहे थे। मुनीश कुमार जैसे ही हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर दवा फैक्ट्री के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डिवाइडर से टकराकर कार ने बीच सड़क पर तीन पलटी खाईं। हादसा देख आसपास मौजूद लोग सहम गये। लोग मदद को दौड़े तो कार का शीशा तोड़कर अंदर फंसे जूनियर इंजीनियर मुनीश कुमार को बाहर निकाला। हादसे में मुनीश कुमार मामूली रूप से घायल हुए हैं। कार के एअरबैग खुल जाने की वजह से उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई। हालांकि कार से बाहर निकलने के बाद वह काफी देर तक बदहवास रहे। वहीं मौका मिलते ही चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक कब्जे में लेकर इंजीनियर का निजी डॉक्टर से उपचार कराया।

संभल में हादसे के बाद सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त इंजीनियर की कार। ● अमृत विचार

हादसे के समय सीट बेल्ट लगा रखी थी इंजीनियर मुनीश ने

संभल, अमृत विचार : यातायात विभाग कार सवारों से सीट बेल्ट लगाकर कार चलाने का आह्वान करता है लेकिन इसके बावजूद तमाम लोग कार चलाते समय सीट बेल्ट नहीं लगाते। जिस समय हादसा हुआ इस समय इंजीनियर मुनीश कुमार खुद कार चला रहे थे और उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी थी। लोगों का कहना है कि सीट बेल्ट लगी होने और कार के एयरबैग खुल जाने की वजह से ही उनकी जान बची है।

▸▸ **लोक निर्माण विभाग संभल में नियुक्त है जूनियर इंजीनियर मुरादाबाद निवासी मुनीश कुमार**

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक पर सवार दो लोग घायल

चन्दौसी , अमृत विचार: जनपद बदायूं के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव चन्दोई के पास ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की तहरीर इस्लामनगर थाने में दी गई है।

जनपद रामपुर के थाना शाहबाद के गांव मिलक निवासी मोनू 30 वर्ष पुत्र ओमकार अपने ममेरे भाई मुनेंद्र पुत्र लखपत सिंह निवासी जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के गांव बछेड़ा के साथ बाइक पर सवार होकर इस्लामनगर जा रहे थे। जब बाइक सवार चन्दौसी-इस्लामनगर मार्ग पर गांव चन्दोई के पास पहुंचे से सामने आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

कूड़ेदान का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने प्रधान को पीटा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव बर्रई में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीण गांव में बन रहे कूड़ेदान का विरोध कर रहे थे। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। पुलिस ने ग्राम प्रधान का उपचार सीएचसी में कराया है।

गांव बर्रई के ग्राम प्रधान महेश चंद्र पुत्र राम चरन ने बताया कि गांव में कूड़ेदान बनना है। कुछ दिन पहले उसने गांव में ग्राम समाज की भूमि का चयन किया था। मगर ग्रामीणों के विरोध के चलते उस स्थान पर कूड़ेदान नहीं बनवाया गया।

इसके बाद लेखपाल व सचिव ने मौके पर पहुंच दूसरी भूमि का चयन किया। उस स्थान पर ग्रामीणों के उपले पड़े थे। कहने के बाद ग्रामीणों ने अपने उपले हटा लिए। मगर उक्त भूमि पर भी कूड़ेदान का ग्रामीण विरोध कर रहे थे।

रविवार की दोपहर डेढ़ बजे ग्राम प्रधान दिल्ली से गांव लौटे और कूड़ेदान के लिए चयनित स्थान पर पहुंच गए। जहां ब्लाक बनियाखेड़ा से कुछ कर्मचारी आए हुए थे। विरोध के चलते कुछ ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

सीएचसी में उपचार कराता मारपीट में घायल ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

भारत विकसित यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

कानून व्यवस्था देख प्रदेश छोड़ भागे अराजक तत्व

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के नरौली कस्बे में दीन दयाल उपाध्याय पार्क में भारत विकसित संकल्प यात्रा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

नरौली मंडल के अध्यक्ष हरवेश राघव ने कहा कि हमारी सरकार ने बिना भेदभाव किए हर समाज हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया है। जिसमें किसान सम्मान निधि, निशुल्क राशन, पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज, सख्त कानून व्यवस्था शामिल है। कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार अपराधियों से सख्ती के साथ निपटने का कार्य कर रही है। जिससे भय के कारण अराजक तत्व प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। आज प्रदेश में विकास ही विकास हो रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए हैं। नरौली सीएचसी की ओर से दवाओं का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जीराज पुरी, नितिन शर्मा, राजीव कुमार, शिवकांत राघव, अरविंद कुमार, राजेश कुमार, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. अरशद अली, मुकेश दिवाकर, पवन राघव, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

▸▸ **भारत संकल्प यात्रा के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: सीता रोड पर बिंदल फार्म हाउस में जॉयंट्स वेलफेयर फाउंडेशन-5 यूनिट-14 के जॉयंट्स ग्रुप महिला शक्ति, वूमेन शिखर समेत नव निर्मित जायंट्स ग्रुप वूमेन पावर का अधिष्ठापन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी ग्रुप के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व सेवा कार्यों की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में फेडरेशन 5 की स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, फेडरेशन 5 के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, फेडरेशन पीपी पदमा भार्गव, कृष्ण अवतार गुप्ता एवं फेडरेशन 5 के सभी काउंसलिंग मेंबर्स को चंदन टीका एवं पटका पहना कर स्वागत किया गया। यूनिट डायरेक्टर क्षमता अग्रवाल द्वारा सर्वप्रथम नए ग्रुप वूमेन पावर के सभी सदस्यों व अन्य ग्रुपों के नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात तीनों ग्रुपों के बोर्ड मेंबर को शपथ दिलाई गई।

अंत में महिला शक्ति की इंदु अग्रवाल, वूमेन शिखर की शालिनी शर्मा व नव ग्रुप वूमेन पावर की साधना अग्रवाल को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई।

सभी सदस्यों ने तीनों अध्यक्षों को बधाई दी । आशा विसरिया ने अतिथियों के लिए स्वागत गान प्रस्तुत किया । वूमेन पावर के सदस्यों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया एवं वूमेन शिखर के सदस्यों ने जनसंख्या नियंत्रण पर गीत गाया। कार्यक्रम का संचालन अनु रस्तोगी ने किया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

अधिष्ठापन समारोह में अनुराधा, उषा वार्ष्णेय, शिखा शर्मा, शालिनी सक्सेना, शुभ अग्रवाल, कविता बच्चन, रानी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मीना, रेखा रस्तोगी, अंजू, शैलेश, मृदुल अग्रवाल आदि तीनों ग्रुपों के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

अधिष्ठापन समारोह में मंचासीन जायंट्स ग्रुप के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ **जायंट्स ग्रुप वूमेन पावर का हुआ अधिष्ठापन समारोह**

65 प्रतिभागियों ने ज्ञान प्रतियोगिता में लिया भाग

चन्दौसी, अमृत विचार: भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की ओर से स्टेशन रोड स्थित एबीसी किड्स स्कूल में बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव के निर्देशन में संपन्न कराई गई। जिला संगठन आयुक्त गाइड मीनू भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाएगा। जो कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, रोवर्स/रेंजर्स राज्य स्तर पर सफल होंगे, उनको प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार में दस हजार रुपये व तृतीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। रविवार को संपन्न हुई प्रतियोगिता के लिए 110 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 65 प्रतिभागियों ने परीक्षा दी। कक्ष निरीक्षक के रूप में प्रिंस शर्मा, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

कब्रिस्तान में पूर्वजों की कब्र पर इबादत करते बच्चे। ● अमृत विचार

शब-ए-बरात पर पूर्वजों की कब्रों को रोशन कर की इबादत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: रविवार को शब-ए-बरात का त्योहार मनाया गया। सुबह से ही महिलाओं ने हलवा आदि पकवान बना कर तबर्रुक बांटा। पुरुषों ने कब्रिस्तान पहुंच कर अपने पूर्वजों की कब्र पर साफ सफाई की। शाम को पूर्वजों की कब्र पर पहुंच कर रोशनी की और अगरबत्ती जला कर इबादत की। फातिया पढ़ कर उनकी कब्रो रिसाले शबाद पहुंचाया। मस्जिदों में भी इबादत की। महिलाओं ने घरों में इबादत की। इस दिन लोग अपने उन पूर्वजों के लिए प्रार्थना करते हैं जो इस दुनिया में नहीं हैं। ऐसा करने से अल्लाह उनके लिए जन्नत के दरवाजे खोल देते हैं। सोमवार की सुबह शहरी खाकर रोजा रखा जाएगा। इस दौरान शहर इमाम मौलाना नाजिम, शहर काजी मरगूब नौशाही, शाहआलम मंसूरी, हाफिज मतीन, मौलाना अब्दुल्ला, मुफ्ती उवेश, शाहबुद्दीन सलमानी, हाफिज रईस आदि रहे।

सती, ध्रुव और भरत चरित्र प्रसंग सुन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ **भोलेनाथ भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन**

अमृत विचार: विनायक मार्ग स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन की शुरुआत यज्ञाचार्य मनीष भारद्वाज ने दीप प्रज्जवलन, भागवत आरती और विश्व शांति के लिये प्रार्थना के साथ की। कथावाचक आचार्य संतोष भारद्वाज वृंदावन ने कहा कि मनुष्य से जीवन में जाने अनजाने में प्रतिदिन कई पाप होते हैं। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। कथावाचक ने भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर भाव पूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। कथा के दौरान भजनों को सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

मुख्य यजमान सुशील भोलेनाथ एवं वीना वार्ष्णेय रहे। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, शकुंतला देवी, बीना वार्ष्णेय, दुर्गेश्वरी, महिमा वार्ष्णेय, नम्रता गुप्ता, अपूर्वा, प्रीति, सरिता, सीता, रेनुकुमारी, अंजना, हिना, शोभा, बबिता, शकुंतला देवी, ध्रुव वार्ष्णेय, रवि कुमार, दीपक आदि की भागीदारी रही।

अनदेखी | गंदे पानी की निकासी बाधित होने से उत्पन्न हुई समस्या, नगर पालिका नहीं ले रही सुधि

जल भराव की समस्या से जूझ रहे इंद्रा कॉलोनी के लोग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: इंद्रा कॉलोनी में घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी बाधित होने से कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है। जबकि कॉलोनीवासी कई बार नगर पालिका समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग कर चुके हैं।

चन्दौसी-बेरनी मार्ग पर तहसील गेट के सामने स्थित इंद्रा कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर बने नाले की सफाई का कार्य नहीं होने से नाला चोक हो चुका है। जिससे पानी की निकासी पूरी तरह से बाधित है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी मुख्य मार्ग पर भर गया है। 20 दिन से कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। मुख्य सड़क पर जलभराव होने से रोजाना आवागमन में परेशानी होती है। जिससे सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं व छात्र-छात्राओं को होती है। जलभराव के कारण कई बार बच्चे व महिलाएं गिरकर चुटैल तक हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि लोगों ने समस्या के समाधान के लिए कुछ न किया हो। लोगों ने संबंधित अधिकारियों व संपूर्ण समाधान दिवस में कई बार शिकायत की गई। मगर समस्या जस की तस है। शिकायत करने वालों में ब्रजगोपाल, नरेश, दिनेश कुमार सिंह, छोटे लाल, गौरव, विद्या, शिवानी, शांति देवी, नीलम सिंह, शारदा, विमलेश आदि शामिल हैं।

इंद्रा कालोनी में जलभराव से गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार

▸▸ **गंदे पानी से होकर गुजरने को विवश है कॉलोनीवासी**

इंद्रा कालोनी में जलभराव की समस्या का मामला संज्ञान में है। जल्दी ही नाले की सफाई करा कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। कालोनी वासियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी।

-केके अग्रवाल, कार्यवाहक ईओ

काफी समय से मुख्य सड़क पर बने नाले की सफाई नहीं हुई है। जिससे गंदगी के कारण नाले चोक हो गए हैं। पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है।

-गगनदीप, इंद्रा कॉलोनी

कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। जलभराव में पत्थर डालकर रास्ता बनाया गया है। जिससे गिरकर अक्सर महिलाएं व बच्चे घायल हो जाते हैं।

-रोहित कुमार, इंद्रा कॉलोनी

सार-संक्षेप

गांव रतनपुर में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

लक्ष्मी नारायण महायज्ञ से पूर्व निकाली कलश यात्रा

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रतनपुर स्थित ब्रह्मदेव आश्रम पर रविवार से दो मार्च तक श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञान दास जी महाराज के नेतृत्व में यज्ञ से पूर्व रविवार को गांव में कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम प्रधान सुमन यादव ने फीता काटकर कलश यात्रा आरंभ की। कलश यात्रा ब्रह्मदेव आश्रम से शुरू होकर गांव के सभी मुख्य मार्ग से होते हुए ब्रह्म देव आश्रम पहुंच कर संपन्न हुई। कीर्तन मंडली भजनों गायन कर भक्ति का माहौल बना रही थी। यज्ञाचार्य पं. सोमदत्त महाराज वेद मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञकार्य कराएंगे। कलश यात्रा में नवल उपाध्याय, अमित पाठक, विवेक मिश्रा, कपिल मिश्रा, राजेश मिश्रा, धनवीर सिंह, रामनिवास मिश्रा, रामनरेश यादव, सोनू, कौशल यादव, पंकज, गुंजन, कृष्ण सराफ आदि ग्रामवासी शामिल रहे।

कार्यक्रम में केक काटतीं वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति की सदस्य।

महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ रही हैं आगे

चन्दौसी, अमृत विचार : वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति की ओर से कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला में महिला शक्ति को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी। वक्ताओं ने कहा कि महिला शक्ति व भक्ति की मूरत है। वर्तमान में हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। पहले माता-पिता संतान के रूप में पुत्र रत्न मांगते थे। मगर जमाना बदल गया है, बेटियां भी हर क्षेत्र में अपने माता-पिता का नाम रोशन कर रही हैं। इस दौरान पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय को सम्मानित किया गया। समिति के वार्षिकोत्सव व होली मिलन समारोह को लेकर चर्चा की गई है। साथ ही पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांटी गई। इस अवसर पर रचना वार्ष्णेय, ब्रजवाला, कल्पना वार्ष्णेय, रेखा, नैना, भावना, साधना, पूनम, मंजुला, रीमा, रजनी, बॉबी, प्रियंका, रीति, विमलेश, अर्चना, रीतू, उमा, रुचिका, रंजना, सरिता, निशि, सुमन, सुरभि चौधरी, वंदना, मीना आदि मौजूद रही।

विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते अतिथि। ● अमृत विचार

विद्यार्थियों ने बनाए सुंदर मॉडल

चन्दौसी, अमृत विचार : रोटरी सुंदर लाल नेत्र चिकित्सालय के कॉलेज ऑफ ओप्टोमेट्री में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें ओप्टोमेट्री के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए वर्किंग मॉडल का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का आरंभ रोटरी क्लब के अध्यक्ष चंद्र मोहन मल्होत्रा ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत नेत्र चिकित्सलाय के पदाधिकारियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं से मॉडलों को लेकर जानकारी की। पदाधिकारियों ने मॉडलों की प्रशंसा की। इस अवसर पर अनिल ऐरन, विनय सर्राफ, लक्ष्य ऐरन, अभिषेक बंसल आदि मौजूद रहे।

श्रीराम की बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर के गांव अकरौली में आयोजित सात दिवसीय रामकथा के तीसरे दिन प्रभु श्रीराम के बाल्यावस्था की लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया गया। कथा वाचक अशोक दीक्षित ने कहा कि अयोध्या नगरी में श्रीराम का जन्म के बाद पूरी नगरी में बधाइयां बजने लगीं। राम जन्म की सूचना तीनों लोकों में फैल गई। जहां दर्शन की अभिलाषा लेकर भगवान शिव एक ब्राह्मण का रूप धारण कर अयोध्या नगरी में पहुंचे और विष्णु अवतारी श्री राम के दर्शन किए। माता कौशल्या ने भगवान श्रीराम के भविष्य की अभिलाशा लिए हस्त रेखाएं देखने का आग्रह किया। जहां भगवान शिव ने हस्त रेखाएं न देखते हुए पैरों की रेखाएं देखना उचित समझा और रेखाएं देखने के बहाने पहले चरण स्पर्श कर वन गवन होने की बात माता कौशल्या को बताई। जिससे कौशल्या चिंतित होने लगीं। अगली भविष्यवाणी कर पाते इससे पहले बाल अवस्था में श्रीराम ने पैर से इशारा किया। जिससे ब्राह्मण देवता माता कौशल्या से ईश्वर से कामना करने की बात कही और ब्राह्मण के रूप में भोलेनाथ को दक्षिणा देकर विदा किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



रामकथा सुनाते कथा वाचक अशोक दीक्षित। ● अमृत विचार

रामबाग धाम पर पुजारियों के लिए आवास का उद्घाटन करते अतिथि।

पुजारियों के लिए बने तीन आवासों का लोकार्पण

चन्दौसी, अमृत विचार : श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट द्वारा द्वारा रामबाग धाम मंदिर में कार्यरत पुजारियों के रहने हेतु तीन आवासों का निर्माण कराया गया है। रविवार को समारोह पूर्वक आवासों का लोकार्पण किया गया। प्रथम आवास का उद्घाटन स्व. सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र अंशुल वार्ष्णेय व राहुल वार्ष्णेय के परिवार के सहयोग से किया गया। द्वितीय आवास का उद्घाटन स्व. मुक्ता वार्ष्णेय की स्मृति में उनके पति महेश चंद्र वार्ष्णेय व उनके पुत्र राहुल वार्ष्णेय के परिवार द्वारा किया गया। तृतीय आवास का उद्घाटन स्व. किशन स्वरूप वार्ष्णेय की पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी सुराज वार्ष्णेय व पुत्री-दामाद पूजा-कमल किशोर वार्ष्णेय के सहयोग से किया गया। तदोपरांत ट्रस्ट की साधारण सभा का आयोजन ट्रस्ट परिसर में किया गया। ट्रस्ट एवं सभी उप समितियों के आय व्यय का विवरण ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष डॉ. सौरभ वार्ष्णेय द्वारा प्रस्तुत किया गया। शारदीय नवरात्रि एवं विजय दशमी महोत्सव के आयोजन की समीक्षा की गई। चैत्र नवरात्रि महोत्सव के आयोजन पर विचार किया गया। अध्यक्षता ट्रस्ट प्रधान अशोक वार्ष्णेय फैंसी व संचालन मंत्री अमित केएस ने किया। इस दौरान अमरीश वार्ष्णेय, प्रकाश चंद्र किराना, मंगेश वार्ष्णेय, आशीष वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय थैली, प्रमोद गांधी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : ॥

बिना बुलाए ही किसी भी स्थान पर चले जाना और बिना कुछ पूछें बोलना, जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता, ऐसे लोगो पर विश्वास करना यह सभी मूर्ख और बुरे लोगों के लक्षण हैं।

संपादकीय

एआई की नैतिकता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ही नहीं बल्कि किसी भी तकनीकी का इस्तेमाल विकास या विनाश फैलाने के लिए किया जा सकता है। एआई अक्सर विवाद का शिकार बनती है। प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के बारे में दुनिया भर में कई बातचीत हो रही हैं। प्रौद्योगिकी से किस तरह सार्वजनिक कल्याण में वृद्धि हो सकती है, वो भी महत्वपूर्ण मानवीय संपर्क को हटाए बिना, जो कि सरकारों व नागरिकों के बीच संवाद के लिए बेहद अहम है। एआई, जलवायु परिवर्तन से निपटने और एसडीजी हासिल करने में योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, एआई को किन भूमिकाओं में इंसानों की जगह लेनी चाहिए? व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन के लिए क्या किया जा रहा है? उस डेटा का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना चाहिए? एआई टूल का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे किया जाना चाहिए, इसके लिए स्पष्ट और संक्षिप्त दिशानिर्देशों के बिना, दुरुपयोग और कानूनी परेशानी की संभावना है। हालांकि यूरोपीय संघ ने भी हाल ही में दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून, एआई अधिनियम पारित करके एक मिसाल कायम की है। चीन ने एआई नियमों का अपना सेट विकसित किया है जो लगातार विकसित हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका अभी एआई विनियमन के शुरुआती चरण में है और पारित किए गए अधिकांश कानून केवल राज्य स्तर पर लागू होते हैं। एआई नैतिकता को अभी भी एक लंबी यात्रा तय करनी है कई विशेषज्ञों का तर्क है कि नैतिक एआई एक जिम्मेदार भविष्य के लिए आवश्यक है जहां हम सामाजिक भलाई, स्थिरता और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यूनेस्को ने पहली बार 2021 में, एआई की नैतिकता पर अपनी सिफारिशें पेश की थीं, जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा एक और अन्तर्राष्ट्रीय संकट, कोविड-19 महामारी से घिरा था। एआई के दोहरे इस्तेमाल को लेकर असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि अभी तक कोई ये समझ नहीं पाया है कि आम जीवन में इसका क्या असर होगा, फिर भी सभी एआई क्षेत्र के लीडर बनने की दौड़ में हैं। एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में पिछले 4-5 साल में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि एआई पर अविश्वास करना एक अच्छा संकेत है। जिस तरह एआई टूल्स विकसित किए जाते हैं उसे देखते हुए इन पर पूरी तरह भरोसा करना ठीक नहीं है लेकिन साथ ही ये भी याद रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एआई का बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है। यूनेस्को की सिफारिशों ने वास्तव में हमें एआई और नियमों के बारे में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की है।

खेती कागज पर नहीं भूमि पर होती है

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा।

डॉ.एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के बाद भी वे लोग इनके नाम से अपरिचित हैं जिनके जीवन काल में हरित क्रांति का दौर रहा था। ग्राम्यांचलों में रह कर खेती करने वाले अधिकतर ऐसे किसान अब 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। हरित क्रांति हुई तो मेरी उम्र भी करीब 13 वर्ष की थी। खेत कार्य कौन करता था, कैसे होता था और सरकारी मदद कितनी और कैसे मिलती थी, मुझे सब याद है। हमारे खेत में हरित क्रांति का दौर तो नहीं आया, लेकिन जमीन की कीलेबंदी (कंसोलिडेशन ऑफ़ लैंड होल्डिंग्स) सन 1964 तक हो चुकी थी। करीब आधी से अधिक हमारे खेती की जमीन में नहरी सिंचाई संभव थी। हरित क्रांति के शुरूआती दौर में भी हम पशुओं के गोबर और घरेलू कूड़ा-करकट से बनाई गई हरी खाद ही खेतों में डालते थे। ईख काटने के बाद गेहूं की फसल उन्हें कीलों में, अर्थात 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की क्यारियों में बोई जाती तो अच्छी हुआ करती। एक कीले में तीन साल में एक बार हरी खाद डाली जाती थी। घर में 30-35 पशु हुआ करते। फसल का बीज अपना खुद का होता था अर्थात 'फार्मर्स वैरायटी'। बीज को किसान लोग आपस में अदला-बदली किया करते थे।

हमारे खेत में उपज के बतौर 200 मण गेहूं और करीब 300 मण से ज्यादा चना पैदा हुआ करता था। घर में 10-12 बैल होते थे, चार हळ थे जिन्हें घर के ही चार जन जोतते थे। बहुत समय तक आधी जमीन में ही बुवाई हुआ करती क्योंकि बरसात न होने या साधन नहीं होने से यह छूट जाती थी। कुछेक बार खरीफ की फसल नहीं बोई जाती ताकि जमीन अपनी उपजाऊ शक्ति पुनर्प्राप्त कर ले। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक़ हमारे संयुक्त परिवार के पास खेती की जमीन 90 एकड़ के आसपास है। अब इसमें सिर्फ धान, गेहूं, बरसीम,ज्वार ही बोई जाती है। संयुक्त परिवार टूट जाने से अब ईख नहीं बोई जाती क्योंकि यह आदमी से काफी मेहनत करवाती है। इसके लिए मानव श्रम की बहुत जरूरत होती है जो एकल-परिवार जुटा नहीं पाते। पहले 'बाड़ी' भी बोई जाया करती। इसके मेच्योर पौधे से कपास प्राप्त होती है। पहले देसी या काली बाड़ी बोई जाती थी। आजकल

> हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है।

हमारे इलाके में न चना होता है न बाड़ी क्योंकि यह 'उगल' जाते हैं अर्थात धरती में नमी की अधिकता के कारण या मिट्टी में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण उगते ही नहीं। कभी-कभार मेथी भी बो ली जाती है। पहले बारानी खेती के बतौर आषाढ़ में खरीफ की फसल बोते समय बाजरा बोया जाता था। हमारे कुनबे के अब तो शायद 20 हिस्से हो चुके हैं। ग्यारह हिस्सों में से भी सिर्फ चार हिस्सों वाले खुदकाश्त हैं बाकी की जमीन परिवार में ही ये चार हिस्सों वाले बोते हैं और मालिक को रेंट देते हैं अर्थात सालाना कैश, जो कि प्रति एकड़ रु.25-30 हज़ार है। पूरे पश्चिमोत्तर भारत में जो किसानी और जो संयुक्त परवार सन 1960 तक थे, अब वे स्ट्रक्चरल तौर से वैसे नहीं रहे हैं। तहसील में जमीन को हस्तांतरित करवाने वालों की अब भीड़ लगी रहती है। लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। खाता नंबर बदलवाने का जिक्र भी अगर अलग हुआ परिवार करता तो उसे बुरा-भला कहा जाता और उसे धमका कर कहा जाता कि यह बुजुर्गों के सम्मान के अनुकूल नहीं। लेकिन देखा गया कि इसका नतीजा बुरा हुआ। हमारा गांव और खेत हरित क्रांति के प्रभाव से अछूता ही रहा और किसानी करने वाले हम लोग भी। बाद में, शायद हरित क्रांति (सन 1967-1978) का दौर ख़त्म होने के बाद ही, हमारे खेतों में फसलों से अधिक उपज लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल होने लगा था। सन 1795 के बाद से फार्मर्स वेरायटीज ख़त्म हो गई और बीज लेने के लिए बीज वितरकों के यहां लाइन लगने लगी। ये बीज सरकार देती थी और वितरण या तो अनाज मंडी में दूकानदार लोग किया करते या सरकारी वितरण केंद्र से मिला करते। गांव में कोआपरेटिव सोसाइटी के दफ्तर से भी ये दोनों अर्थात बीज और रासायनिक उर्वरक मिलता था। परन्तु कोआपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को ही। लेकिन अब कमी के चलते इसके लिए भी मार-काट मचती है। लेने के लिए या तो शहर आना होता है या फिर बोने के लिए कुछ नहीं होगा तो खेत खाली पड़ा रहेगा। इनके वितरण में कुप्रबंधन हावी है। गांव में हल की खेती बिलकुल ख़त्म हो चुकी है। कभी 300 से अधिक हल होते थे अब करीब सौ की संख्या में ट्रेक्टर हैं। गांव की खेती की जमीन 28 हजार बीघा है यानी कि करीब 4000 हेक्टेयर। आबादी है 12 हज़ार। गांव के 30 प्रतिशत लोग नौकरी पेशा है और गांव के जो लोग बाहर चले गए हैं और अभी नाता रखे हैं उनकी संख्या भी 3 हजार से कम न होगी। गांव के लोग अपने ही घर के नौकरी पेशा लोगों को पसंद नहीं करते, क्योंकि खेती की जितनी जमीन का टाइटल इनके नाम है और इसे सगे-संबंधी बोते हैं वे इन्हें मन से उपज का पूरा हिस्सा या किराया नहीं देना चाहते, लेकिन कानूनी रूप से बाध्य हैं। कारण यह कि खेती बहुत हाड़-तोड़ काम है और बचत शायद 5 प्रतिशत भी नहीं जबकि हिस्सा करीब 40-50 प्रतिशत तो देना ही होता है।

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा। सन 1900 के अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया और सिंचाई में बेशक हिन्दुस्तानी लोग काम करते रहे, लेकिन अंग्रेज़ अफसरों की तीखी निगाह इनके काम काज पर रहती थे। इरीगेशन चैनल्स की निगरानी खुद करने के लिए इन्होंने नहरों के किनारे और हेड-वर्क्स पर शानदार इंस्पेक्शन बंगलों का निर्माण किया। नहरों के किनारे कैनाल इंस्पेक्शन रोड्स बनवाए जिनकी देखभाल सन 1960 तक भी शानदार तरीके से हुई। अब सब चौपट है। मौसम की मार और अब की मंहगाई ने खेती को भी चौपट कर दिया है। जिस घर में नौकरी और खेती दोनों हैं, तब यह मान कर चलें कि खेत की कमाई तो खेत में ही खप जाती है और नौकरी से मिलने वाले वेतन से घर चलाया जाता है। जिनके यहां पक्की या कच्ची नौकरी भी नहीं है, वे पशु का दूध बेचकर गुज़ारा करते हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि एमएसपी से खेती को सस्टेन करना मुश्किल हो रहा है। यह अलग बात है कि आदतन एक किसान अपने खेत को खाली नहीं छोड़ता और अपने अलावा दूसरों के लिए भी अन्न उगाता है। अपने लिए जो पशु दूध के लिए रखे हैं उनके दूध को भी दूसरों से शेयर करता है।

मेरा दावा है कि एमएसपी पर बात करने वाले लोग एक किसान के दो दुधारू पशुओं की देखभाल का पूरा काम खुद एक सप्ताह भी नहीं कर पाएंगे, खेती करना तो दूर रहा। आठवें दिन ये लोग एम्स में भर्ती होकर कराहते मिलेंगे। खेती में लगने वाली लागत का मूल्य तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमेटी आंक लेती है लेकिन मनुष्यों का दुःख-दर्द, इनके अभाव, समय और खेत-कार्य का अलावा लगने वाला श्रम और तकलीफों का आकलन क्यों नहीं करती? मेरा मानना है है कि यह सब करने वाला सरकारी अमला अगर एक साल तक खुद खेती करके खुद तजुर्बा हासिल करे तो उसे मालूम हो जाएगा कि सब्सिडी और एमएसपी, जख्म पर मरहम मात्र लगाने वाला उपक्रम है। उन्हें मालूम हो जाएगा खेती कॉमर्स नहीं है बल्कि मुल्क के लोगों को जीवित और स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय है। खेती पर लिखने वाले इधर-उधर से लेकर या सरकारी वेबसाइट से डाटा लेकर लिख रहे हैं। इनके अपने वास्तविक अनुभव शून्य हैं। हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है। मेरे गांव के अधिकतर किसान क़र्ज़ के बोझ से दबे हुए हैं और इसे उतार पाएंगे, ऐसी उम्मीद भी नज़र नहीं आती।

प्रसंगवश

अपरिवर्तनीय सत्य

मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

भारतीय हिंदू समाज में प्रचलित रूप चार वर्णों में विभाजित किया गया है जिसे मूलतः जन्म आधारित माना जाता है। सनातन संस्कृति के प्रारंभिक काल में ये वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित न होकर कर्म आधारित थी।

वैश्विक रूप से जातियां एक समुदाय विशेष से ताल्लुक रखती हैं तथा उनका वर्ण विभाजन जन्म आधारित नहीं होता। उनके उद्गम में एक क्षेत्र विशेष आता है। वह विश्व का कोई कोना गांव का नाम अथवा किसी वरिष्ठ पारिवारिक सदस्य का नाम उसको प्राप्त सम्मान या उपाधि हो सकता है। इसके अलावा विभिन्न जातियों का स्रोत उनका पारंपरिक पेशा इत्यादि भी होता है।

भारतीय सनातन संस्कृति को मानने वाले अथवा हिंदू समुदाय के लोगों की जाति और उपनाम में एक बड़ा और अंतर है वे उपनाम या सरनेम तो बदल सकते हैं परंतु अपना वर्ण नहीं बदल सकते। दूसरी ओर धर्म आधारित व्यवस्था के मूल में प्रत्येक व्यक्ति की आस्था होती है जोकि स्वभाव से देश काल परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनशील हो सकती हैं व्यक्ति मूल रूप से चाहे जिस वर्ण, जाति,क्षेत्र अथवा पेशे से हो उसका धर्म उसकी स्वयं की आस्था से निर्धारित होता है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है।

आस्था में परिवर्तन कर दूसरे धर्म में आस्थावान हो सकता है अर्थात कोई भी व्यक्ति कभी भी कहीं भी अपनी धार्मिक आस्था में परिवर्तन कर सकता है। परंतु उसके बाद भी अपनी मूल जाति या उद्गम के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अपनी संस्कृति में परिवर्तन नहीं कर सकता धर्म और जाति में इस बड़े भेद को समझने से काफी हद तक वर्तमान में आपसी वैमनस्यता,धर्म संप्रदाय और जातिगत शत्रुता समाप्त हो सकती है कि वास्तव में धर्म और जाति के नाम पर मनुष्य और मनुष्यता में भेद करना मात्र आधुनिक समाज की अज्ञानता है। आज विज्ञान कहता है, प्राणी मात्र का उदगम एक है तो मात्र आस्था परिवर्तन तथा वर्ण अथवा जाति विभाजन से हम अलग कैसे हो सकते हैं। यही वास्तविक सत्य है और इसी सत्य को सनातन संस्कृति कहती है। मानव जाति एक ही है यह सत्य अपरिवर्तनीय हैं।

मौसम मस्त चुनाव का : नेताओं के रंग

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है मगर समय नजदीक आते ही वातावरण में नर्मी गर्मी की शुरुआत हो गई है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है। इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले; चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग!/ भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और नहीं समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है?

नेताजी की जन विश्वास यात्रा शुरू हो गई है। 5 सालों तक गायब रहने वाले अब हाथ जोड़कर उन्माद मचाते हुए जनता के बीच में दांत निपोड़ रहे हैं। अपनी-अपनी बिरादरी के लोगों के बीच नेताओं ने आना-जाना शुरू कर दिया है। जातीयता का नशा भी कैसा अनोखा होता है कि वह सबसे ज्यादा अपना ही अहित करता है। किसी भी नशे का चरित्र और प्रभाव यही तो है कि वह उसके सेवन करने वाले को ही नष्ट करता है। जातीय उन्माद सबसे पहले उसी जाति का विनाश करता है जो इसमें सम्मिलित हैं, फिर वह समाज को तोड़ता है। ऐसे में तय है कि देश कमजोर होगा ही। चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है ठीक वैसे ही जैसे जनता नेता की जीत के बाद धूल चाटती रहती है। नेता भी पूरे जोशो-खरोश में अपने भड़ास, उबाल और छल-फरेब को जनता की भावना भांप कर निकालते रहते हैं। हर दल ने अपनी जन विश्वास यात्रा निकालनी शुरू कर दी है। किसी ने भारत जोड़ो, तो किसी ने सुशासन संवाद, तो किसी ने जन विश्वास, तो किसी ने दुआ-सलाम, तो किसी ने कुछ और और नाम भले ही रख दिया है लेकिन काम और उद्देश्य सबके एक ही हैं कि आसन्न चुनाव में जनता कैसे उनके पक्ष में आ जाए। बड़े ऊंचे ऊंचे बोल, झूठ फरेब, नारे-वादे, घोषणा, आश्वासन और भाषण का दौर शुरू है। जनता भी पहली बार इस तरह के आचरण और व्यवहार को नहीं देखेगी, वह भी अभ्यस्त हो चुकी है।

> चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है।

विचित्र होता है चुनावी मौसम भी, और यह मौसम पूरे वातावरण में ऐसा नशा घोल देता है कि अच्छे-अच्छे लोग भी उन्माद में आ जाते हैं। सबके बोल बिगड़ जाते हैं। चौक-चौराहों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ही क्या आम-आवाम भी चुनावी हिसाब किताब और गणित में लग जाता है। ऐसे में दलों और नेताओं की आवाजाही तेज हो जाती है। वे आग बुझाने नहीं बल्कि उसमें घी डालकर उसे और तेज करने तथा अपनी रोटी सेंकने के लिए आते हैं।

चुनावी उन्माद का दौर शुरू है। रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे, रंग जमाते शहर, गांव, कस्बों और गली-गली में फैल रहे हैं राजनीति के नए पुराने शोहदे। तमाम प्राणियों के गुण और आचरण को ओढ़कर आ रहे हैं ये। ऑक्टोपस की तरह अपने पंजे की गिरफ्त में लेते चले जा रहे हैं भोले-भाले लोगों को। अब तो चुनावी अभियान में भाषा का भदेस रूप स्थानीय गालियों के साथ प्रस्तुत हो रहा है। जाने किस-किस तरह का गठबंधन बनेगा। इंडिया बना तो उसका हाल बेहाल है, क्योंकि उससे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले जदयू सुप्रीमो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाहर हो गए हैं। उन्होंने पाला बदल दिया और फिर ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है। नरेंद्र मोदी से खार खाए हुए नीतीश कुमार बार-बार उन्हीं की शरण में आ रहे हैं। बड़ी विवशता और छटपटाहट में हैं नीतीश जी।

बसपा सुप्रीमो मायावती जाने कहां हैं?और ठीक-ठाक पता नहीं कि सपा नेता अखिलेश यादव की साइकिल की स्थिति क्या है? कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की देश-नापो चहलकदमी और मटरगश्ती का हाल क्या है? तृणमूल की आंधी ममता दीदी की नई पैंतरेबाजी कैसी है? बहुत सारी बातें हैं! उत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग प्रांतों के स्थानीय क्षत्रपों का भी हाल बेहाल है। वे डांवाडोल हैं। इधर जाएं या उधर जाएं - बात नेताजी की समझ में नहीं आ रही है।

सोशल फोरम

स्मार्टनेस पर जोर

अब हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे है जहां स्मार्टनेस पर जोर है । हर चीज दुबली पतली छरहरी। मोटे का ज़माना गया। आदमी भी स्मार्ट, मोबाइल भी स्मार्ट। आ गया माइक्रो चिप्स का ज़माना। ट्रांजिस्टर का उपयोग करके, हमने रेडियो को छोटा बना दिया है। बाल-पतली फाइबर-ऑप्टिक केबल ने भारी तांबे के तार की जगह ले ली है। माइक्रोचिप्सों ने तो कमाल कर दिया, पता नहीं क्या-क्या अप्रचलित कर दिया ।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

एक और डाटा आ रहा है कि खुली अर्थव्यवस्थाएं बंद अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रति वर्ष 1.2 प्रतिशत अंक तेजी से बढ़ीं, क्योंकि आप जितने अधिक खुले होंगे, आप विचारों, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और प्रबंधन नवाचारों के आज के विश्व नेटवर्क में उतने ही अधिक एकीकृत होंगे , समय के साथ दौड़ सकते हैं ।

इसी कारण देखिये ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978- 79 में ही खोल दी। अपने ही देश में 1991 में विदेशी मुद्रा के लिए चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा और उसके बाद आयी नरसिम्ह राव सरकार / मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था खोलने पर मजबूर होना पड़ा ।

> इसी कारण देखिए ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978– 79 में ही खोल दी।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के धुर विरोधी मार्क्स महान वैज्ञानिक चिंतक थे, साम्यवाद के प्रवर्तक थे, विज्ञान की तरह बताया कि यह होगा फिर यह होगा और फिर क्रांति होगी, कहीं-कहीं हुई भी पर आज यहां तो सब उलट हो रहा है। हमारे देश के मार्क्सवादियों ने अपने देश से लिहाज़ से सिद्धांत खोजे नहीं, वे आज हर सवाल के जवाब के लिए मार्क्स को ताक रहे हैं और मार्क्स कब्र में हैं , निकलने को तैयार नही। समय और देश की मांग के मद्देनज़र उन्हें नए सिद्धांत गढ़ने होगे, धुर वाम से केंद्र की तरफ़ चलकर अपनी नई जगह बनानी और उसे मज़बूत करनी होगी।

-फेसबुक वॉल से

जान है तो जहान है

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन न परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर , डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा ,पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं ।

स्वास्थ्य सुभाषित

जान है तो जहान है अर्थात जान बची रहेगी तो बाद में संसार का सारा आनन्द पुनः उठाया जा सकता है। मृत्यु के बाद सब कुछ व्यर्थ है। इसलिए जीवन सुरक्षित रखना सेहत दुरुस्त रखना हर व्यक्ति का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर आदमी को अपना खानपान ,रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए जिससे उसकी सेहत ठीक–ठाक रहे। सेहत अच्छी रहे ।

दृष्टांत : कोविड महामारी के समय अधिकांश लोगों ने अपनी समस्त सार्वजनिक गतिविधियों को सीमित कर, यहां तक कि घर के बाहर निकलना, भीड़ भाड़ से बचना, स्वच्छता के नियमों का सख्ती से पालन करना, मास्क लगाना, परस्पर दूरी बनाए रखना आदि नियमों का पालन किया और उस संकट को पार किया। अपने को कोविड संक्रमण से बचाए रखने का पूरा प्रयास किया। टीका लगवाया। इन सबका प्रतिफल यह हुआ कि हमारे देश में कोविड की भयानकता अन्य देशों की अपेक्षा कम रही। कितने लोगों की जान बच गई।

इस संदर्भ में एक दूसरा अच्छा उदाहरण है उत्तरकाशी के सिलक्लायारा सुरंग दुर्घटना में फंसे 41 खनन मजदूरों का अपने जीवन को बचाने का सामूहिक प्रयास। उन सभी मजदूरों ने पत्थर की शिलाओं से रिसते जल से अपनी प्यास बुझाई, चिवड़े से भूख मिटाई तथा योगाभ्यास किया । यह सब तब तक करते रहे जब तक राहत प्रयास उन्हें बाहर निकालने में सफल हों सके। अपना जीवन बचाने का ऐसा साहसपूर्ण प्रयास विश्व इतिहास में एक कीर्तिमान स्तंभ है और ' जान है तो जहान है' का ज्वलंत उदाहरण है। जंक जहर है, जिगर कहर है। न खाये इसे/ न आएगी नैश की नौबत,न होगी हृदयाघात की आफत।

व्याख्या : नैश (NASH) अल्कोहल के अतिरिक्त जैसे जंक भोज्य पदार्थों के कारण जिगर में होने वाली सूजन / प्रदाह जो आगे चलकर भविष्य में सिरोसिस या यकृत कैंसर का रूप ले सकता है। जंक पदार्थों का दिल के ऊपर भी बुरा असर पड़ सकता है। आजकल युवकों में पाया जाने वाला दिल के दौरे का यह भी एक प्रमुख कारण है ।

मांसाहार अनेक दोष / हृदय कैंसर जैव कुदोष।

व्याख्याः मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है । स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है ।

मोबाईल न असन, दिल घातक कुव्यसन

(संकेत-असन-भोजन/खाना, दिलघातक- दिल को चोट पहुंचाने वाला/दिल को बीमार बनाने वाला, कुव्यसन- बुरी लत)

व्याख्या : मोबाईल को भोजन न समझे। उससे दिन -रात लिपटे न रहे। उसकी लत न लगाएं। लत की हद तक मोबाईल का प्रयोग आंखों की रोशनी पर असर डालेगा। गर्दन और कमर की हड्डियां झुक जाएंगी। सैर , व्यायाम या योग के लिए समय नहीं निकाल पाएंगें। इन सबका सम्मिलित कुफल यह होगा आपका पेट निकल आएगा। वजन बढ़ जाएगा। दिल पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कम उम्र में हृदयाघात (दिल के दौरे) की संभावना बढ़ जाएगी। किशोर-बच्चों को मोबाईल, लैपटॉप या टीवी सब मिलाकर दिन में दो घंटे से अधिक नहीं देखना चाहिए।

साक्ष्य : एसजीपीजीआई लखनऊ में किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग दिन भर में 3 घंटे से अधिक मोबाईल का उपयोग करते हे उन्हें तोंद, बीपी, तथा शुगर की समस्या कम उम्र में सता सकती है।

प्रकृतिस्थताः क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। आजकल संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर,डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं उसके पीछे प्रकृतिस्थता का अभाव ही प्रमुख कारण है। जिसने अपने अंदर प्रकृतिस्थता का गुण विकसित कर लिया उसने इन तमाम बीमारियों पर सहज ही नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इस संदर्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का एक प्रसंग बहुत ही अनुकरणीय है जिसकी चर्चा महाकवि तुलसी इस श्लोक में बहुत सुंदर तरीके से करते हैंः प्रसन्नतां या न गताभिषेकस्तथा/ न मम्ले वनवास दुःखतः। मुखाम्बुज श्रीरघुनंदनस्य में,सदास्तुसा मंजुल मंगलप्रदा।। (अयोध्याकांड श्लोक-२,श्रीरामचरितमानस) श्रीराम जनकपुर में विवाह के पश्चात अयोध्या लौट आते हैं और महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ से मंत्रणा के बाद उन्हें राज्याधिकार देने का सुनिश्चय करते हैं। राज्याभिषेक के तिथि की घोषणा हो जाती है। दूसरे दिन सवेरा होते-होते महारानी कैकेयी की कुमति और दुराग्रह के चलते उन्हे चौदह वर्ष वनवास की आज्ञा होती है जिसे राम 'कानन राजू' समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं उभरती। प्रस्तावित राज्याभिषेक के ठीक पहले वह हर्षोन्मत्त भी नहीं थे। ऐसा अद्भुत मानसिक संयम और संतुलन ही व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु दे सकता है। इसके विपरीति आजकल का धमाचौकड़ी पूर्ण जीवन केवल असंतोष और तनाव देता है जो अनेक असंक्रामक रोगों का सहज कारण बंनता है ।

अभिवादनशीलताः 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।। ' स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करने वाले हर व्यक्ति को अपने से आयु में श्रेष्ठ हर प्राणी का उचित अभिवादन, उसका यथा संभव सेवा -सत्कार अवश्य करना चाहिए। ऐसे अभिवादनशील व्यक्ति की आयु, विद्या, कीर्ति और बल इन चारों में वृद्धि होती है। स्वस्थ और सफल जीवन जीने वाले अनेक लोगों का जीवन हमें हमेशा अभिवादनशील बने रहने की शिक्षा देता है ।

हम दो हमारे दो : 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।'मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने त्रेता युग के उस काल में सीमित परिवार– 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।' का ऐसा आदर्श रखा जो अब संपूर्ण विश्व को जनसंख्या विस्फोट से बचाने के लिए एक अनुकरणीय अपरिहार्यता बन गई है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने बहुत वर्षों पहले अपरिमित बढ़ती हुई आबादी पर नियंत्रण पाने के लिए इस नारे की बहुत जोर शोर के साथ घोषणा की थी- 'हम दो हमारे दो'। पर हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम तो इस बात का जीवंत उदाहरण हमारे सामने हजारों वर्ष पूर्व रख दिया था। स्वस्थ सामाजिक संरचना के लिए ऐसी संतति – संकल्पना शायद ही किसी अन्य ने प्रस्तुत किया हो।

एक नजर

जनरेटर की शाफ्ट में फंसने से बालक की मौत

नहटौर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव चौहड़पुर में सतीश सैनी के पुत्र गौरव की बरात जाने से पहले मोरसिला हो रहा था। शादी में शामिल होने आए उसके 12 वर्षीय ममेरा भाई विवेक पुत्र गुड्डू सैनी निवासी ग्राम द्वारिकापुरी (गंज) की जैकेट पास ही चल रहे जनरेटर की शाफ्ट में आ गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे चिकित्सक को दिखाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। बालक की मौत से परिजनों का बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल में बालक का गंज गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

सलीम सिद्दीकी को श्रद्धांजलि दी

नहटौर, अमृत विचार : मरहूम पत्रकार सलीम सिद्दीकी को श्रद्धांजलि अर्पित दी। वक्ताओं ने उन्हें नेक दिल इंसान बताया। शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मोहल्ला पोकजान में शोकसभा में महमूद मोदी, चरण सिंह शर्मा, हाफिज अतहर हसन ने कहा कि सलीम सिद्दीकी सभी कर मदद करते थे। विजयपाल सिंह ने कहा कि सलीम सिद्दीकी ने किसानों की समस्याओं को उठाने का काम किया। शोकसभा को मौलाना तय्यब कासमी, गुलाम साबिर सिद्दीकी, विशाल मेंहदी ने भी सम्बोधित किया। शोकसभा में राजा अंसारी, मकसूद अहमद अंसारी, संजीव कुमार रहे।

महिला ने पड़ोसी पर लगाया रास्ता बंद करने का आरोप

नहटौर, अमृत विचार : महिला ने पड़ोसी पर रास्ते को तिरपाल लगाकर बंद करने तथा विरोध पर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मोहल्ला डूडा कालोनी निवासी चांदनी पत्नी नसीम अहमद ने तहरीर में कहा है कि पड़ोसी गुड्डू ने उसके रास्ते को तिरपाल लगाकर बंद कर दिया है। उसने विरोध किया तो आरोपी ने पत्नी नजमा, आरिफ व विशाल तथा मुन्नी के साथ मिलकर गाली गलौज की और शिकायत करने पर धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हादसे में युवक की मौत, दोस्त घायल

हरेवली तिराहे के पास हादसा, ट्रक के पहिए के नीचे आने से हुई मौत

संवाददाता, शेरकोट

अमृत विचार : मामा की लड़की और दोस्त को बाइक से गांव छोड़ने जा रहे युवक की ट्रक के पहिए के नीचे आने से हुई मौत गई। जबकि बाइक पर बैठे अन्य दोनों सुरक्षित रहे। हादसे में युवक की मौत से उसके परिजनों का बुरा हाल है।

बढ़ापुर के गांव नकीपुर के रहने वाले वीरेंद्र का 19 साल का बेटा कृष अपने मामा की बेटी जिया उम्र 16 वर्ष और दोस्त शिवम उम्र 17 वर्ष को धामपुर के गांव दौलतपुर छोड़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान जैसे ही कृष बाइक से हरेवली तिराहे से नेशनल हाईवे पहुंचा तो धामपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने इनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण कृष ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। जबकि जिया और शिवम बच गए। हादसे में कृष की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक को घटना स्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया तथा ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मृत युवक कक्षा 10 का छात्र था। जिसका बुधवार को गणित का पेपर था। हादसे में युवक की मौत से उसके परिजनों का बुरा हाल है।

कार की टक्कर से युवक घायल

नहटौर, अमृत विचार : दोस्त के साथ सर्विस स्टेशन से बाइक लेने जा रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम तरकोली इम्मा निवासी प्रधान खुशनूद अहमद का पुत्र मौहम्मद जैद अपने दोस्त साकिब के साथ हल्दौर मार्ग स्थित सर्विस स्टेशन से बाइक लेने रहा था। जब वह एमकेडी स्कूल के निकट पहुंचा तो पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने जैद को टक्कर मार दी। युवक को टक्कर मारकर चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से जैद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक ने उसके पैर में फ्रैक्चर बताया है। घायल के पिता खुशनूद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

दो बाइकों की टक्कर में दंपती घायल

नगीना, अमृत विचार : नगीना-धामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई बाइकों की टक्कर में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसकी पत्नी भी मामूली रूप से घायल हो गई। घायल देशराज 30 वर्ष की पत्नी दीपा ने बताया कि वह दोनों स्योहारा क्षेत्र के गांव झिल्ला से बाइक से नगीना के लिए चले थे। दोपहर जब उनकी बाइक नगीना के पास पहुंची। तभी नहटौर की ओर से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चला रहा देशराज गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे भी चोट आई। दोनों को नगीना सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद देशराज को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जबकि उसकी पत्नी को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दूसरा बाइक सवार मोहम्मद साजिद निवासी ग्राम काजीवाला इस हादसे में बच गया।

ससुर की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

नगीना, अमृत विचार : पुलिस ने ससुर की हत्या के मुख्य अभियुक्त मोनू को गिरफ्तार कर लिया है। तीन अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

ग्राम नाईवाला निवासी विपिन कुमार ने बताया कि शनिवार रात नगीना थाना कोतवाली में अपनी बहन गीता के पति मोनू, ससुर नाथे, चचेरे ससुर मुन्नू व नरेश के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा है उसकी बहन गीता की शादी ग्राम फतेहपुर निवासी मोनू पुत्र नाथे के साथ हुई थी। मोनू गीता से मारपीट करता रहता है। शनिवार को टीकम सिंह ने मोनू से मारपीट से मना किया तो मोनू ने चाचा मुन्नू, पिता नाथे व नरेश को बुलाया और नल के हत्थे को टीकम सिंह (62 वर्ष) के प्राइवेट पार्ट पर मार दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। कोतवाल सुनिल कुमार ने बताया कि मामले में मोनू पुत्र नाथे निवासी ग्राम फतेहपुर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त नल का हत्था बरामद कर लिया है।

महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

संवाददाता, हल्दौर

अमृत विचार : नगर स्थित कूकड़ा चुंगी के पास राजेंद्र सिंह के गुड़ गोदाम पर गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तहत से देश की समृद्धि व खुशहाली के लिए 51 कुंडीय महायज्ञ के उपलक्ष्य पर 450 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

रविवार को कलशयात्रा में भारत माता की जय, हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में है भाई-भाई, नशा नाश की जड़ है, भाई फल इसका अति सह सुखदाई है का संदेश दिया। इस अवसर पर नहटौर के भाजपा विधायक ओमकुमार, उनकी पत्नी शोभा रानी, पालिका चेयरपर्सन के पति दीपक सैनी, नजीबाबाद जोन समन्वयक डॉ. दीपक कुमार, समर सिंह, कुमुंद, विकास पंकज, कार्यक्रम आयोजक पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा निकालने से पहले एकत्र महिलाएं। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में झांकियों ने मनमोहा

हल्दौर, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम शादीपुर कलां में रविवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष्य पर हवन पूजन किया और शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान शिव शंकर, माता पार्वती, राधे कृष्णा, संत शिरोमणि गुरु रविदास, बाबा भीमराव आंबेडकर आदि की झांकी आकर्षक का केंद्र बनी रहीं। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, जोगराज सिंह, रवि कुमार, देवेंद्र सिंह, दिलावर सिंह, गोपीचंद, यशवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

खेत की मेढ़ पर बैठे वृद्ध की सरिए से पीटकर हत्या

संवाददाता, नगीना

- आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी हो गए थे फरार
- पुलिस ने तहरीर मिलने पर कही कार्रवाई की बात

अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा नया गांव में जमीन के विवाद में खेत जोत रहे वृद्ध की लोहे के सरिया से वारकर हत्या कर दी। हमलावरों ने उसके पुत्र को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल शिवकुमार ने बताया कि वह रविवार दोपहर अपने पिता छोटे सिंह 70 वर्ष के साथ ट्रैक्टर से खेत जोतने गया था। उसके पिता खेत की मेढ़ पर बैठे हुए थे। बताया कि इसी बीच गांव का अमर सिंह अपने चार-पांच साथियों के साथ खेत पर पहुंचा और उसके पिता पर लोहे के सरिए से हमला कर दिया और बाद में उस पर भी हमला बोल दिया। आसपास खेतों में काम करने वालों के शोर मचाने पर सभी हमलावर फरार हो गए। बताया कि उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नगीना देहात पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घायल को उपचार के लिए भेजा। जहां से उसे बिजनौर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। इधर सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि अभी मामले में तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

वाटर पार्क में सफाई करते सेवादार। ● अमृत विचार

सेवादारों ने वाटर पार्क में की सफाई

नगीना, अमृत विचार : सन्त निरंकारी मण्डल ने सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज की स्मृति में नगीना वाटर पार्क में मण्डल के सेवादार बहन एवं भाईयों ने सफाई अभियान चलाया। इस सफाई अभियान का उद्घाटन पवन कुमार (क्षेत्रीय संचालक) ने किया। सुरेन्द्र सिंह,देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर अभय कुमार, आलोक कुमार, वीरेन्द्र सिंह, विपिन कुमार, बलराज सिंह, कुसुम, बबीता आदि अनेक सेवादारों ने सफाई की।

शोभायात्रा में विवाद के मामले में 12 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

किरतपुर, अमृत विचार : थाना किरतपुर में तैनात सिपाही की रविदास शोभायात्रा में क्षेत्र के ग्राम में ड्यूटी लगी थी। जहां शोभायात्रा में डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिससे गांव में शांति व्यवस्था बिगड़ गई और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इसके संबंध में सिपाही ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी ने 12 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शनिवार को क्षेत्र के ग्राम गोविन्दपुर में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकालने का कार्यक्रम था। जहां थाना किरतपुर में तैनात सिपाही आबिद की ड्यूटी थी। रविवार को सिपाही ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि शोभायात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करते हुए दो पक्ष आपस में विवाद करने लगे। उन्हें समझाने पर भी आरोपी नहीं माने। सिपाही ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की। जिसमें थाना प्रभारी ने रविवार को मोनू कुमार, मोतीलाल, मोहन सिंह, चिरंजीव, नितिन कुमार, गुड्डी देवी, अंश कुमार, विशाल, सुनील शिवा, राजीव कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

साहुवाला के युवक की अमेरिका में गोली मारकर हत्या

बढ़ापुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव के एक युवक की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी। युवक अमेरिका स्थित गुरुद्वारे में जत्थे के साथ कीर्तन करता था। उसकी गुरद्वारे के पास ही गोली मारी गई। अभी तक हत्या का कारण व हत्यारों का पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के गांव टांडा साहुवाला निवासी राज सिंह उर्फ गोल्डी 29 वर्ष पुत्र धीरे सिंह बीते करीब डेढ़ वर्ष पहले एक जत्थे में कीर्तन की नौकरी करने के अमेरिका गया था। ग्रामीणों ने बताया कि उसे अमेरिका स्थित गुरुद्वारे में कीर्तन के लिये जत्थे को बुलाया था। जिसमें राज सिंह भी शामिल था। करीब डेढ़ वर्ष पहले राज सिंह साथियों के साथ अमेरिका स्थित गुरद्वारे नौकरी करने लगा था। अमेरिका में बीते शुक्रवार की रात गुरद्वारे के बाहर सड़क किनारे खड़े राज सिंह उर्फ गोल्डी को अज्ञात हथियार बंद बदमाशों ने गोली मार दी थी। शनिवार को राज सिंह की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि अभी तक गुरद्वारा प्रबन्ध कमेटी ने परिजनों को कोई जानकरी नही दी गई है। परिजनों व ग्रामीणों का कहना है कि प्रबन्ध कमेटी गोल्डी के शव को भारत भिजवाए। जिससे परिजन शव का अंतिम संस्कार कर सके। मृत राज सिंह की बहन प्रीति कौर का कहना है कि उन्हें प्रधानमंत्री से उम्मीद है कि वह उसके भाई के शव को भारत मंगा लेंगे।

रामपुर-मुरादाबाद देहात

इलाज के दौरान महिला की मौत, हंगामा

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : उत्तराखंड के बाजपुर स्थित एक क्लीनिक में बिजारखाता निवासी महिला की उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल पर जमकर हंगामा दिया। सूचना पर एसआई उमेश चंद बेलवाल, एसआई देवेंद्र मरनाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके अलावा व्यापारी नेता उशांत सब्बरबाल भी पहुंचे और परिजनों को शांत कराया। पुलिस ने कंपाउडर को हिरासत में ले लिया है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया।

क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी चरन सिंह ने चार वर्ष पूर्व अपनी पुत्री कंचन का विवाह गदरपुर सकेनिया वार्ड नंबर चार निवासी सुरेश के साथ किया था। शनिवार को कंचन की अचानक तबियत खराब हो गई। पति सुरेश ने उसे बाजपुर स्थित डॉ. हरीश लांबा के क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां उसे बोतलें लगाई गईं। इसके बाद डॉक्टर की सलाह पर कंपाउडर ने इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही महिला की हालत बिगड़ गई। उसके मुंह से झाग निकलने लगे। यह देख क्लीनिक में मौजूद डॉक्टरों ने महिला को अस्पताल से जाने को कहा। इस बीच कंचन की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने देर रात अस्पताल पहुंच जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कंपाउडर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया। एसएसआई जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि अभी पीड़ित परिवार की तरफ से तहरीर नहीं आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर मामला दर्ज किया जाएगा।

बाजपुर में महिला की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

टीएमयू के छात्र ने कैंटीन संचालक से 39 लाख ठगे

पाकबड़ा, अमृत विचार: टीएमयू के छात्र ने कैंटीन संचालक से 39 लाख ठग लिए। इस मामले में कैंटीन संचालक की ओर से टीएमयू के छात्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कैंटीन संचालक आनंद अग्रवाल निवासी रामगंगा विहार फेस 2 ने दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि टीएमयू बीबीए का छात्र अर्चित जैन पुत्र रूपेश जैन निवासी हाल पता टीएमयू छात्रावास ने कहा था कि वनप्लस के मोबाइल और अन्य सामान पर 60 प्रतिशत के डिस्काउंट पर मिल रहा है। मैं आपको यह सामान 60 परसेंट के डिस्काउंट पर दिलवा दूंगा। इसी को लेकर कैंटीन संचालक को झांसे में ले लिया। कैंटीन संचालक ने काफी लोगों से संपर्क कर सभी को डिस्काउंट का मोबाइल बताया। सभी लोग मान गए। उसके बाद सभी से पैसा इकट्ठा कर अर्चित जैन को दे दिया। अर्चित ने 39 लाख रुपए हमसे ले लिए। इसके बदले में उसने सामान नहीं दिलवाया है। उसके बाद उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किसानों के ट्रैक्टर मार्च को लेकर पुलिस हुई सतर्क

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार: भाकियू के ट्रैक्टर मार्च को लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है। रविवार को पुलिस ने रूट चेक किया। इसके साथ ही किसानों से वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी ली।

भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने बताया कि हाईकमान के आह्वान पर निकाले जाने वाले ट्रैक्टर मार्च की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इसके लिए सभी गांवों में कमेटियां बनाई जा चुकी हैं। ट्रैक्टर मार्च का रूट भी शाहबाद तहसील क्षेत्र के गांव चकरपुर कदीम से मित्रपुर अहरौला तक तय किया गया है। सोमवार को राष्ट्रीय आह्वान पर भाकियू का ट्रैक्टर मार्च प्रस्तावित है। रविवार को कोतवाल ओमकार सिंह ने किसानों से वार्ता की। पूरा कार्यक्रम जानने के साथ ही उन्होंने रूट का मुआयना किया। किसानों से शांतिपूर्वक मार्च करने की अपील की।

ट्रैक्टर मार्च को लेकर किसानों से वार्ता करते कोतवाल। ● अमृत विचार

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने से पहले एकत्र कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल हुए कार्यकर्ता

नजीबाबाद, अमृत विचार : युवा कांग्रेस कमेटी जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष गौतम सिसौदिया, नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल व जैद मेहताब के नेतृत्व में युवा कांग्रेसी मुरादाबाद, अमरोहा व संभल में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में शामिल कांग्रेस के दिग्गज नेताओं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अवनीश पांडे, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, युवा प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, आराधना मिश्रा, पूनम पंडित, अजय कुमार लल्लू आदि से मुलाकात की। यात्रा में शामिल होने वालों में रिहान जमाल अंसारी, शाही दिलशाद, मोहम्मद सुऐब, दीपक देवरा, अजहर मंसूर, अस्मित भारद्वाज, खालिद अंसारी, कपिल चौहान, मोहम्मद सारिम, मोहम्मद शुमैल, अभिषेक राजपूत, शिवम कुमार, विनीत कुमार, मोहम्मद अयान, गौरव चौहान, अकरम खान, राकेश शर्मा, शारिब, सलीम, दीपक, ऋषभ आदि शामिल रहे।

शोभायात्रा का आरंभ करते अंकित चौधरी व साथ में अन्य।। ● अमृत विचार

संत शिरोमणि रविदास की शोभायात्रा निकाली

किरतपुर, अमृत विचार : नगर में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के अखाड़े में युवाओं व बुजुर्गों ने करतब दिखाए। रविवार को आंबेडकर नगर कमेटी के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मोहल्ला आंबेडकर नगर, लाडपुरा, नवादा, बुड्ढी से भव्य झाकियों के साथ निकलती हुई बस स्टैंड पर सम्पन्न हुई। इससे पहले मोहल्ला आंबेडकर नगर की धर्मशाला में ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी, दिवेंदर चौधरी व पूर्व राज्यमंत्री धनीराम सिंह ने शोभायात्रा का आरंभ किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी व राज्य मंत्री धनीराम सिंह ने अखाड़े पर हाथ आजमाए। शोभायात्रा के दौरान बस स्टैंड पर अंकित चौधरी व देवेंद्र चौधरी को सम्मानित किया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से धनीराम मंत्री, चंद्रप्रकाश, अखलेश, गौतम, दीपक, डॉ. विकास, संजय चौहान, संजीव वर्मा सोनू, गौरव पाराशर, मयंक अग्रवाल, अंकुश जैन, सूरज सिंह, अखलेश कुमार, अजब सिंह, राहुल कुमार रवि, प्रतीक चौधरी, अमर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

तीन वर्षीय बच्ची को ट्रिपलर ने मारी टक्कर, मौत

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव ताहरपुर में अपनी फूफी के साथ किराना की दूकान से शब ए बरात का सामान लेने गयी तभी तीन वर्षीय बच्ची को तेज रफ़्तार से आ रहे ट्रिपलर ने टक्कर मार दी। जिससे बच्ची की पहिये के नीचे आने से दर्दनाक मौत हो गयी। खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। शब ए बरात की खुशिया गम में बदल गयी। मैनाठेर थाना क्षेत्र के ताहरपुर में रविवार की दोपहर लगभग तीन बजे रूबी अपनी भतीजी लाएवा (3) पुत्री अकरम को लेकर घर से कुछ ही दूरी पर किराना की दूकान से शब ए बरात का सामान लेने गयी थी। तभी लाएवा को ट्रिपलर ने टक्कर मार दी। पहिए के नीचे आने से लाएवा की दर्दनाक मौत हो गयी। परिवार वालो का कहना है कि मृतक बच्ची तीन बहनों लीजा और वानिया में तीसरे नंबर की थी। मौत की खबर सुनकर त्योहार की खुशिया गम में बदल गयी। परिवार में फूफी रूबी, पिता अकरम, मां मुस्लेमीन दादी भूरी एवं दादा कल्लू का रो-रोकर बुरा हाल है। मैनाठेर इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

शब-ए-बरात पर कब्रों को किया रोशन

अगवानपुर, अमृत विचार : नगर में शब-ए-बरात पर पूरी रात मस्जिदों में इबादत का सिलसिला क़ायम रहा। इस दौरान कब्रिस्तान में साफ-सफाई करने के बाद कब्रों पर मिट्टी डाली गई। फातिहा पढ़कर लोगों ने अपने मुर्दों के लिए मग़फिरत की दुआ की। इस दोरान नगर के शिया समुदाय में भी इबादत की गई और कब्रों को रोशन किया गया। वही मौलाना मो. अब्बास ने बताया कि अल्लाह ने क़ुरआन मे फरमाया कि शब-ए- कद्र हजार महिनों की इबादत से अफजल है। पूरी रात इबादत करने के बाद शिया समुदाय के लोगों ने राम गंगा नदी पर जाकर अरीजा डालने के बाद गले मिलकर 15 शाबान इमाम मेहंदी की योमे विलादत की मुबारकबाद पेश की। नगर के टेंपो स्टेंड मोहल्ला कुरैशीयान मोहल्ला सराय फारूक मोहल्ला ढाप स्थित कब्रिस्तान एवं नगर के अन्य कब्रिस्तानों को रोशनी से सजाया गया।

राजस्व अधिकारियों ने बिना नंबर प्लेट लगे वाहनों के किए चालान

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : बिना नंबर प्लेट व नियमों की अनदेखी कर दौड़ रहे खनन लदे वाहनों के खिलाफ अधिकारियों ने संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाया और चालान काटे। इस कार्रवाई से खनन के धंधेबाजों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह द्वारा शुक्रवार की सुबह किए गए निरीक्षण के बाद टॉस्क फोर्स और सक्रिय हो गई है।

जिलाधिकारी को मुख्य मार्गों पर बिना नंबर प्लेट, ओवर स्पीड, खनन भरे वाहनों के दौड़ने की शिकायत मिल रहीं थी। इसके चलते जिलाधिकारी ने शुक्रवार देर रात खनन चौकियों का निरीक्षण किया था। इस दौरान कई चौकियों पर अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित थे। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण का नोटिस जारी कर दिया। जिलाधिकारी के सख्त रवैए को देख अधिकारी सचेत हो गए। शनिवार की रात खनन अधिकारी विजय कुमार, तहसीलदार कबीर संत, कोतवाल संदीप त्यागी ने राजस्व व पुलिस बल के साथ मसवासी चौराहे व मानपुर तिराहे पर स्थित खनन चौकियों का निरीक्षण किया।

अभियान चला कर बिना नंबर प्लेट, ओवर स्पीड दौड़ रहे खनन लदे वाहनों का चालान कर भारी जुर्माना लगाया। इससे खनन के धंधेबाजों में हड़कप मच गया। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए फर्राटे भरने वाले खनन लदे वाहनों के पहिए थम गए।

वाहनों के चालान करते राजस्व और पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद हुई कार्रवाई

कंटेनर ने कार में मारी टक्कर, दो घायल

मैनाठेर, अमृत विचार: भारत जोड़ो न्याय यात्रा लिखे एक कन्टेनर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार में बैठे दीपक और एक अन्य घायल हो गए। कार चालक दीपक की ओर से कंटेनर चालक के खिलाफ शिकायत की गई थी। पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वही पुलिस कंटेनर को थाने ले आई।

रविवार को कार चालक दीपक निवासी मन्नू नगर थाना फैजगंज बहेटा जिला बदायूं ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि मुरादाबाद-सम्भल रोड पर मुरादाबाद जाते समय एक कंटेनर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वही कार चला रहे दीपक और उसके अन्य साथी को चोट आईं हैं।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और दीपक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कन्टेनर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज़ कर जांच शुरू कर दी है।

संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में मारपीट, रिपोर्ट

किरतपुर, अमृत विचार : संपत्ति में हिस्सा मांगने पर भाई के सरपर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना प्रभारी को नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। निकटवर्ती क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर निवासी अशरफ पुत्र जफर ने अपने भाई अरशद से अपनी संपत्ति का हिस्सा मांगा तो अरशद आग बबूला हो गया। वह अशरफ से बोला की मैं तुझे सारा हिस्सा ही दे देता हूं और गाली गलौज करते हुए पत्थर से वार करने लगा। जिससे अशरफ गंभीर रूप से घायल हो गया। अशरफ ने थाना प्रभारी को नामजद प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने रविवार को अरशद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

एक नजर

युवक ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या की

काशीपुर, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आईटीआई थाना क्षेत्र के जसपुर खुर्द सांईधाम कॉलोनी विशाल नगर निवासी सुभाष चन्द्र (40) पुत्र मुरारीलाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फंदे पर लटका मिला। आनन फानन में परिजन उसे फंदे से उतारकर बाजपुर रोड स्थित हॉस्पिटल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे का सेलिब्रेशन

हापुड़, अमृत विचार : जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे सेलिब्रेशन तथा हाउस सेरेमनी में स्कूलों के 800 बच्चों ने भाग लिया। इनमें विजेता बच्चों को 51 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाएंगे। बता दें कि इस प्रतियोगिता में देश के चार राज्यों की झांकियां प्रस्तुत कर वहां की प्रसिद्ध वस्तुओं स्टॉल लगाए गए। बच्चों ने उस राज्य से संबंधित वस्त्र पहनकर वहां का मशहूर भोजन अतिथियों को परोसा। कॉलेज के मैनेजमेंट डायरेक्टर आयुष सिंघल ने बताया कि इसके साथ आज ग्रैंड पैरंट्स डे भी मनाया गया। हिंदू समाज में कहा जाता है कि ग्रैंड पैरेंट्स का बहुत ज्यादा सम्मान है और आजकल के जो बच्चे हैं वह इस सम्मान को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं। बच्चों को दोबारा याद दिलाने के लिए हमारी एक छोटी सी कोशिश है।

भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

हापुड़, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी माह के अंतिम शनिवार को मन बात के 110 वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। भाजपा सभासद ज्योति सिंह के मोदीनगर रोड स्थित कार्यालय पर मन की बात को सुना गया। जिसमें पउप्र के प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने कार्यकर्ताओं के साथ हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया कि किस प्रकार लोगों ने समूह बनाकर एक दूसरे की सहायता की है, किस प्रकार ऐसे बच्चों को शिक्षित कराया जिनके पास शिक्षा ग्रहण करने के साधन नहीं थे और भी देश में होने वाली गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला। प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-जन के नेता है। उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, उन्होंने जो सपना भारतवर्ष को उन्नत करने के लिए देखा है दिन-रात उसी के कार्य में लगे रहते है।

डीएसपी बनकर ठगी की कोशिश बोला, एनकाउंटर में देर नहीं लगेगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ आरोपियों को जेल भिजवाने के नाम पर मांगे 7 हजार रुपये

अमृत विचार : प्रदेश में बाबा जी का राज है, कोई धमकी देगा तो एनकाउंटर में देर नहीं लगेगी। कुछ इसी तरह की बातें करके एक व्यक्ति ने पीड़िता को फोन कर सात हजार रुपयों की मांग की। महिला ने कुछ दिन पहले ही बारादरी थाना में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में सीओ तृतीय अनीता चौहान से शिकायत कर फोन करने वाले पर कार्रवाई की मांग की है।

महिला के मुताबिक 22 फरवरी की रात एसएसपी के निर्देश पर सुभाषनगर के मढ़ीनाथ निवासी प्रवीन शंखधार के खिलाफ छेड़छाड़, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रविवार को उनके पास एक कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को बरेली जिला डीएसपी बताकर केस से संबंधित बातचीत की। उसने आरोपी का नाम बताने के बाद जल्द जेल भिजवाकर कार्रवाई की बात कही। उसने कहा कि नारकोटिक्स की धारा में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसके बाद आरोपी ने फाइल चार्ज का हवाला देते हुए सात हजार रुपये की मांग की। इस पर महिला ने मिलने की इच्छा जाहिर की तो उसने मना कर दिया। आरोपी ने कहा कि रुपये गूगल पे या फोन पे के माध्यम से देने होंगे। ठगी का एहसास होने पर महिला ने जमात रजा ए मुस्तफा के मोइन खान को पूरी बात बताई। उन्होंने सीओ तृतीय से कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है कि फोन करने वाला कथित पत्रकार है। सीओ तृतीय अनीता चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जो भी साक्ष्य मिलेंगे उसे आधार बना कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

होटल में सरकारी कामकाज कर रहे हैं नए चीफ इंजीनियर, कार्यालय में बैठने वाले अधिकारियों पर भ्रष्टाचार में हो चुकी है कार्रवाई

मुख्य अभियंता कार्यालय अभिशप्त होने की अफवाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नगर निगम में नए मुख्य अभियंता पुनीत ओझा को करीब 20 दिन हो गए हैं लेकिन वह यहां अपने कार्यालय में बैठने के बजाय होटल में ही रहकर सरकारी कामकाज निपटा रहे हैं। इसके पीछे अजीबोगरीब वजह यह बताई जा रही है कि उनसे पहले इस कार्यालय में बैठने वाले कई अफसर अलग-अलग गंभीर आरोपों में शासन की कार्रवाई का शिकार हो चुके हैं। लिहाजा इस कार्यालय को नगर निगम में अभिशप्त माना जाने लगा है।

नए मुख्य अभियंता कार्यभार संभालने के बाद से नगर निगम में अपने कार्यालय में नहीं बैठ रहे। इसके बजाय होटल में ही उनका कार्यालय चल रहा है। ठेकेदार हों या कर्मचारी, उनसे मिलने के लिए होटल ही जा रहे हैं। फाइलों पर हस्ताक्षर भी होटल में ही हो रहे हैं। नगर निगम से कर्मचारी रोज फाइलों का बंडल लेकर होटल पहुंचते हैं और वहीं मुख्य अभियंता के हाथों उनका निस्तारण होता है। ठेकेदारों को अपनी समस्याओं या बातचीत के लिए मुख्य अभियंता से मिलने के लिए होटल ही पहुंचना पड़ता है।

▸▸ फाइलें लेकर होटल की दौड़ लगानी पड़ रही है कर्मचारियों को, ठेकेदार भी परेशान

> मैं किसी अफवाह पर विश्वास नहीं करता। मैं हर रोज अपने कक्ष में बैठता हूं। होटल से कार्यालय चलने की बात गलत है।
> – पुनीत ओझा, मुख्य अभियंता नगर निगम

नगर निगम स्थित मुख्य अभियंता कक्ष के बाहर सिर्फ उनके नाम की पट्टिका लगी रह गई है। ठेकेदार और पार्षद खुलकर कहते हैं कि वह इस कक्ष मिलते नहीं हैं।

दरअसल, नगर निगम में मुख्य अभियंता कार्यालय का ताजा इतिहास ही काफी विवादों में घिरा रहा है। करीब एक साल पहले तत्कालीन मुख्य अभियंता बीके सिंह को बगैर डिजाइन स्वीकृत कराए एक नाले का निर्माण शुरू कराकर लाखों रुपये बर्बाद कर देने और बजट से ज्यादा टेंडर स्वीकृत कर नगर निगम पर भारी देनदारी का बोझ लाद देने के आरोप में शासन के आदेश पर हटाया गया था। भ्रष्टाचार के कई और भी गंभीर आरोप उन पर लगे थे। यहां से हटाए जाने के बाद काफी समय तक उन्हें मुख्यालय से संबद्ध रखा गया।

बीके सिंह को हटाए जाने के बाद उनकी जगह प्रभारी मुख्य अभियंता बने एक्सईएन डीके शुक्ला ने इस कार्यालय में बैठना शुरू कर दिया। डीके शुक्ला का अपना कक्ष खाली हुआ तो उसे पर्यावरण अभियंता को दे दिया गया। डीके शुक्ला तीन महीने ही मुख्य अभियंता कार्यालय में बैठ पाए, इसके बाद शासन से जारी एक गलत आदेश की वजह से उन्हें यह कार्यालय छोड़ना पड़ा।

डीके शुक्ला अब नगर निगम में चलते-फिरते इंजीनियर

प्रभारी मुख्य अभियंता बनाए गए डीके शुक्ला को कोर्ट में कानूनी लड़ाई के बाद उसी स्थान पर बहाल करने का आदेश दिया गया तो वह फिर मुख्य अभियंता कार्यालय में जम गए लेकिन छह फरवरी को पुनीत ओझा के यहां आने के बाद उन्हें फिर इस कार्यालय से हटना पड़ा। इसके बाद डीके शुक्ला को नगर निगम में कोई कार्यालय नहीं मिल पाया है। उन्हें अब नगर निगम का चलता-फिरता अभियंता कहा जाने लगा है। नगर निगम में मुख्य अभियंता और अधिशासी अभियंता दोनों के न बैठने से ठेकेदारों और पार्षदों की दिक्कत बढ़ गई है।

कभी आरोपों से पीछा नहीं छूटता निर्माण विभाग का

नगर निगम का निर्माण विभाग लंबे समय से आरोपों में घिरा हुआ है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की अनदेखी के आरोप लगना तो आम बात है ही, खुद ठेकेदार भी निर्माण विभाग के इंजीनियरों पर कमीशनखोरी के लंबे समय से आरोप लगाते आ रहे हैं। हाल ही में नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में भी स्वास्थ्य विभाग के साथ निर्माण विभाग पर पार्षदों ने जमकर निशाना साधा था। इसके बाद मेयर ने चेतावनी भी दी थी। दिलचस्प बात यह है कि इसके बावजूद अफसरों पर कार्रवाई की वजह गड़बड़ियों के बजाय कथित रूप से अभिशप्त कार्यालय को माना जा रहा है।

रामपुर के बेकरी मालिक को लड़की के चक्कर में फंसा पुलिस ने मांगे 7 लाख

तीन फर्जी पत्रकारों की साठगांठ से साजिश, होटल में बुला कमरे में लड़की को भेजा, दुष्कर्म में फंसाने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

कारनामा

▸▸ एसएसपी के आदेश पर थाना किला में रिपोर्ट, चौकी इंचार्ज और सिपाही निलंबित

▸▸ विभागीय जांच का भी आदेश दिया, फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं

अमृत विचार : किला चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार और सिपाही कोलेंद्र वर्दी में छिपे लुटेरे निकले। तीन फर्जी पत्रकारों के साथ रची गई साजिश के तहत एक बेकरी मालिक को होटल ले जाकर एक युवती से मिलाया गया और फिर दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर सात लाख रुपये की मांग की गई। बेकरी मालिक की शिकायत के बाद एसएसपी के आदेश पर चौकी इंचार्ज, सिपाही और फर्जी पत्रकार नावेद, चांद अल्वी और आजाद समेत सानिया नाम की युवती के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। चौकी इंचार्ज और सिपाही को सस्पेंड कर विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है।

रामपुर के शहजाद इलाके में रहने वाले मुस्तकीम ने बताया कि उनकी परसाखेड़ा में बेकरी है। भोजीपुरा के धौराटांडा निवासी फर्जी पत्रकार नावेद, किला के लीची बाग निवासी चांद अल्वी और गुलाम नबी आजाद ने कुछ साल पहले उनके उनकी एक गर्लफ्रेंड के साथ फोटो हथिया लिए थे और उनके आधार पर काफी समय से उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। शनिवार को तीनों उनके पास पहुंचे थे। उन्हें एक लड़की से मिलवाने का सौदा कर उसे दो हजार रुपये लिए और फिर रात साढ़े 11 बजे उन्हें फोन कर मिनी बाईपास पर होटल अशोका के कमरा नंबर 101 में बुलाया।

> फर्जी केस में फंसाने की धमकी देकर सात लाख रुपये की मांग करने के मामले में चौकी इंचार्ज और सिपाही समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। चौकी इंचार्ज और सिपाही को निलंबित करके दोनों के खिलाफ विभागीय जांच का भी निर्देश दिया है।
> – घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

मुस्तकीम के मुताबिक इस कमरे में उन्हें सानिया नाम की युवती मिली जो कुछ देर उनसे बात करके बाहर निकल गई।

काफी देर तक युवती नहीं लौटी तो वह होटल से बाहर निकल आए लेकिन तीनों फर्जी पत्रकारों के साथ सिपाही कोलेंद्र ने उन्हें रोक लिया। कोलेंद्र ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया और उन्हें फर्जी पत्रकारों के साथ किला पुलिस चौकी ले आया। होटल में मिली सानिया वहां पहले से मौजूद थी। चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार ने बताया कि युवती उन पर दुष्कर्म का आरोप लगा रही है। मामला निपटाने के लिए चौकी इंचार्ज और फर्जी पत्रकारों ने उनसे सात लाख रुपये की मांग की। उन्हें धमकाया कि पैसे न दिए तो दुष्कर्म के केस में जेल जाना पड़ेगा। उन्होंने ढाई लाख रुपये देने की हामी भर दी और पैसे लेने के लिए बेकरी पर चलने के लिए कहा।

बेकरी पहुंचने से पहले ही उन्होंने फोन कर दिया। उनके फोन पर पहुंची पुलिस उन्हें दोबारा किला चौकी ले गई। किसी तरह वहां से निकलकर वह घर पहुंचे।

इसके बाद पत्नी के साथ थाना किला आकर तहरीर दी। इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह ने फौरन मामले की जानकारी एसएसपी को दी और उनके निर्देश पर चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार, सिपाही कोलेंद्र, तीनों फर्जी पत्रकारों और सानिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

दिन में गर्मी, रात में ठंड मार्च की भी बारिश से हो सकती है शुरुआत

बरेली, अमृत विचार : मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। दिन में गर्मी का अहसास हो रहा है तो रात में ठंड पड़ रही है। इसकी वजह है कि दिन का तापमान रात के तापमान से करीब तीन गुना अधिक रह रहा है। इसकी वजह से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मौसम विभाग ने मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाने और बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 24.6 और न्यूनतम पांच डिग्री कम आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी कुछ दिन मौसम साफ रहेगा। दो मार्च को बादल छाने के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

कुलदीप ऐरन को मिठाई खिलाकर स्वागत करते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

राज्य की कार्यकारिणी में कुलदीप ऐरन को स्थान

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : संभल जनपद में लंबे समय से भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के बैनर तले योग गतिविधियों को बढ़ावा देने में जुटे संगठन के नगर प्रभारी कुलदीप ऐरन को पतंजलि और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की राज्य कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

कुलदीप ऐरन पिछले कई साल से संभल में पतंजलि और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की गतिविधियों को संचालित कर रहे थे। उन्होंने योग के प्रसार के लिए शहर के गली मोहल्लों तक जाकर काम किया है। अब पतंजलि और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने कुलदीप ऐरन को राज्य कार्यकारिणी में शामिल कर प्रदेश स्तर पर कार्य करने का मौका दिया है। पतंजलि परिवार की ओर से फूल माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व पटका पहनाकर कुलदीप ऐरन का स्वागत किया गया। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी हरनाम सिंह, संजय देओल, प्रियांशु जैन, अवधेश वार्ष्णेय, अनूप गुप्ता, सनी गुप्ता, सतेंद्र रस्तोगी, अनिल गांधी, सतेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

रोजगार के साथ युवाओं को अध्यात्म से भी जोड़ना है

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डा. हरीश रौतेला ने कहा कि रोजगार भारती तीन वर्षों से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सतत रूप से प्रयासरत है। इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी दिलाने का मार्ग प्रशस्त करना मात्र नहीं बल्कि उन्हें अध्यात्म से भी जोड़ना है। वर्तमान में हम लगभग चार लाख बिलियन डॉलर के साथ विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारा लक्ष्य पहले पायदान पर पहुंचना है। यह युवाओं के रोजगार से ही संभव होगा।

वह रविवार को रोजगार भारती बृज प्रांत की ओर से रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित रोजगार मेले में बोल रहे थे। इससे पहले मेले की शुरुआत पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने की। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि स्वरोजगार के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार कई योजनाएं चला रही है।

धर्म परिवर्तन कर सोनम बनीं लक्ष्मी, विष्णु के संग की शादी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

रिश्ता

▸▸ अब दोनों अयोध्या में रामलला का करेंगे दर्शन

अमृत विचार : देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर की सोनम धर्म परिवर्तन कर लक्ष्मी बन गईं और गांव के प्रेमी विष्णु से मंदिर में शादी कर ली। सोनम ने तीन तलाक के डर से धर्म परिवर्तन किया है। अब दोनों शादी करने के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे। दोनों की शादी के वीडियो और फोटो भी वायरल हो रहे हैं।

गिरधरपुर निवासी विष्णु मौर्य की कीटनाशक दवा की दुकान है। उनकी 12 साल पहले गांव की सोनम सिद्दीकी से पहली मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे बात करने लगे और दोनों में प्यार हो गया। बालिग होने पर सोनम ने विष्णु से शादी की इच्छा जाहिर की। दोनों ने रविवार को इज्जतनगर क्षेत्र के भीटानाथ मंदिर में शादी कर ली। सोनम ने शादी के बाद अपना नाम लक्ष्मी रखा। सोनम ने बताया कि उन्हें बचपन से ही तीन तलाक का डर सताता था। उनकी राम में शुरू से आस्था रही है। उन्होंने परिवार वालों से जान का खतरा बताते हुए देवरनियां थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। दोनों ने बताया कि वह अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

लक्ष्मी के साथ विष्णु।

दस्तारबंदी के बाद खड़े कुरान हिफ्ज करने वाले बच्चे। ● अमृत विचार

कुरान की तालीम पर अमल करें

संवाददाता, सरायतरीन/संभल

अमृत विचार : सरायतरीन में मदरसे के बच्चों के कुरान के हाफिज बनने पर आयोजित जलसे में बच्चों की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम का आगाज कारी मोहम्मद गिलमान के द्वारा तिलावत से किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

मदरसा तालीमुल कुरान बगीचा सरायतरीन में सालाना इजलास के मौके पर जलसे की सदारत मुफ्ती नाजिम ने जबकि निजामत हजरत मौलाना कलीमुद्दीन ने की। कारी मुरसलीन की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में उलेमाओं द्वारा सभी को कुरान के बताये रास्ते पर चलने का संदेश दिया गया। कम उम्र में ही कुरान शरीफ को मुकम्मल कर दिल से याद करने पर मौजूद लोगों ने बच्चों की तारीफ कर दुआओं से नवाज़ा।

जलसे में बच्चों द्वारा नात शरीफ, नज़्म और तराना पेश किया गया। उलेमाओं ने लोगों को हमेशा हक पर रहने की नसीहत की गई। अंत में मौलाना अब्दुल समी ने मुल्क व मिल्लत की अमन और शांति के लिए दुआ कराई।

सीसीटीवी की निगरानी में मलिक दंगाइयों से अलग नैनीताल जेल में

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिस अब्दुल मलिक को बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड बताया जा रहा है, उसे अन्य दंगाइयों से अलग नैनीताल जेल में रखा गया है। मलिक जेल की सबसे मजबूत बैरक और 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में है। उसे अन्य कैदियों व बंदियों की तरह ही ट्रीट किया जा रहा है। पुलिस को 18 दिन बाद भी मलिक के बेटे मोईद की तलाश है।

लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक को पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। मलिक 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए दंगे के बाद से ही फरार था। जिसके बाद इस मामले के आरोपी 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया और सभी को उप कारागार हल्द्वानी में रखा गया। उम्मीद जताई जा रही थी कि मलिक को भी हल्द्वानी में ही अन्य दंगाइयों के साथ रखा जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। गिरफ्तारी और कोर्ट में पेश करने के बाद अब्दुल मलिक को पुलिस ने शनिवार रात जिला जेल नैनीताल में दाखिल किया। मलिक को यहां बैरक नंबर एक में रखा गया है। ये जेल की सबसे बड़ी और सबसे मजूबत बैरक है। इस बैरक में मलिक के साथ 71 और बंदी व कैदी है।

हत्यारों और तस्करों के बीच है अरबपति मलिक

हल्द्वानी : मलिक के लिए पुलिस का खेल नया नहीं है। इससे पहले भी मलिक पर हत्या का आरोप लगा, जिसका मामला आज भी विचाराधीन है। इस मामले में मलिक पर एनएसए भी लगाया गया था, लेकिन बाद में इसे हटा लिया गया। नैनीताल की जिस बैरक नंबर एक में मलिक को रखा गया है, उस बैरक में खूंखार बंदी और कैदियों को रखा जाता है। नंबर एक बैरक में बंद अधिकांश हत्या और एनडीपीएस के आरोपी या सजायाफ्ता हैं।

रात हलक से नहीं उतरा निवाला, सुबह खाया कढ़ी-चावल

हल्द्वानी : पुलिस ने शनिवार रात अब्दुल मलिक को नैनीताल जेल में दाखिल किया। सात बैरकों वाली इस जेल की पहली बैरक में उसे स्थान दिया गया। शनिवार रात जेल प्रशासन ने उससे खाने के लिए पूछा, लेकिन मलिक ने इंकार कर दिया। सुबह अन्य कैदियों व बंदियों की तरह व्यवहार किया गया। सोमवार सुबह जेल मैन्यु में कढ़ी-चावल था। अन्य की तरह उसे भी यही परोसा गया। सभी की तरह उसने में लाइन में खड़े होकर खाना लिया।

कार और बाइक की भिड़ंत में महिला की मौत, बच्चा घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

दुर्घटना

▸▸ रामपुर रोड पर भीषण हादसा, डेढ़ वर्ष का बच्चा हायर सेंटर रेफर

अमृत विचार : बाइक और कार की भिड़ंत में रविवार की दोपहर महिला की मौत हो गई, जबकि डेढ़ वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

गांव हारुनी बरेली निवासी पवन कुमार 21 वर्षीय पत्नी रोशनी और डेढ़ साल के मासूम शिवम के साथ बाइक से रुद्रपुर की ओर रहा था। अचानक रामपुर रोड यूपी मार्ग पर बाइक और कार की भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा कि कार की गति इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद बाइक सवार छिटक कर दूर जा गिरे और बाइक सवार घायल हो गए। स्थानीय लोग रुद्रपुर जिला अस्पताल नजदीक होने पर घायलों को अस्पताल लाए, जहां डॉक्टरों ने महिला रोशनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि डेढ़ वर्षीय मासूम की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां मासूम को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है, जबकि बाइक सवार को मामूली चोट लगी है।

सिडकुल चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल यूपी होने के कारण रामपुर पुलिस को सूचित कर दिया है।

त्योहार कब्रों पर रोशनी कर पढ़ी गई फातिहा, रातभर चला इबादत करने का सिलसिला

शब-ए-बरात पर इबादत कर मांगी गुनाहों की माफी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : जनपद संभल में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शब ए बरात का पर्व अकीदत के साथ मनाया। लोगों ने कब्रिस्तानों में अपनों की कब्रों पर रोशनी करते हुए फातिहा पढ़ी। घरों और मस्जिदों में अल्लाह से इबादत कर गुनाहों से माफी मांगी। इस बीच आतिशबाजी भी की गई। इबादत करने का सिलसिला रातभर चलता रहा।

रविवार को शहर, कस्बों और ग्रामीणों क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शब ए बरात पर्व मनाने की तैयारी की। दिन में कब्रिस्तानों में अपनों की कब्रों की साफ सफाई कराई। जैसे ही वक्त शाम का हुआ तो मस्जिदें और कब्रिस्तान रोशनी से जगमग हो गए। घरों पर भी रोशनी कर दी गई। लोगों ने कब्रिस्तानों में जाकर अपनों की कब्रों पर मोमबत्ती जलाकर फातिहा पढ़ी। उनके लिए ईसाले शबाब किया। लोगों ने मजारों पर जाकर देश, दुनिया में शांति के साथ-साथ सौहार्द्र एवं भाईचारे के लिए दुआ की। वहीं घरों और मस्जिदों में इबादत का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने अल्लाह की इबादत करते हुए गुनाहों से माफी मांगी। इस बीच लोगों ने एक-दूसरे को शब ए बारात की मुबारकबाद दी। हलुआ बनाकर एक-दूसरे के घरों तक पहुंचाया। युवाओं और बच्चों ने आतिशबाजी की। संभल के अलावा सिरसी, हयातनगर, सरायतरीन, असमोली, ओबरी, सौंधन, पंवासा, बहजोई, गुन्नौर, रजपुरा और गवां क्षेत्र में शब ए बारात का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया।

संभल में कब्रिस्तान में रोशनी कर इबादत करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

अल्लाह की बारगाह में कबूल होती है दुआ

संभल/ओबरी अमृत विचार : ओबरी की जामा मस्जिद के इमाम सैयद रिजवान मियां कादरी ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लिए शब ए बरात बहुत अहमियत रखती हैं। इस रात में अल्लाह से जो जायज दुआ की जाती है, वह अल्लाह की बारगाह में कबूल होती है। इस रात में ज्यादा से ज्यादा इबादत की जाती है और यह रात साल में एक बार आती है। इस रात में अल्लाह अपने बंदों की जिंदगी और मौत का फैसला करता है। मौलाना निजामुद्दीन कहा कि पैगंबर ए इस्लाम शब ए बारात की रात में कब्रिस्तान जाया करते थे। इस रात में अल्लाह नेकियों का दरवाजा खोल देता है और बरकत नाजिल करता है।

गृह क्लेश में विषाक्त पदार्थ खाकर महिला ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने गृह क्लेश के चलते विषाक्त पदार्थ खा लिया। उसे जिला अस्पताल फिर राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है।

मोहल्ला ऊपरपारा निवासी हिलालुद्दीन प्राइवेट नौकरी करते थे। उनका निकाह लगभग छह साल पहले बड़े सरकार दरगाह परिसर में रह रही महक (24) के साथ हुआ था। शनिवार को हिलालुद्दीन किसी काम से शहर के बाहर गए थे। परिवार में किसी कलह पर महक ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने हालत नाजुक बताई तो परिजन महक को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां कुछ देर के बाद ही महक की मौत हो गई।

आरोपी डांस कोचिंग संचालक गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : बीएससी की छात्रा और 15 साल की किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी डांस कोचिंग के संचालक को रविवार को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने छात्राओं का मेडिकल परीक्षण कराया। मामले की जांच शुरू कर दी है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने सगे भाई राजू पुत्र केशरी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अमर सिंह पुत्र केशरी निवासी टांडा करेली जिला सम्भल**

सड़कों पर बिना एचएसआरपी दौड़ रहे 2.33 करोड़ वाहन

अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही लगी है नई सुरक्षा प्लेट

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने की अंतिम तारीख 15 फरवरी, 2023 को एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। इससे पहले भी दो बार तारीखें बढ़ाई गई हैं। लेकिन वाहन स्वामियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। प्रवर्तन एजेंसियां भी इसे ठंडे बस्ते में डाल भूल गईं। नतीजा सामने है प्रदेश में अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही एचएसआरपी लग पाई है। कुल पंजीकृत वाहनों में 02 करोड़ 33 लाख 40 हजार 532 वाहन ऐसे हैं जिसमें अभी एचएसआरपी लगना शेष है। आधुनिक नंबर प्लेट न लग पाने की वजह से ये वाहन सारथी पोर्टल में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं।

राजधानी लखनऊ में ही प्रवर्तन टीम कटघरे में खड़ी हो जाती है। एक अप्रैल 2019 के पहले कुल 21,48,179 वाहन पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 5,86,378 में ही एचएसआरपी लग पाई है। यानी 15,61,801 वाहन अभी बिना नई नंबर प्लेट के, इसी तरह बरेली में 7,54,602 वाहनों का पंजीकरण। इनमें से 1,85,846 गाड़ियों में ही नवीन नंबर प्लेट। यानी 5,68,756 गाड़ियों में अभी एचएसआरपी लगवाए जाने का इंतजार।

प्रवर्तन दलों ने कार्रवाई शुरू कर दी है

दरअसल, एक अप्रैल, 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में एचएसआरपी लगवाए जाने को लेकर गाड़ी के अंतिम नंबर के हिसाब से तिथियां तय की गईं थीं। तय तारीखों तक नंबर प्लेट हर हाल में लग जानी थी। वाहन स्वामियों की दिक्कतों को देखते हुए चेतावनी के साथ दो बार तिथि बढ़ाई गई। तारीख निकलती रहीं लेकिन वाहन स्वामियों ने इसे लगवाया नहीं। अब अभियान शुरू हो गया है। ऐसे में लापरवाह लोगों की जेब कटना तय है।

तीन चालान के बाद जुर्माना राशि और बढेग़ी

चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना पहली बार में वाहन स्वामी पर लगाया जाएगा। जांच में निरंतर तीन बार पकड़े जाने पर यही राशि देय होगी। अफसरों के मुताबिक तीन चालान के बाद भी अगर नंबर प्लेट न लगवाई गई तो 10,000 रुपये की आर्थिक चोट जेब पर पडेग़ी। ● प्रदेश में पंजीकृत कुल वाहन-03,06,52,158 ● एचएसआरपी लगी गाड़ियों की संख्या-073,11,626 ● वाहनों का प्रतिशत- 23.85

सत्यापन में फंसा शादी अनुदान

लखनऊ, अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना से कई बेटियां वंचित हो सकती हैं। इनके समय पर किए गए आवेदन जिलों पर एसडीएम और बीडीओ स्तर से सत्यापित नहीं हो पाए हैं। प्रदेश में वर्ष 2023-24 के 66,032 आवेदनों के सापेक्ष 6531 लंबित हैं। आवेदन अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर अन्य वर्ग के हैं। इसमें 21 फरवरी तक बीडीओ के 5556 व एसडीएम स्तर से 975 आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया लंबित रही। इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। यदि आवेदन सत्यापन कर संबंधित अधिकारियों के पोर्टल पर न बढ़ाए गए तो बजट वापस होने पर कई लाभार्थी बाहर हो जाएंगे। इस प्रक्रिया की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित है। इसके अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं फिर भी यह स्थिति है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शादी अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये बजट मिला था। इसमें फरवरी तक आधा भी खर्च नहीं हो पाया है। क्योंकि आवेदन समय पर सत्यापित नहीं हुए न आगे प्रक्रिया के लिए बढ़े। चर्चा यह भी है कि पूर्वांचल के जिलों ने बजट पहले ही सरेंडर कर दिया है।

एमएसपी कानूनः प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ व्यापारियों ने जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● कृषि उत्पाद व्यापारियों ने किसानों की मांग को किया खारिज

अमृत विचार : कृषि उत्पाद से जुडे. व्यापारियों ने किसान संगठनों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रविवार को जीपीओ पार्क में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। नाराज व्यापारियों ने एमएसपी कानून की मांग को लेकर प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ आक्रोश जताया। इसमें बड़ी संख्या में खाद्यान्न व्यापारियों ने हिस्सा लिया। व्यापारियों का कहना है कि किसानों द्वारा कृषि उत्पादों की एमएसपी पर कानून बनाने की मांग के प्रस्तावित स्वरूप पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि कृषि उत्पाद को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर खरीदने पर खरीदार कृषि उत्पाद व्यापारियों पर कानूनी कार्यवाही हो। इसके तहत कोई धारा, सजा व मुकदमे का प्रावधान हो। यह मांग पूरी तरह से बेजा है।

किसानों की दूसरी मांग को भी खारिज करते हुए व्यापारियों ने कहा कि इस कानून से डब्ल्यूटीओ का समझौता खत्म होगा यह समझौता तोड़ने का मतलब कृषि उत्पादों का आयात-निर्यात बंद होना और देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना। यह कतई मानने योग्य बातें नहीं हैं। इससे देश में कृषि उत्पाद व्यापार में परेशानियां बढ़ेंगी।

भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में व्यापारी प्रदर्शन के लिए जुटे। संगठन अध्यक्ष ने बताया किसान संगठनों द्वारा प्रस्तावित एमएसपी कानून के ब्यौरे की प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़कर विरोध दर्ज कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी को सम्बोधित ज्ञापन कमिश्नरेट पुलिस को सौंपा गया। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उन्नाव के जिला अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने कहा कि जिले के सभी व्यापारी आंदोलनरत हैं। इस कानून का विरोध किया जाएगा। संगठन के कानपुर महानगर इकाई के वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, महानगर महामंत्री महेश सोनी, संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित और कानपुर महानगर युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र व युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी समेत कानपुर की दोनों गल्ला मंडियों के कृषि उत्पाद व्यापारियों ने भी नाराजगी जताई।

सार-संक्षेप

रामलला को समर्पित हुआ 13.5 किलो चांदी से बना दीपक

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर में विराजमान रामलला के गर्भगृह में अखंड ज्योति के लिए मुंबई के उद्योगपति नागेंद्र आचार्य और अरुणा आचार्य ने चांदी से बने दो विशाल दीपक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। 13.50 किलो वजनी दीपक की ऊंचाई 3.30 फीट है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 48 दिवसीय मंडपोत्सव के अनुष्ठान में रविवार को मुंबई से आए उद्योगपति नागेंद्र आचार्य पत्नी समेत शामिल हुए इस दौरान रामलला के समक्ष पूजन अर्चन करने के बाद राम लाल की समक्ष अखंड ज्योति जलाए जाने की इच्छा प्रकट करते हुए जो विशाल दीपक ट्रस्ट के सदस्य विश्व प्रसन्न तीर्थ के मौजूदगी अर्पित किया।

बोनट पर गिरे व्यक्ति को 3 किलोमीटर तक घुमाया

गाजियाबाद, एजेंसी : गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम इलाके में रविवार को कथित तौर पर एक कार के चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी और कार के बोनट पर गिरे उस शख्स को तीन किलोमीटर तक घुमाता रहा। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रमेश सिंह नामक व्यक्ति को एक कार ने टक्कर मार दी थी। सिंह कार के बोनट पर गिर गया लेकिन चालक रुकने के बजाय लगभग तीन किलोमीटर तक वाहन चलाता रहा। इस दौरान सिंह जान बचाने के लिए बोनट से चिपका रहा। हालांकि, कुछ राहगीरों ने कार का पीछा किया और उसके चालक तरंग जैन को रुकने के लिए विवश कर दिया, जिससे रमेश सिंह की जान बच गई।

राज्यसभा चुनावः मतदान में मोबाइल फोन पर रहेगी पाबंदी

लखनऊ, अमृत विचार : राज्यसभा की रिक्त 10 सीटों के लिए मंगलवार 27 फरवरी को होने वाले मतदान में मोबाइल फोन पर पाबंदी रहेगी। इस चुनाव के रिटर्निंग आफिसर और उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सचिव बृजभूषण दुबे ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि विधान भवन के तिलक हॉल स्थित मतदान स्थल और मतगणना स्थल यानि कक्ष संख्या-80 में इस चुनाव में शामिल सभी प्रत्याशियों, उनके अधिकृत प्रतिनिधियों, मतदाता, चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों और मीडिया कर्मियों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। विशेष सचिव ने बताया कि केन्द्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार उक्त मतदान दिवस पर मतदान स्थल और मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

रामलला को लगा 56 व्यंजनों का भोग

अयोध्या, अमृत विचार : श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आयोजित मुरारी बापू की कथा में शामिल हुए रामभक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान रामलला को 56 व्यंजनों का भोग प्रसाद को अर्पित किया। शनिवार शाम विश्व हिंदू परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक कुमार, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, महामंत्री चंपत राय, सदस्य कामेश्वर चौपाल, सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य की उपस्थिति में राम कथा आयोजन के मुख्य यजमान ने विशेष भोग को अर्पित किया।

शासन ने दो आईपीएस का किया तबादला

लखनऊ, अमृत विचार : शासन ने शनिवार की देर रात दो आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम एन कोलांची को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज बनाया गया है, जबकि पवन कुमार को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से हटाकर पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम के पद पर तैनाती दी गई है।

कांग्रेस की तरह इस बार विधान परिषद से गायब हो जाएगी बसपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस की तरह इस बार बहुजन समाज पार्टी भी विधान परिषद से गायब हो जाएगी! वजह यह है कि बसपा के एक मात्र सदस्य भीम राम आंबेडकर का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। 13 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में बसपा का कोई सदस्य नामांकन करने की भी स्थिति में नहीं है।

राज्यसभा चुनाव के बाद प्रदेश में विधान परिषद की खाली सीटों के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए चार मार्च से नामांकन शुरू होगा। वर्तमान में विधानसभा में 399 विधायक हैं। विधान परिषद के एक प्रत्याशी को जीतने के लिए 29 वोट चाहिए होते हैं, जबकि नामांकन करने के लिए 10 विधायक प्रस्तावक के तौर पर होने चाहिए। ऐसे में बसपा के लिए विधान परिषद चुनाव में जीतना तो दूर वर्तमान परिस्थिति में प्रत्याशी का नामांकन दाखिल करना भी असंभव नजर आ रहा है। मालूम हो कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार चार मार्च से नामांकन शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे। परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं।

11 मार्च तक प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे

प्रत्याशी चार मार्च से 11 मार्च तक नामांकन कर सकेंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी।

मृत्युंजय स्तोत्र ग्रहजन्य पीड़ा से दिलाता है मुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अरिष्ट निवारण के लिए मृत्युंजय स्तोत्र का पाठ किया जाता है। इसे नित्यकर्म में जोड़कर प्रतिदिन किया जा सकता है। इससे ग्रहजन्य पीड़ा व प्राकृतिक उत्पातों से भी मुक्ति मिल जाती है। ये बातें ज्योतिष विभाग के वरिष्ठ आचार्य और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कही।

वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन के पहले सत्र को संबोधित कर रहे थे। इसमें पंचांग की एकरूपता और पंचाग साधन, विवाह विलम्ब विचार, रोग विचार, हृदयरोग विचार, कर्मजरोग आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि विवाह में विलम्ब के प्रमुख चार कारण हैं- शिक्षा, रोजगार, वैवाहिक जीवन का भय और ज्योतिषशास्त्र की दृष्टि से ग्रहयोग। शास्त्रीय विधि से ईश्वरीय आराधना से इस दोष का शमन होता है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डा. सुभाष पाण्डेय ने हृदय रोग जैसे गम्भीर संकट से मंत्र जप व ईश्वर की उपासना मुक्ति दिला सकता है। यह बात काफी गहन चिंतन के बाद कह रहा हूं। डॉ. उदित नारायण पाण्डेय एक सड़क परिवहन अधिकारी ने विवाह में विलम्ब के योग, उनके निदान तथा अन्य गम्भीर रोगों की चर्चा की। जिनका निदान ज्योतिष शास्त्र में प्रतिपादित किया।

कवि कुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय नागपुर के ज्योतिष विभाग के प्रोफेसर कृष्ण कुमार पाण्डेय ने कहा कि पंचांग की एकरूपता आवश्यक है। धर्मशास्त्र की दृष्टि से मतान्तर तो सम्भव है, लेकिन गणित में अन्तर आना चिन्ता का विषय है। इसलिये सभी को मिलकर कार्य करना चाहिये ताकि समाज को एक शुद्ध पंचांग मिल सके। इस अवसर पर प्रो. मदनमोहन पाठक, प्रो. भारतभूषण त्रिपाठी, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा, डॉ. नीरज तिवारी, डॉ.अमित मिश्र, डॉ. चन्द्रश्री पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

ज्योतिष गणना में भी भाजपा बनाएगी तीसरी बार सरकार

● अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष संगोष्ठी के दूसरे दिन ज्योतिषाचार्यों ने रखी अपनी-अपनी बात

ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा।

लखनऊ, अमृत विचार : ग्रहों के चाल पर ही भविष्यवाणी होती है। लोकसभा चुनाव के परिणाम की बात करें तो ग्रहों की चाल और उनकी गणना साफ बता रही है कि भाजपा देश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा इस बार के चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। गणना के मुताबिक 23 से 26 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा का भाग्येष प्रबल है। पार्टी जब तक धर्म से जुड़ी रहेगी, तब तक सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी। धर्म के प्रभाव से प्रसिद्धि का योग बन रहा है। ये बातें ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा ने कही। वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रहों के अनुसार कांग्रेस को सफलता 27 अप्रैल के बाद वोटिंग में मिलेगी। कांग्रेस नेताओं को अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। भाषा के स्तर को ठीक करना होगा। समाजवादी पार्टी को भी 5 मई के बाद होने वाली वोटिंग में सफलता मिलेगी। इससे पहले होने वाली वोटिंग में पार्टी को नुकसान होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी चुनाव की तिथि ज्ञात नहीं है। इसमें फेर बदल हो सकता है।

10 सालों में देश में दिखा क्रांतिकारी परिवर्तनः योगी

संवाददाता, रायबरेली

● एम्स रायबरेली के वर्चुअल लोकार्पण पर योगी ने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ

अमृत विचार : एम्स रायबरेली के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एम्स की दशकों पूर्व जो मांग हुई थी। अब उसका विधिवत कार्यक्रम आज सामने आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष से प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। एक नया भारत बन रहा है, जिस भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी भी है। जहां पर विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की क्षमता भी है।

अब हर युवा के हाथ को आजीविका के साथ जोड़ने और आम नागरिक की आस्था को सम्मान देने का सरकार के पास जज्बा है। यह नया भारत जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत तमाम प्रकार की बीमारियों से बचाव सुझाता है तो वही यह नया भारत बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा के नाम से हर जनपद पर स्वस्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का काम कर रहा है। सौभाग्य है कि एम्स रायबरेली के साथ यूपी देश का उन राज्यों में अग्रणी होने जा रहा है, जिनमें दो-दो एम्स है। मुख्यमंत्री ने इशारों में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि देश में 70 सालो में जितना काम हुआ उतना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षो में हमारी सरकार ने किया है। 2017 से जब डबल इंजन की सरकार आई तो उस समय स्वास्थ्य एक चुनौती थी। प्रदेश में तरह तरह की बीमारियां देखी जाती थी। मेडिकल के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाए बहुत खराब थी। रविवार को एम्स के वर्चुअल लोकार्पण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायबरेली पहुंचे। प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से रायबरेली एम्स का लोकार्पण किया गया। इसमें कई केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री भी मौजूद रहे। इसी में मुख्यमंत्री की जनसभा का भी कार्यक्रम किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए 65 वर्षीय रामकुमारी एम्स आई। बताया कि एम्स के मेन गेट से पंडाल की दूरी लगभग तीन किलोमीटर की थी लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और एक डंडे के सहारे वो जनसभा में पहुंचकर मुख्यमंत्री को सुना।

1947 से 2017 तक प्रदेश में थे 12 मेडिकल कालेज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर सधी जुबान से प्रहार करते हुए कहा कि यूपी के 75 जनपदों में केवल 12 सरकारी मेडिकल कालेज बने थे। आज प्रदेश में 45 जनपदों में पहले से ही मेडिकल कालेज है। शासन और निजी क्षेत्र में दोनों को मिलाकर 65 मेडिकल संचालित है। 14 मेडिकल कालेज निर्माणधीन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काम कर रही है। जिस तेजी से प्रदेश में मेडिकल कालेज बनाने का काम हो रहा है, उससे वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज का सपना भी साकार हो सकता है।

मेडिकल की जमीन पर बनवाया गेस्ट हाउस : स्मृति ईरानी

रायबरेली, अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने एम्स उद्घाटन पर गांधी परिवार को आड़े हाथों लेते हुए कई प्रहार किए। उन्होंने कहा कि कामगारों के कारण एम्स रायबरेली में है। नामदार और कामगार में फर्क क्या होता है। यह एम्स रायबरेली उत्तम उदाहरण है। गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं उस क्षेत्र से हूं, जहां पर पहले कभी नामदार हुआ करते थे। 30 साल पहले अमेठी में नामदारों ने मेडिकल कालेज बनाने की बात कहकर जमीन ली। उस जमीन पर अपने लिए गेस्ट हाउस बना लिया, मेडिकल कालेज नहीं बना। जो 30 साल में नहीं हो सका मेरे कार्यकाल में तीन माह में यह बन गया।

वर्ग पहेली-354

बाएं से दाएं

1.1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।

4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।

5.1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।

6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।

9.1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

ऊपर से नीचे

1.1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।

2.1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।

3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।

7.1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।

8.1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



वर्ग पहेली - 353 का हल

1 जु	मा	■	2 अ	यो	3 नि
हू	■	■	खं	■	छो
■	4 को	■	ड	■	ह
■	5 हि	म	पा	त	■
■	नू	■	ठ	■	6 मुँ
7 भे	र	वी	■	■	द
■	■	■	8 खि	ल	ना

सुडोकू-71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1		7	6			8
		9	5				1	
	2			1		6		
2		7		8				
		5				1		9
				9		2		7
		3		2			4	
	7				3	5		
6	1		9	5		8		

सुडोकू - 70 का हल

5	2	8	4	9	7	3	1	6
3	4	9	1	6	2	8	5	7
6	7	1	3	5	8	4	2	9
9	1	6	5	7	3	2	8	4
4	8	2	6	1	9	7	3	5
7	3	5	2	8	4	6	9	1
8	9	4	7	3	1	5	6	2
1	5	7	8	2	6	9	4	3
2	6	3	9	4	5	1	7	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वितीया 23.15 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 27 फरवरी 04.31 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज किसी काम को लेकर उलझन की स्थिति है तो उसमें परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी और आप खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है

वृष — आज व्यापारी वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। कहीं से अच्छे समझौतों पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं जो भविष्य की दृष्टि से लाभान्वित रहेंगे। आपकी नए कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी या खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

मिथुन — आज के दिन काम का बोझ ज्यादा होगा तो वहीं घर से भी बहुत काम मिलेगा। आपको संयम बनाकर चलना होगा तभी सभी काम निपटा पाएंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। वैवाहिक जीवन में भी कुछ हद तक अशांति बनी रहेगी।

कर्क — आज पेट दर्द की समस्या रह सकती है। मानसिक तनाव भी हो सकता है। किसी से मिलने का मन नहीं करेगा और पूरे दिन सुस्ती छाई रहेगी। आत्मविश्वास की कमी बनेगी। आपके प्रेम संबंधों में कसा-कसी बनी रहेगी।

सिंह — आज पिता या भाई में से किसी एक के साथ अवरोध उत्पन्न होगा। मन में किसी बात को लेकर आशंका रहेगी जिसका निवारण जल्दी नहीं होगा। आत आप समय को बर्बाद न करें। आपको केवल अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

कन्या — आज जमीन या शेयर में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। पैसा पहले से कहीं इन्वेस्ट किया हुआ है तो उसमें लाभ मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक और प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सफल रहेंगे।

तुला — आज ज्यादा उत्साह में रहने से बचें क्योंकि आज के दिन उसके कारण परेशानी खड़ी हो सकती है। घर में किसी बात को लेकर मंथन होगा। अटकलें पर ध्यान और जोखिम भरे कार्य न करें। आप आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज प्रेम में किसी प्रकार का धोखा मिल सकता है या किसी तीसरे व्यक्ति के द्वारा तनाव पैदा किया जा सकता है। छात्रों को अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। नए कार्य मिलने की संभावना। कार्य के पूर्ण होने में देरी महसूस होगी।

धनु — आज के दिन अपनी शिक्षा से संबंधित कोई गंभीर निर्णय ना लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा। मां बाप के परामर्श को ध्यान से सुने। आपका स्वास्थ्य थोड़ा प्रतिकूल हो सकता है। संपत्ति, गृह, पारिवारिक मामलों में नई शुरुआत कर सकते हैं।

मकर — आज किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से परेशान हैं तो दिन उससे आराम मिलेगा। शरीर पहले से ज्यादा तरोताजा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपकी मुलाकात होगी।

कुंभ — आज व्यापार में वृद्धि होगी और नई शाखाएं खुलेगी। कहीं जॉब करते हैं तो उसमें भी बॉस आपसे खुश होंगे और इसका ईनाम भी मिल सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है।

मीन — आज के दिन भगवान हनुमान का ध्यान अवश्य लगाएं क्योंकि मंगल भारी है। घर में ही तीन बार हनुमान चालीसा पढ़ लेंगे तो संकट टल जाएगा। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है। बुद्धिमानी से अपने पैसे का उपयोग करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 11.49
- चाल बाज — शाम : 06.11

SONY SMAX
- तारा वर्सेस बिलाल — सुबह : 09.00
- लगे रहो मुन्ना भाई — रात : 09.00

Utsav Gold
- कोई आप सा — सुबह : 09.45
- धूम 3 — शाम : 04.00

ZEE CINEMA
- मेरा धर्म — सुबह : 10.30
- लूटेरे — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- ओके जानु — सुबह : 10.01
- तनु वेड्स मनु — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम-06.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर ...
मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

गप्पू ने बड़े प्यार से शादीशुदा आदमी से पूछा -
रात को ऑनलाइन कब आते हो?
दर्द की दीवारें हिल गईं जब उसने कहा -
बर्तन धोने के बाद।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

एक नजर

जनवरी में 18 माह के उच्च स्तर पर रहा इस्पात निर्यात

नई दिल्ली। देश का मासिक इस्पात निर्यात जनवरी, 2024 में 11 लाख टन के 18 माह के उच्चस्तर पर पहुंच गया है। 'स्टीलमिंट' ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यूरोपीय संघ की मांग बढ़ने और वैश्विक स्तर पर अनुकूल कीमतों की वजह से इस्पात निर्यात का आंकड़ा अच्छा रहा है। शोध कंपनी स्टीलमिंट की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा घरेलू स्तर पर प्रतिस्पर्धी कीमतों ने निर्यात वृद्धि में योगदान दिया है। जनवरी, 2023 में इस्पात का निर्यात 6.7 लाख टन रहा था।

कागज और पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान कागज और पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़कर लगभग 14.7 लाख टन हो गया है। उद्योग निकाय इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्थानीय कागज मिलें प्रभावित हुई हैं।

प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे भारत टेक्स का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां देश के अब तक के सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक 'भारत टेक्स 2024' का उद्घाटन करेंगे। भारत टेक्स 2024 का आयोजन 26 से 29 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के '5 एफ विजन' से प्रेरणा लेते हुए इस कार्यक्रम में फाइबर, फैब्रिक और फैशन फोकस के माध्यम से विदेशों में एक एकीकृत फार्म है, जो संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला को कवर करता है।

अंगूठा लगाने पर मिलेंगे अनुदानित बीज

उर्वरक की तर्ज पर पीओएस से होगी बिक्री, अनुदान काटकर लिया जाएगा सिर्फ कृषक अंश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- चल रहा परीक्षण, खरीफ 2024-25 में लागू करने की तैयारी

अमृत विचार : प्रदेश में उर्वरकों की तरह अनुदानित बीजों की बिक्री बायोमैट्रिक प्वांइट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से की जाएगी। साथ ही बीज खरीदने पर किसानों को पहले से अधिक रुपये नहीं देने पड़ेंगे, जो सरकार बाद में डीबीटी यानी अनुदान के तौर पर उनके खातों में भेजती है।

नई व्यवस्था में अनुदान काटकर सिर्फ कृष अंश ही लिया जाएगा। इससे किसानों को और राहत मिलेगी। बायोमैट्रिक आधार बेस्ड प्रणाली में अंगूठा लगाने पर किसान की पहचान होगी और उनका पूरा विवरण पीओएस मशीन पर दर्शाएगा। इसमें खतौनी, आधार व बैंक खाता विवरण आदि नहीं देना

पड़ेगा। जो मैनुअली व्यवस्था में किसान देते आ रहे हैं। सरकार का पीओएस लागू करने का मकसद यह भी है कि इसमें बीजों की खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं हो पाएगा। पीओएस का कृषि विभाग एक एजेंसी के साथ मलिहाबाद में परीक्षण कर रहा है। इसे मार्च तक पूरा कर खरीफ 2024-25 में पीओएस मशीन लागू करने की तैयारी है।

किसानों की नहीं करनी पड़ेगी खोज, खत्म होगा झंझट

बायोमैट्रिक व्यवस्था में किसानों का पंजीयन, रसीद, टोकन, फीडिंग, बैंक विवरण, डीबीटी भेजना आदि कार्य नहीं होंगे। बीज खरीदने वाले किसानों की तलाश और सत्यापन का भी झंझट खत्म होगा। इन सब प्रक्रिया में विभाग के साथ किसानों का समय बचेगा और फौरन लाभ मिलेगा। वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा और इनकी पहचान आसान होगी।

मिनी किट बांटने में मिली थी सफलता

प्रदेश सरकार ने खरीफ और रबी में बीजों की मिनी किट पीओएस मशीन से बांटे थे। इस प्रक्रिया में काफी आसानी हुई और किसानों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ी और न ही किसी तरह के अभिलेख देने पड़े। ठीक इसी तर्ज पर धान, गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन, श्री अन्न डेंचा आदि के अनुदानित बीज पीओएस से बिक्री किए जाएंगे।

> पीओएस से अनुदानित बीजों की बिक्री का परीक्षण चल रहा है। इसमें किसानों के साथ विभाग का काम आसान होगा। पारदर्शिता आएगी और सत्यापन आसान होगा। पहले से अधिक रुपये भी नहीं देने होंगे।
>
> -बलराम वर्मा, उपनिदेशक कृषि, लखनऊ

दस वर्षों में 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं

नई दिल्ली। मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खेती में किसानों की लागत को कम करने के लिए 2014-15 से देश भर में लगभग 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को 23.58 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मुफ्त वितरित किए हैं। इस कदम का उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना, लागत में कटौती करना और फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के मूल में मृदा स्वास्थ्य है। सरकार वर्ष 2014-15 से मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता पर राष्ट्रीय परियोजना के तहत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाएं लागू कर रही है।

एफपीआई ने बॉन्ड में किया 18,500 करोड़ रु. का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये से अधिक किए थे निवेश

भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल करने के फैसले की वजह से देश के ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान मजबूत बना हुआ है। इस महीने अबतक एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में 18,500 करोड़ रुपये डाले हैं।

इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये से अधिक डाले थे। यह पिछले छह साल में किसी एक माह में उनके निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पहले जून 2017 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था। फिडेलफोलियो के संस्थापक एवं स्मॉलकेस प्रबंधक किस्लय उपाध्याय ने कहा, 'इस वर्ष वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में भारत के प्रवेश के साथ आगे चलकर भारतीय ऋण बाजार में प्रवाह स्थिर रहेगा। इसके अलावा इस वर्ष जून में जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड के शामिल होने से पहले भी गतिविधियों में तेजी देखने को मिल सकती हैं।'

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अबतक एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 424 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	72,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,500
चांदी तैयार	72,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	714 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,850
चांदी आभूषण	71,900।

देश में विलय-अधिग्रहण सौदों की संख्या में 10% की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में 2023 के दौरान विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 793 रह गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में एमएंडए के लिए कुल घोषित सौदे के मूल्य में 38 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीई (प्राइवेट इक्विटी) निवेश कुल 36 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह राशि 2022 के मुकाबले 36 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाती है। इस गिरावट के बावजूद प्रति सौदा

औसत निवेश 2022 में 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 4.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर दिनेश अरोड़ा ने कहा पूरे साल सीमित सौदों के बावजूद आखिरी तिमाही में कुछ गतिविधियां हुईं, जिससे हमें 2024 में तेजी की उम्मीद है।

आईओसी, ओएनजीसी व गेल पर लगातार तीसरी तिमाही जुर्माना लगा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), ओएनजीसी और गेल (इंडिया) पर उनके निदेशक मंडल में निदेशकों की अनिवार्य संख्या रखने के मानदंड को पूरा नहीं करने के चलते लगातार तीसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजार पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईओसी, ओएनजीसी और ओआईएल, गेल व तेल रिफाइनरी एचपीसीएल एवं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) पर कुल 32.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

एक दशक में दोगुना हुआ परिवारों का मासिक खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय के ताजा अध्ययन में खुलासा

देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे (एचसीईएस) आयोजित किया।

इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए

घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। सर्वेक्षण के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से 2022-23 में दोगुना से अधिक होकर 6,459 रुपये हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। अध्ययन के अनुसार, 2011-12 की कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 3,510 रुपये हो गया है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है। इससे पता चला कि शहरी क्षेत्रों में मौजूदा कीमतों पर औसत एमपीसीई (वैकल्पिक आंकड़ों के साथ) भी 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 6,521 रुपये हो गया है।

राष्ट्रीय

भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में छू रही नई ऊंचाइयां

रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 110वीं और अपने मौजूदा काल की आखिरी कड़ी में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है।

मोदी ने कहा, 'आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है।' उन्होंने कहा कि देश की 'मातृशक्ति' धरती मां को

बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है, जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को देश के हर कोने में पहुंचा रही हैं। आज अगर जल जीवन मिशन के तहत देश में इतना काम हो रहा है तो उसमें जल समितियों की बड़ी भूमिका रही है। इन जल समितियों का नेतृत्व केवल महिलाओं के पास है।'

सीतापुर की ड्रोन दीदी से की बात: प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, 'लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है।' प्रधानमंत्री ने यूपी के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता से भी बात की। सुनीता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है।

उन्होंने कहा, 'महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।' मोदी ने महाराष्ट्र की कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल से भी बात की और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए उनके काम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'चाहे सुनीता जी हों या कल्याणी जी, विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की सफलता बहुत प्रेरणादायक है। मैं एक बार फिर हमारी नारी शक्ति की इस भावना की हृदय से सराहना करता हूं।'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब हमें जंगली जानवरों के साथ संतुलन बनाने में मदद मिल रही है।'

'तीन माह बाद 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह नई ऊर्जा के साथ लोगों से मिलेंगे। इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को 'सरकार की परछाई से भी दूर' रखा गया है।

संविधान बदलने के किए जा रहे प्रयास

बेंगलुरु, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लगाए आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर वे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से और एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो भारत में निश्चित रूप से तानाशाही होगी। वह यहां 'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने दावा किया, 'कई लोग संविधान को मिटाने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप आगामी चुनाव में मजबूत और एकजुट नहीं होते हैं और यदि संविधान प्रभावित होता है, तो यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में इस देश में तानाशाही होगी। क्या आप तानाशाही चाहते हैं या न्याय के साथ जीवन जीना चाहते हैं, यह

'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन' में खरगे, येचुरी व अन्य नेता।

(तय करना) महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि अगर संविधान बचेगा, तो इस देश की एकता बचेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा, तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकता है, लेकिन आज केंद्र में ऐसी सरकार नहीं है, जो या तो संविधान की रक्षा करती हो या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसीलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे महत्वपूर्ण है। खरगे ने नागरिकों से एक निश्चित विचारधारा थोपने की कोशिश करके उन्हें गुमराह करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा संविधान को हटाकर नया संविधान बनाने की साजिश की जा रही है।

एक नजर

संघ कार्यालय के खाली मैदान में मिला हथगोला

भिंड। शहर में स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय परिसर के खाली मैदान में एक निष्क्रिय हथगोला मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह 30 से 35 साल पुराना है। पुलिस अधीक्षक असित यादव ने कहा कि हथगोला संभवत: पास के इलाके से संघ कार्यालय परिसर में पहुंचा, जहां पहले डीडी गांव में पुलिस फायरिंग रेंज थी। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों के साथ एक बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और पाया गया कि हथगोला निष्क्रिय था।

कांग्रेस विधायक वेंकटप्पा नाइक का निधन

बेंगलुरु। कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल' ने अपराह्न 1 बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

वायुसेना विमान से लाया गया लिवर, पूर्व सैनिक की जान बची

नई दिल्ली। दिल्ली में सेना के एक अस्पताल से चिकित्सकों के एक दल को लिवर लाने के लिए पुणे ले जाने के वास्ते बहुत कम समय में भारतीय वायुसेना के डोर्नियर विमान को तैनात किया गया, जिससे यहां एक पूर्व सैन्य कर्मी की जान बचाई गई। वायुसेना ने रविवार को विमान और चिकित्सकों के दल की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं।

बीजापुर में आईईडी विस्फोट में जवान शहीद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास अपराह्न करीब 3.30 बजे घटी। सीएएफ का एक दल इलाके में नियंत्रण हासिल करने के अभियान पर निकला हुआ था। उन्होंने कहा कि बेचापाल पुलिस शिविर से कुतुलपारा गांव की तरफ यह अभियान शुरू किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब यह दल शिविर के पास पहुंचा, तो सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव का पैर गलती से प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और विस्फोट होने से उनकी मृत्यु हो गई।

अरुणाचल में कांग्रेस-एनपीपी के दो-दो विधायक भाजपा में शामिल

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो-दो विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांग (बोरदुरिया-बोगापानी निर्वाचन क्षेत्र) और एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसर (बसर विधानसभा) यहां स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक समारोह के दौरान पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए।

कैमूर में भीषण सड़क हादसा, नौ की मौत

पटना। बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहा है। वाहन जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंचा, एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चला गया, जहां सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार, बाइक चालक सहित कुल नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

हरियाणा में इनेलो नेता की गोलियों से भूनकर हत्या

चंडीगढ़, एजेंसी

- हमले में इनेलो उपाध्यक्ष के तीन निजी गनर भी घायल

हरियाणा के झज्जर जिले में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की अज्ञात हमलावरों ने रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी। हमले में राठी के तीन निजी बंदूकधारी भी घायल हो गए। पूर्व विधायक राठी एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में जा रहे थे। इसी दौरान झज्जर के बहादुरगढ़ शहर में कार सवार हमलावरों ने उन पर हमला किया।

इनेलो नेता अभय चौटाला ने को बताया कि राठी की झज्जर जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने सरकार पर राठी की जान को खतरा होने के बावजूद सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया और राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह घटना राज्य की कानून-व्यवस्था को दर्शाती है। आज राज्य में कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है।

दो दशक से फरार सिमी का सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के 47 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सिमी के सदस्य ने कई भोले-भाले युवाओं को गुमराह करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन की एक पत्रिका का संपादन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, हनीफ शेख पिछले 22 साल से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि उसे 22 फरवरी को महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पकड़ा गया, जहां वह अपनी पहचान बदलकर एक उर्दू स्कूल में शिक्षक था। वर्ष 2001 में राष्ट्रीय राजधानी के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाने में उसके खिलाफ राजद्रोह और यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

कस्टडी में रेप के 275 मामले हुए दर्ज, सर्वाधिक यूपी में

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआरबी ने वर्ष 2017 से 2022 तक के आंकड़े किए जारी, दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 तक हिरासत में बलात्कार के 270 से अधिक मामले दर्ज किए गए। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य और जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार,

2017 में 89 में मामले दर्ज किए गए थे, जो 2018 में घटकर 60, वर्ष 2019 में 47, वर्ष 2020 में 29, वर्ष 2021 में 26 और 2022 में 24 रह गए। इससे पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी आई है। हिरासत में बलात्कार के मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 के बाद से हिरासत में बलात्कार के दर्ज किए गए 275 मामलों में से, सबसे अधिक 92 मामले यूपी में दर्ज किए गए। इसके बाद 43 मामलों के साथ मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

'पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "हिरासत व्यवस्था दुर्व्यवहार के लिए ऐसे अवसर प्रदान करती है, जहां सरकारी कर्मचारी अक्सर अपनी शक्ति का इस्तेमाल यौन इच्छा पूरी करने के लिए करते हैं।"

पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं को उनके संरक्षण या उनकी कमजोर स्थिति, जैसे तस्करी या घरेलू हिंसा के कारण हिरासत में लिया गया और उनके साथ यौन हिंसा की गई, जो प्रशासनिक संरक्षण की आड़ में शक्ति के दुरुपयोग को दर्शाता है।"

यह लोग होते हैं अपराधी: एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य के अलावा जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी भी शामिल हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

खेल डायरी

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 27 रन से हराया

ऑकलैंड, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर 3 मैच की शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बारिश को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने 3 बार व्यवधान डाला और अंतत: 10.4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर 1 विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर 1 विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में 15 रन) की गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में 3 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स ने 24 गेंद में 5 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 40 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

हारिस राऊफ कंधे की चोट से पीएसएल से बाहर

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय कंधे में चोट लग गई थी और वह मैदान से बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा कि एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है जिसे ठीक होने में समय लगेगा इसलिए वह पीएसएल से बाहर हो गए हैं। यह गत चैंपियन लाहौर की टीम के लिए बड़ा झटका है जो लगातार चार मैच हार चुकी है।

थोनाकल ने एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर को हासिल करने से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले 35 वर्षीय गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42.195 किमी की दूरी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकेंड में पूरी की। वह दो घंटे 8 मिनट 10 सेकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे। 2017 में भी गोपी दो घंटे 13 मिनट 39 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। 2021 में खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दो घंटे 14 मिनट 41 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अक्षय सैनी ने दो घंटे 15 मिनट 27 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

तुर्की महिला कप: भारत ने हांगकांग को 2-0 से हराया

अलान्या (तुर्की), एजेंसी। भारत की सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम ने शनिवार को तुर्की महिला कप में हांगकांग को 2-0 से हराकर दक्षिण एशियाई सर्किट के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ाया। भारत ने पहले 5 बार एसएएफएफ कप और 3 बार एसएएफ गेम्स का स्वर्ण पदक जीता है, लेकिन कभी भी एक और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप हासिल नहीं कर सका, वह भी तब, जब दो यूरोपीय टीमें उनकी प्रतिद्वंद्वी थीं। टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ने एस्टोनिया को 4-3 से हराया था। गोल्ड सिटी कॉम्प्लेक्स में अंजू तमांग और सौम्या गुगुलोथ ने दो गोल करके भारत के लिए 3 अंक सुरक्षित किए। ब्लू टाइग्रेसेस के अब अपने दो मैचों में छह अंक हैं और 27 फरवरी को अंतिम राउंड-रॉबिन मुकाबले में कोसोवो से भिड़ेंगे, जिसे वस्तुत: फाइनल कहा जा सकता है। कोसोवो ने भी दो मैचों से छह अंक जुटाए हैं और प्रशंसकों को विजेता का फैसला करने के लिए भारत-कोसोवो मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा। भारत ग्रुप तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है, जो बेहतर गोल अंतर से आगे है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और हांगकांग पर बढ़त बना ली। इंदुमति काथिरेसन, अंजू तमांग और प्यारी ज़ाक्सा, सभी ने 5 मिनट में प्रतिद्वंद्वी गोल पर एक-एक सफलता हासिल की।

अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत

रांची, एजेंसी

भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के 9 विकेट से चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी को 145 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने 192 रन का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन पर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 152 रन की दरकार है। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए 8 ओवर में रोहित सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद पर 4 चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन (51 रन पर 5 विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर 4 विकेट) ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया जिससे जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, 7 चौके) की पारी के बावजूद इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह भारत अपनी पहली पारी में 307 रन पर सिमट गया और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेल टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर 1 विकेट) के साथ दूसरी पारी में नई गेंद से शुरुआत की। उन्होंने पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। अश्विन ने अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर के आउट न देने पर डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया। क्राउली ने इस बीच कुछ शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। पहली पारी में 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (4) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमाया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। इसी ओवर में कुलदीप ने ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया। बेन फोक्स (17) और शोएब बशीर (नाबाद 1) ने 12 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा लेकिन अश्विन ने फोक्स को अपनी ही गेंद पर लपककर 12 रन की इस साझेदारी को तोड़ दिया। अश्विन ने दो गेंद बाद जेम्स एंडरसन (0) को भी जुरेल के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की पारी का अंत किया और 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया। इससे पहले जुरेल ने जुझारू अर्धशतक बनाया। जुरेल ने दबाव का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुलदीप (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और आकाश दीप (9) के साथ नौवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद बशीर (119 रन पर 5 विकेट) और टॉम हार्टले (68 रन पर 3 विकेट) की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर को चौका और छक्का मारा। हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इससे पहले बशीर ने आकाश को पगबाधा करके अपने दूसरे टेस्ट में पहली बार 5 विकेट चटकाए।

सबसे ज्यादा विकेट लेकर अश्विन ने रचा इतिहास

भारत में विकेट **354**

अनिल कुंबले ने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे

रांची, एजेंसी। भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज आर. अश्विन ने सबसे अधिक विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अश्विन ने भारत में खेले अपने 59 टेस्ट मैच में 354 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत भूमि पर यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था जिन्होंने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे। अश्विन ने आज 35वीं बार टेस्ट मैच की 1 पारी में 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले के सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने की बराबरी की। विश्व क्रिकेट में अब अश्विन से ज्यादा एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधर के नाम है। हैडली ने 36 बार, शेन वॉर्न ने 37 बार और मुथैया मुरलीधरन ने 67 बार 1 पारी में 5 विकेट लिए थे। अनिल कुम्बले ने अपने 132 टेस्ट मैच में 619 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 99 टेस्ट मैच में 507 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा क्रिकेट टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा और यह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच होगा।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी-353) दूसरी पारी 145/10 (53.5 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली बो कुलदीप	60	91	7/0
बेन डकेट का सरफराज बो अश्विन	15	15	2/0
ओली पोप पगबाधा बो अश्विन	00	01	0/0
जो रूट पगबाधा बो अश्विन	11	34	0/0
जॉनी बेयरस्टो का पाटीदार बो जडेजा	30	42	3/0
बेन स्टोक्स बो कुलदीप	04	13	0/0
बेन फोक्स का एवं बो अश्विन	17	76	0/0
टॉम हार्टले का सरफराज बो कुलदीप	07	25	0/1
ओली रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप	00	03	0/0
शोएब बशीर नाबाद	01	20	0/0
जेम्स एंडरसन का जुरेल बो अश्विन	00	03	0/0

अतिरिक्त: 00, **विकेट पतन:** 1-19, 2-19, 3-65, 4-110, 5-120, 6-120, 7-133, 8-133, 9-145, 10-145, **गेंदबाजी:** अश्विन 15.5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4

भारत (पहली पारी) 307/10 (103.2 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो बशीर	73	117	8/1
रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन	02	09	0/0
शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर	38	65	6/0
रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर	17	42	4/0
रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर	12	12	0/2
सरफराज खान का रूट बो हार्टले	14	53	1/0
ध्रुव जुरेल बो हार्टले	90	149	6/4
रविचंद्रन अश्विन पगबधा बो हार्टले	01	13	0/0
कुलदीप यादव बो एंडरसन	28	131	2/0
आकाश दीप पगबाधा बो बशी	09	29	0/1
मोहम्मद सिराज नाबाद	00	06	0/0

अतिरिक्त: 23, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, 8-253, 9-293, 10-307, **गेंदबाजी:** एंडरसन 18-4-48-2, रॉबिन्सन 13-0-54-0, बशीर 44-8-119-5, हार्टले 27.2-6-68-3, रूट 1-0-1-0

भारत (दूसरी पारी) 40/0 (8 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल खेल रहे	16	21	1/0
रोहित शर्मा का खेल रहे	24	27	4/0

अतिरिक्त: 0, **विकेट पतन:** 00, **गेंदबाजी:** बशीर 1-0-1-0, हार्टले 3-0-22-0, रूट 4-0-17-0

रोज 140 ओवर बल्लेबाजी कर टेस्ट के लिए तैयार हुए जुरेल

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला में प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोजाना नेट सत्र में 4 घंटे स्पिन का सामना करने के अलावा सैकड़ों थ्रोडाउन और 14 अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलकर टेस्ट के लिए खुद को तैयार किया। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने रविवार को चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 रन की पारी खेली। आगरा के जुरेल ने 18 महीने कड़ी मेहनत करके खुद को तैयार किया और 'महेंद्र सिंह धोनी जैसी खेल की समझ' के लिए सुनील गावस्कर भी उनकी सराहना कर चुके हैं।

मुंबई के पूर्व बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने बात की जिसका जुरेल ने टेस्ट शृंखला की शुरुआत से पहले तलेगांव में रॉयल्स की हाई परफॉर्मेंस अकादमी (एचपीसी) में ट्रेनिंग के दौरान पालन किया। यशस्वी को भी तैयार कर चुके भरूचा ने कहा कि हम प्रारूप (टी-20, एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय या टेस्ट) पर ध्यान दिए बिना 18 महीनों से तैयारी कर रहे हैं और ध्यान सिर्फ इस पर रहा कि कैसे और कहां रन बनाए जाएं। 1990 के दशक में मुंबई की टीम के लिए रवि शास्त्री, सचिन तेंदुलकर, संजय मांजरेकर और विनोद कांबली के साथ खेलने वाले भरूचा ने बताया कि (पदार्पण) टेस्ट मैच से ठीक पहले वह तलेगांव में राजस्थान रॉयल्स एचपीसी आए और एक दिन में 140 ओवर तक बल्लेबाजी की। स्पिन की अनुकूल सतहों पर 4 घंटे से अधिक समय लगा। यह अभ्यास सत्र जायसवाल के सत्र से मेल खाता था। टेस्ट में 1 दिन में 90 ओवर होते हैं, यानी 540 गेंदें और अतिरिक्त गेंद, लेकिन 140 ओवर में 1 दिन में 840 गेंदें होती हैं। भरूचा ने कहा कि सभी (गेंदबाज और थ्रोडाउन) साथ खड़े होते हैं और गेंद फेंकते हैं। यह फ्लिक के लिए एक थ्रो, फिर कट, पुल, स्ट्रेट ड्राइव के क्रम में होता है। हम कई सतह (स्पिन की अनुकूल, घास वाली, उछाल वाली, गीले सीमेंट वाली) पर कई प्रकार की गेंदों (रबर, टेनिस, क्रिकेट) और कई प्रकार के बल्लों (भारी/हल्के/पतले आदि) के साथ इसे करते हैं। इसके भीतर हमारे पास एक समूह है जो इसे हाथ से करता है और दूसरा समूह इसे वेंजर (थ्रोडाउन उपकरण रोबोआर्म) के साथ करता है।

प्रदेश के दिव्यम और अर्श भारतीय टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के समन्वय से बैडमिंटन अकादमी में शनिवार को भारतीय बैडमिंटन टीम का कैंप संपन्न हुआ।

रविवार को जूनियर टीम डच जूनियर इंटरनेशनल और जर्मन ओपन के लिए रवाना होगी। डच ओपन हार्निल (नीदरलैंड) में 28 फरवरी से 3 मार्च तक होगा। जर्मन ओपन 6 से 10 मार्च तक बर्लिन (जर्मनी) में होगा। चयनित जूनियर भारतीय टीम में यूपी के दिव्यम अरोड़ा और अर्श मोहम्मद बतौर युगल जोड़ी चयनित किए गए हैं। ये दोनों अंडर-19 टीम से डच और जर्मन ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

घोषित की गई भारतीय बैडमिंटन टीम।

बालक अंडर-19 टीम: ध्रुव नेगी (उत्तराखंड), गगन (हरियाणा), रौनक चौहान (छत्तीसगढ़), गिनीपॉल एस (दिल्ली)। **बालिका अंडर-19 टीम:** सूर्या तामिरी, नव्या (आन्ध्र प्रदेश), तन्वी रेड्डी (तेलंगाना), तन्वी पात्री (ओडिसा)। **बालक अंडर-19 युगल टीम:** भागर्व राम, विश्वतेज (आन्ध्र प्रदेश), दिव्यम अरोड़ा, अर्श मोहम्मद (यूपी)। **बालिका अंडर-19 युगल टीम:** श्रीनिधि एन (तमिलनाडु), मान्या (पंजाब), प्रगति, वंशिका टोप्पो (ओडिसा)। **मिश्रित युगल टीम:** दिव्यम अरोड़ा, वेन्नाला एके (तेलंगाना), भव्या छाबड़ा (दिल्ली), मान्या (पंजाब)।

बॉलीवुड हलचल

'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज



मुंबई, एजेंसी। नैचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है। मल्टिलिंगग्वल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।

सिद्धार्थ की 'योद्धा' का गाना जिंदगी तेरे नाम जारी



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। जिंदगी तेरे नाम गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने लिखी है। 'ज़िंदगी तेरे नाम' गाना को लेकर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बहुत खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छू जाएगा। राशि खन्ना ने कहा कि ज़िंदगी तेरे नाम सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा यह गाना "योद्धा" में प्यार की कहानी बयान करता है।

करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' के टीजर में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन एयर होस्टेस बनकर फुल ऑन ड्रामा करती नजर आ रही हैं। फिल्म के टीजर की शुरुआत 'कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है' जैसे डायलॉग से होती है। टीजर में दिखाया गया है कि तब्बू, कृति सैनन और करीना कपूर अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से बेहद परेशान हो चुकी हैं और इससे पीछा छुड़ाने के लिए कुछ भी करने लग जाती हैं। 'क्रू' के टीजर को कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है। टीजर में कपिल शर्मा भी दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

गोल्डी और निकिता का 'देवरा के रंग' जारी

मुंबई। गायिका गोल्डी यादव और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का होली सांग 'देवरा के रंग' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता, डिजाइनर बादशाह खान हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

विज्ञापनों से शाहिद ने की थी शुरुआत

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर आज 43 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1981 को दिल्ली में जन्में शाहिद कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर जाने-माने अभिनेता है। शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत विज्ञापनों से की। बतौर अभिनेता शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क से की। फिल्म को औसत सफलता मिली। इस फिल्म के लिए शाहिद फिल्म फेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इश्क विश्क के बाद शाहिद ने फिदा, दिल मांगे मोर, दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, 36 चाइना टाउन, चुप चुप के जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन सभी फिल्में टिकट खिड़की पर ढेर हो गई। 2006 में शाहिद को सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह में काम का अवसर मिला। शाहिद ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ शाहिद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट शाहिद के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

सेना में काम करना चाहते थे डैनी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता डैनी 76 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1948 को जन्में डैनी बचपन के दिनों में सेना में काम करना चाहते थे। डैनी ने पश्चिम बंगाल से सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता और गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड में भाग भी लिया। बाद में देश के प्रतिष्ठित आर्म फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में उनका चयन भी हो गया लेकिन उन दिनों उनका मन चिकित्सक बनने की बजाय किसी अभिनेता बनने की ओर हो गया और उन्होने पुणे फिल्म इंस्टीच्यूट में अभिनय के प्रशिक्षण के लिये दाखिला ले लिया। अभिनय का प्रशिक्षण लेने के बाद डैनी ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत नेपाली फिल्म सलिनो से की जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इस बीच उन्होंने नेपाली फिल्मों के लिए पाश्वगायन भी किया। सत्तर के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए डैनी मुंबई आ गए। अपने वजूद को तलाशते वह लगभग तीन वर्ष तक संघर्ष करते रहे। इस बीच उन्होंने रॉखी और हथकड़ी, मिलाप, जरूरत, नया नशा, नई दुनिया नए लोग, चालाक और खून-खून जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों में काम किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

महाराष्ट्र राज्य परिवहन बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को राज्य परिवहन की एक बस में आग लगने से उसमें यात्रा कर रहे लगभग 45 यात्री बाल-बाल बच गए। यह घटना सुबह के 8 :18 मिनट की है। यह घटना तब घटी जब बस 40-45 यात्रियों को लेकर पड़ोसी रायगढ़ जिले के खोपट बस डिपो से पाली की तरफ जा रही थी। बस में अचानक से आग लग गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस ने आपदा प्रबंधन सेल को इसकी सूचना दी। स्थानीय दमकल और आपदा प्रबंधन सेल के कर्मचारियों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। आग लगने का कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



आगरा। विश्व की धरोहर ताजमहल की साए में सालों पुरानी पुष्प प्रदर्शनी को अध्यात्म से सजाया गया है। इस बार प्रदर्शनी ताजमहल के पार्श्व में लगाई गई है। पर्यटक प्रदर्शनी में फूलों से बनाई हनुमान, सीता, जटायु और जामवंत की आकृति के साथ-साथ ताजमहल का भी दीदार कर सकेंगे।

प्रख्यात फिल्मकार कुमार साहनी का बंगाल के अस्पताल में निधन

मुंबई। भारतीय सिनेमा के प्रख्यात फिल्म निर्माता कुमार साहनी का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

उन्होंने माया दर्पण, चार अध्याय और कस्बा जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। साहनी की करीबी दोस्त और अभिनेत्री मीता वशिष्ठ ने बताया कि निर्देशक का शनिवार रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। कुमार के साथ काम कर चुकीं वशिष्ठ ने कहा, बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। अभिनेत्री ने कहा साहनी के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं।

इजराइल-हमास युद्धविराम के प्रयास में जुटे अमेरिका-अरब देश

वाशिंगटन। करीब पांच महीने से जारी गाजा युद्ध में दूसरी बार युद्धविराम की स्थितियां बन रही हैं। यह युद्धविराम भी सीमित समय के लिए होगा और इसका मुख्य उद्देश्य गाजा में बंधक बने करीब 130 इजराइली नागरिकों को मुक्त कराना होगा। इन हमलों के बीच इजराइली सेना ने विस्थापितों के बीच बचकर भाग रहे कई हमास लड़ाकों को पकड़ा है। अमेरिका और अरब देश में युद्धविराम का प्रयास कर रहे हैं। पेरिस में हुई बैठक से युद्ध समाधान होने की संभावना है।

पाकिस्तान के पंजाब में सीएम का चुनाव आज, मरियम नवाज पर टिकी निगाहें

नवाज शरीफ की पार्टी के पास पंजाब विधानसभा में है दो-तिहाई बहुमत

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। आज मुख्यमंत्री के रूप में निर्वाचित होने जा रही हैं। शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पंजाब विधानसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों पद हासिल कर लिए हैं।

पंजाब विधानसभा के सचिव आमेर हबीब ने कहा, 'पंजाब के मुख्यमंत्री का चुनाव सोमवार को होगा। उम्मीदवार रविवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

चूंकि, पाकिस्तान के इतिहास में पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम का पहली महिला मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है क्योंकि उनकी पार्टी के पास अब पंजाब विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत है। इसलिए पद को अपने नाम करने में कोई समस्या नहीं आएगी। बता दें, मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव पीएमएल-एन की मरियम नवाज और पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार राणा आफताब अहमद के बीच होगा। पंजाब विधानसभा के मैराथन सत्र में शनिवार को विधायकों ने गुप्त मतदान के जरिए पीएमएल-एन नेता मलिक अहमद खान को सदन का संरक्षक और जहीर इकबाल चन्नार को उपमुख्यमंत्री चुना। मलिक अहमद खान शरीफ के वफादार हैं, जिन्होंने पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार मलिक अहमद खान बछार को हराया था।

खैबर पख्तूनख्वा में लगातार तीसरी बार बनेगी पीटीआई सरकार



पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) में सरकार बनाने की तैयारी में है। इसके लिए 28 फरवरी को विधानसभा सत्र बुलाया गया है। राज्यपाल कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के राज्यपाल हाजी गुलाम अली ने प्रांत के मुख्यमंत्री के चुनाव के लिए 28 फरवरी को प्रांतीय विधानसभा का सत्र बुलाया है। केपीके विधानसभा में आरक्षित सीटों पर निर्वाचित 10 महिलाओं और चार अल्पसंख्यकों सहित कुल 145 सदस्य हैं।

9 मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव, आसिफ अली जरदारी रेस में आगे

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इन आरोपों से बेखबर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव कराने की तैयारी कर ली है। चुनाव आयोग ने 9 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव कराने का एलान कर दिया है। पाकिस्तान के उच्च सदन सीनेट से आधे सदस्य अपना छह साल का कार्यकाल पूरा कर जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में सीनेटर्स के रिटायरमेंट से दो दिन पहले 9 मार्च को राष्ट्रपति पद का चुनाव कराया जाएगा। पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनने की रेस में पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी सबसे आगे हैं। पीपीपी के एक नेता ने बताया कि मौजूदा सीनेटर्स राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व में छह पार्टियां आसिफ अली जरदारी को समर्थन दे रहे हैं।

कुलगाम में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड चार गिरफ्तार

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी चार आतंकियों को गिरफ्तार कर पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

जम्मू -कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया है कि, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) यूए (पी) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले पर कार्रवाई करते हुए, 1 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और 18 बीएन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ कुलगाम में चार आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार कर, उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है।

आतंकवादी सहयोगियों की पहचान जहूर अहमद पंडित, बसीर हुसैन पंडित, इम्तियाज गुल और गुलजार अहमद खार के रूप में की गई है। सभी वानपोरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, 20 पिस्तौल राउंड, चार यूबीजी और 24 इंसास राउंड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कहा- मामले की जांच जारी है।

हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर अमेरिका-ब्रिटेन का हमला

रविवार को यमन में अमेरिका-ब्रिटेन के हवाई हमले के बाद ठिकानों से उठता धुआं।

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका और ब्रिटिश सेना द्वारा हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने ये कार्रवाई लाल लागर और अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमले के जवाब में की है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने शनिवार को यमन में एक दर्जन से अधिक हूती ठिकानों को तबाह किया है। अमेरिका ने यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि ये सैन्य कार्रवाई यमन में आठ स्थानों पर की गई है, जिसमें हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों को तबाह किया गया है।

इनमें भूमिगत हथियार और मिसाइल भंडारण सुविधाएं, वायु रक्षा प्रणाली, रडार और एक हेलीकॉप्टर शामिल थे। बता दें कि अमेरिका और ब्रिटिश सेना की इस कार्रवाई को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड का समर्थन मिला है। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित समाचार एजेंसी अल मसीरा टीवी ने शनिवार को कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने राजधानी सना में सिलसिलेवार हमले किए हैं।

मुझे मारना चाहते हैं फडणवीस मनोज जरांगे ने लगाया आरोप

मुंबई, एजेंसी

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय के लिए आरक्षण के लिए चल रहे उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा- आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश की जा रही है। मनोज जरांगे ने रविवार को एलान किया कि वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सराटी में जरांगे ने करीब एक घंटे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने फडणवीस के खिलाफ कई आरोप लगाए। जरांगे ने कहा, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए लालच दिया जा रहा है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। वह मुझे मारना चाहते हैं। मैं फडणवीस के आवास तक मार्च करने के लिए तैयार हूं।

मुख्यमंत्री शिंदे का पलटवार धैर्य की परीक्षा ना लें जरांगे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि मराठा आरक्षण आंदोलन के कार्यकर्ता मनोज जरांगे को उनकी सरकार के धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। शिंदे की ओर से यह टिप्पणी तब आई है, जब जरांगे ने उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा।

यूएई में नई भर्ती नीति से भारतीयों की नौकरी में कटौती की आशंका

दुबई, एजेंसी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौकरियों में नई नीति लागू करने से भारतीयों की नौकरियों पर व्यापक असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई है। नई नीति के तहत प्रत्येक कंपनी को 20 फीसदी कर्मचारी विविध नागरिकता के रखने होंगे।

यूएई सरकार ने इसे कार्यबल में अधिक विविधता का नाम दिया है। यूएई की सरकार का कहना है कि इससे कार्यक्षेत्र में अलग-अलग देशों के लोगों की भागीदारी में वृद्धि होगी। संयुक्त अरब अमीरात में आम चलन है कि अभी जिस भी नागरिकता के कंपनी मालिक होते हैं उनका प्रयास होता है कि वे अपने देश के नागरिकों ही नौकरी पर रखें। कई भारतीय अथवा यूं कहें कि किसी भी अन्य नागरिकता के मालिक की कोशिश होती है कि अपने ही देश के लोगों को ही रखते हैं। नए नियम से भारतीय उद्यमियों को भी 20% जॉब्स अन्य देशों के लोगों को देने होंगे। यूएई में वर्तमान में 39 लाख भारतीयों में से 35 लाख वर्कफोर्स में हैं।

बंगाल : लोस चुनाव से पहले तैनात होंगी केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां

कोलकाता, एजेंसी

बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति और पूर्व में चुनावी हिंसा के इतिहास को देखते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक अभूतपूर्व फैसले में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही राज्य में केंद्रीय बलों को भेजने का फैसला किया है।

केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा से पहले मार्च के पहले सप्ताह में ही केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां बंगाल पहुंच जाएगी। इनमें 100 कंपनी एक मार्च को जबकि बाकी 50 कंपनी सात मार्च को पहुंचेगी। चुनाव की तैयारियों के संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ तीन मार्च को बंगाल के दौरे पर आने वाली है, जो पांच मार्च तक यहां रहेगी। उससे पहले ही केंद्रीय बलों को भेजने का निर्णय लिया गया है। 10 मार्च के बाद देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का

अनुमान है। आयोग के अनुसार, शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने और मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए चुनाव से काफी पहले से ही राज्य के संवेदनशील हिस्सों में केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

बंगाल के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है जब चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों की तैनाती होने जा रही है। राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा ने आयोग के इस फैसले का स्वागत किया है।

हिमाचल के कुल्लू में ट्रेकिंग पर गए पर्यटक की गई जान

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में ट्रेकिंग के दौरान एक पर्यटक की मौत हो गई है। यह हादसा शनिवार को पेश आया। रात को जब अन्य दोस्तों ने देखा तो एक व्यक्ति अचेत अवस्था में अपने टेंट में पड़ा हुआ था। साथ के दोस्तों ने उसे अस्पताल में भर्ती किया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

शव की पहचान 71 वर्षीय किशोर यशवंत ताम्हणे पुत्र यशवंत महादेव ताम्हणे ठाणे महाराष्ट्र के रूप में हुई है। जिला के पतलीकूहल के अंतर्गत शनिवार देर रात घनकुल्हाडी कैम्प जो रूमसू से चार किलोमीटर ऊपर है। ट्रेकिंग के लिए महाराष्ट्र के पांच पर्यटक ट्रेकिंग पर गए थे। इस दौरान रात को पर्यटक टैंट में ठहरे थे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के उपरांत शव को स्वजन के हवाले किया जाएगा।

महिलाओं के स्थायी कमीशन मामले में सुनवाई आज

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की महिला अधिकारी प्रियंका त्यागी की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई है।

हालांकि, पहले की सुनवाई में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने से इन्कार करने के लिए केंद्र और भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि आईसीजी में महिलाओं के उत्थान के लिए ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के लिए ईमानदारी से काम करें। कोर्ट ने केंद्र से कहा- सेना और नौसेना महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दे रही है, तो तटरक्षक बल को अछूता नहीं रखा जा सकता।

किसानों का हंगामा...

पेरिस : फ्रांस में किसान आंदोलन तेज होता जा रहा है। किसान लालफीताशाही, खाद्य पदार्थों के आयात और यूरोपीय संघ की पर्यावरण नीतियों का विरोध कर रहे हैं। इस क्रम में कृषि मेले के अंदर किसानों ने हंगामा किया। उनका पुलिस से भी सामना हुआ। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों के खिलाफ नारेबाजी कर इस्तीफे की मांग की। कई किसानों को गिरफ्तार भी किया गया है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के घर के बाहर दीवार बनाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि वह भ्रष्ट नेताओं का रास्ता ही बंद कर देंगे। ● एजेंसी

मणिपुर में छापेमारी के दौरान हथियार-विस्फोटक बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

- **एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत से तीन लोगों को किया गिरफ्तार**

मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर जिले के दो गांवों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने हाओलेनजांग गांव के बाहरी इलाके में चार आग्नेयास्त्र, एक मोर्टार और गोला-बारूद जब्त किया। एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से 120 रुपये के नकली नोट भी मिले।

वहीं एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत जंक्शन से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो एसएलआर राइफलें भी जब्त की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। असम के कर्बी आंगलोंग जिले में तीन लोगों को भारी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया, जिसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी पुलिस को उस स्थान पर ले गए, जहां उन्होंने हथियार छिपाकर रखा था। हथियार प्लास्टिक के पैकेट में लपेटकर रखा हुआ था। हथियार में एके श्रृंखला वाली राइफल्स और मैगजीन्स भी शामिल थी।

आज केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। मानहानि मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

2018 में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी की ओर से जारी एक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में जारी समन को हाईकोर्ट के आदेश में बरकरार रखा गया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ इस मामले पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है। पांच फरवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि कथित अपमानजनक सामग्री को दोबारा पोस्ट करने पर मानहानि का कानून लागू होगा।

भारत-जापान सैन्य अभ्यास शुरू दो सप्ताह तक दिखाएंगे ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और जापान ने रविवार को राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह अभ्यास आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और बारी-बारी से भारत व जापान में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया

कि जापानी दल का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट के जवान कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है।

भारतीय सेना ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग और संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों की क्षमताओं को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस दौरान अस्थायी ऑपरेटिंग बेस को तैयार करना, एक खुफिया-निगरानी और टोही ग्रिड बनाना जैसे अभ्यास किए जाएंगे।

प्राइमरी चुनाव में ट्रंप की बड़ी जीत, निक्की को दी शिकस्त

वाशिंगटन, एजेंसी

- **साउथ कैरोलाइना जीत के बाद राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़े ट्रंप**

अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी सफलता मिली है। डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलिना में हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निक्की हेली को उनके गृह राज्य में मात दी है।

मीडिया के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही ट्रंप राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप से साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद निक्की हेली ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही यह साफ कर दिया है कि कैरोलिना में चाहे कुछ भी हो जाए, मैं राष्ट्रपति पद की रेस को आगे भी जारी रखूंगी। मैं अपने शब्दों

पर कायम रहने वाली महिला हूं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की जीत से निक्की हेली पर दबाव बढ़ेगा, जो 2011 से 2017 तक साउथ कैरोलिना की पूर्व गर्वनर थीं। हालांकि, उन्होंने साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद 5 मार्च को होने वाले 'सुपर मंगलवार' के जरिये राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने का संकल्प लिया है। निक्की हेली ने हाल के दिनों में कहा था कि वह 5 मार्च को होने वाले रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव के लिए सीधे मिशिगन जाएंगी।

राष्ट्रपति बाइडन ने शी जिनपिंग को बताया रूस का राष्ट्रपति

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनकी कमजोर याददाश्त और बढ़ती उम्र के चलते कई बार आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है।

- **अमेरिकी राष्ट्रपति की याददाश्त पर फिर उठे गंभीर सवाल**

अब एक बार फिर जो बाइडन गलती कर गए हैं। दरअसल एक कार्यक्रम में बोलते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को जो बाइडन ने रूस का राष्ट्रपति बता दिया। बाइडन ने तुरंत ही उन्होंने खुद को सही किया और जिनपिंग को चीन का राष्ट्रपति बताया। बाइडन ने पुराना किस्सा बताते हुए कहा कि 'वह (बराक ओबामा) चाहते थे कि मैं शी जिनपिंग के बारे में जानकारी हासिल करूं क्योंकि ये साफ था कि वे (जिनपिंग) रूस के राष्ट्रपति बनने जा रहे थे, नहीं चीन के।

आयोजन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में एक हजार से ज्यादा वीआईपी मेहमानों को न्योता

शाही जश्न...अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत, और एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका जुलाई को मुंबई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन होगा।

रिलायंस टाउनशिप में जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। देश-दुनिया की दिग्गज हस्तियां इस सेलिब्रेशन में शामिल होंगी। सूत्रों के मुताबिक एक हजार मेहमानों को निमंत्रण भेजा गया है। शादी से पहले होने वाले समारोहों में बड़े उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों से लेकर क्रिकेटरों को शामिल होने का न्योता दिया गया है। 1 मार्च को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुंबई और दिल्ली से विशेष चार्टर्ड विमान

उपलब्ध रहेंगे, जो मेहमानों को जामनगर लेकर पहुंचेंगे। उन्हें 3 घंटे के भीतर लॉन्ड्री सेवा मिल जाएगी। हर मेहमान के लिए अलग हेयर अ स्टाइलिस्ट, साड़ी ड्रेपर और मेकअप सर्विस उपलब्ध रहेगी। मेहमानों को मनपसंद खाने के ने साथ मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। **तीनों दिन की अलग थीम, वैसा ही ड्रेस कोडः** पहले दिन की थीम 'इवनिंग इन एवरलैंड' रखी गई है, इसके लिए ड्रेस कोर्ड 'एलिगेंट कॉकटेल रहेगा।

अगले दिन की थीम 'ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' है, इसमें ड्रेस कोड थीम जंगल फीवर रखा है। इसमें मेहमानों को सिंपल ड्रेस और आरामदेह फुटवियर पहनने का आग्रह किया जाएगा। इसके बाद मेला रूज इवेंट होगा। इसमें चमकदार भारतीय ड्रेसेस अहम रहेंगी। तीसरे दिन की थीम टस्कर टेल्स रखी गई है। इसमें ड्रेस कोड कैजुअल ठाठ रखा गया है। इस इवेंट में जामनगर की संस्कृति से प्रेरित पारंपरिक ड्रेसेस पर फोकस रहेगा। समापन इवेंट का शीर्षक हस्ताक्षर है। इसमें ड्रेस कोड हेरिटेज वियर रहेगा।



इवांका ट्रंप, जुकरबर्ग और बिल गेट्स भी होंगे शामिल

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, वॉल्ट डिज्नी के सीईओ बॉब इगर, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, एडनोक के सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर शामिल होंगे। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों गौतम अडाणी, टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, गोदरेज परिवार, इन्फोसिस के प्रमुख नंदन नीलेकणि, आरपीएसजी समूह के प्रमुख संजीव गोयनका, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, बैंकर उदय कोटक को भी आमंत्रित किया गया है।

बाहुबली की टीम सेट तैयार कर रही

प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए दो महीने से भव्य मुंब सेट का निर्माण चल रहा है। बाहुबली फिल्म ने में सेट डिजाइनर्स इसे तैयार कर रहे हैं। सेट बेट की डिजाइन शीश महल जैसी रखी गई है। इसके अलावा गुजरात की महिलाएं शादी के लिए बांधनी स्कार्फ तैयार कर रही हैं। रिलायंस फाउंडेशन ने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया, चेयरपर्सन नीता अंबानी भी इन महिलाओं के साथ नजर आ रहीं हैं।